रांची एक्सप्रेस
61
साल से लगातार...
। जनपथ पत्रकारिता ।
देसी अंदाज
नया मिजाज

1963 से लगातार आपकी सेवा में

# रांची एक्सप्रेस

epaper.ranchiexpress.com | वर्ष-61 | अंक-248 रांची | मंगलवार 30 अप्रैल 2024, संवत् 2081 | पृष्ठ -12 | मूल्य 4 रु.

# लोकसभा चुनाव के छठे चरण के मतदान के लिए अधिसूचना जारी

**रांची सीट के चुनाव के लिए छह मई तक नामांकन, सात मई को स्क्रूटनी**

**रांची ।** लोकसभा चुनाव के छठे चरण के मतदान के लिए अधिसूचना जारी हो गयी। इसकी जानकारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में दी।

सिन्हा ने बताया कि छठे चरण के लिए अधिसूचना जारी होते ही नामजदगी के पर्चे दाखिल किये जा सकेंगे। अभ्यर्थी छह मई तक नामांकन दाखिल कर सकेंगे। अगले दिन सात मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। इसके दो दिन बाद यानी नौ मई तक अभ्यर्थी अपने नामांकन वापस ले सकेंगे। इसके साथ ही चुनावी मैदान में डटे उम्मीदवारों की फाइनल सूची जारी कर दी जाएगी। 25 मई को मतदान होगा और चार जून कप पंडरा बाजार समिति प्रांगण में मतगणना होगी।

उपायुक्त ने बताया कि अभ्यर्थी समाहरणालय ब्लॉक-ए के कमरा संख्या 312 से नामांकन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। सुबह 10:00 बजे से शाम पांच बजे तक नामांकन पत्र प्राप्त किया जा सकेगा। समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित कमरा संख्या 202 को निर्वाची पदाधिकारी का कक्ष बनाया गया है। जहां नामांकन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष अधिसूचित स्थल पर सुबह 11:00 बजे से दोपहर तीन तक प्रस्तुत किए जा सकेंगे।




उन्होंने बताया कि रांची जिला में मतदाताओं की जानकारी देते हुए बताया कि 26 अप्रैल तक रांची में कुल मतदाता 24 लाख 88 हजार 715 हैं, जिनमें 12 लाख 55 हजार 479 पुरुष जबकि 12 लाख 33 हजार 168 महिला मतदाता है। थर्ड जेंडर वोटर्स की संख्या 68 है। सिन्हा ने एक बार फिर से रांची वासियों से वोट अपील की। उन्होंने कहा कि इलेक्शन मशीनरी द्वारा लोकतंत्र के पर्व में मतदान के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की गयी हैं, लोकतंत्र को मजबूत बनाने और देश गढ़ने में 25 मई को अपने बूथ में जाकर अवश्यक मतदान करें। उन्होंने बताया कि रांची संसदीय क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के बाद 29 अप्रैल तक कुल 1754.54 लाख मूल्य के प्रतिबंधित वस्तुओं एवं नकद की जब्ती की गयी है। 16 मार्च 2024 से 29 अप्रैल 2024 तक आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के 06, जिला बदर से संबंधित 44 एवं निरुद्धादेश से संबंधित 02 मामले दर्ज किये गये। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया गया कि जिला में 2161 लाइसेंसधारियों से शस्त्र जमा करा लिया गया है, 12 लाइसेंस कैंसिल किये गये हैं, 278 लाइसेंस धारियों को शस्त्र जमा करने से छूट दी गयी है, जबकि चार इंपाउंडेड हैं।

## लंदन के मेयर चुनाव में दिल्ली के बिजनेसमैन भी कूदे

- पाकिस्तान मूल के नेता सादिक खान से होगा कड़ा मुकाबला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ब्रिटेन की राजधानी लंदन में मेयर पद के लिए दिल्ली मूल के बिजनेसमैन भी रेस में हैं। आगामी 2 मई को ब्रिटिश नगरी में वोट डाले जाएंगे। मेयर पद के लिए दौड़ में शामिल भारतीय मूल के उम्मीदवार तरुण गुलाटी का कहना है कि लंदन के नागरिकों को सभी दलों ने निराश किया है। इसलिए वो लंदन की जिम्मेदारी लेना चाहते हैं ताकि शहर को एक अनुभवी



सीईओ की तरह संभाल सकें। बता दें कि तरुण गुलाटी का मुकाबला लेबर पार्टी के नेता और पाकिस्तानी मूल के सादिक खान से है। लंदन के मौजूदा मेयर सादिक खान पहले मुस्लिम मेयर ही नहीं बल्कि यूरोपियन यूनियन की किसी भी राजधानी के पहले मुस्लिम मेयर हैं। उन्होंने 2016 में अपने प्रतिद्वंद्वी और कंजर्वेटिव पार्टी के उम्मीदवार जैक गोल्डस्मिथ को हराया था।

## समंदर में साबित की बादशाहत देवदूत बनी भारतीय नौसेना

- हूती विद्रोहियों के चंगुल से छुड़ा लाए ऑइल के टैंकर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लाल सागर में इस समय हूती विद्रोहियों का आतंक है। अकसर ईरान समर्थित हूती तेल के टैंकरों पर हमला कर देते हैं और पोतों को हाइजैक करने की भी कोशिश करते हैं। हालांकि भारतीय नौसेना हूती विद्रोही हों या फिर समुद्री लुटेरे, दोनों के लिए काल बनी हुई है। भारत की तरफ बढ़ रहे ऑइल टैंकर शिप पर जब हूती विद्रोहियों ने मिसाइल से हमला किया तो तुरंत भारतीय नौसेना ऐक्टिल हो गई और शिप को सुरक्षित निकाल लिया। भारतीय नौसेना के आईएनएस कोच्चि ने 30 क्रू मेंबर्स को भी सुरक्षित बचा लिया जिसमें से 22 भारतीय थे। जानकारी के मुताबिक सभी क्रू के सदस्य पूरी तरह सुरक्षित हैं। बता दें कि मुसीबत में फंसे ऑइल टैंकर पर पनामा का ध्वज लगा हुआ था। अधिकारियों ने बताया कि भारतीय नौसेना के विध्वंसक पोत आईएनएस कोच्चि ने 26 अप्रैल को एमवी एंड्रोमेडा स्टार नामक टैंकर पर हमले के बाद कार्रवाई करके त्वरित सहायता की और चालक दल के सभी सदस्य सुरक्षित हैं।

## कल्पना सोरेन ने नामांकन पत्र दाखिल किया

**गिरिडीह ।** गांडेय विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव के लिए पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन के सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके बाद समाहरणालय के समीप पपराटांड़ खेल मैदान में जनसभा को संबोधित किया।

मुख्यमंत्री से पहले कल्पना सोरेन ने जनसभा को सम्बोधित करते हुए पति हेमंत सोरेन और ससुर शिबू सोरेन के नामों का जिक्र करते हुए कहा कि वो भाग्यशाली हैं कि झारखंड के एक आंदोलनकारी नेता की बहू हैं। क्योंकि, गिरिडीह की धरती से शिबू सोरेन ने जो आंदोलन किया था, वो हर एक झारखंडी की अस्मिता और वजूद से जुड़ा था। जनसभा में उमड़ी भीड़ ने इस दौरान जमकर नारे भी लगाये। कल्पना सोरेन ने समर्थकों के जोश और उत्साह को बढ़ाये रखा और मंच से जमकर हेमंत सोरेन के समर्थन में नारे लगाये।



कल्पना ने कहा कि हेमंत सोरेन राज्य के युवा नेता हैं और भाजपा ने उन्हें जेल भेज दिया। ये राज्य के युवा कभी भूल नहीं सकते। उन्होंने कहा कि वो पिछले कई दिनों से गांडेय का भ्रमण कर चुकी हैं और उन्हें सबसे अधिक परेशानी तब होती है जब वो इलाके में पानी के लिए लोगों को परेशान होते देखती हैं। इसलिए यदि वो उप चुनाव जीतीं, तो सबसे पहले पीने के पानी के साथ सिंचाई के लिए पानी की व्यस्था कराने का प्रयास करेंगी। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मिथलेश ठाकुर, बादल पत्रलेख, हफीजुल हसन, आलमगीर आलम, सांसद सरफराज अहमद, मंत्री बसंत सोरेन, विधायक इरफान अंसारी, सदर विधायक सुद्विया कुमार सोनू, पूर्व सांसद महुआ माजी, जेएमएम के सुप्रियो भट्टाचार्य, गिरिडीह जेएमएम, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के नेता कृष्ण मुरारी शर्मा, जेएमएम के संजय सिंह, अजीत कुमार पप्पू, शाहनवाज अंसारी, जमुआ कांग्रेस की प्रभारी डॉक्टर मंजू कुमारी समेत इंडी गठबंधन के कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आज जारी होगा जैक इंटर का रिजल्ट

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) इंटर का रिजल्ट 30 अप्रैल को जारी करेगा। जैक पूर्वाह्न 11 बजे इंटर साइंस, कॉमर्स और आर्ट्स सभी का रिजल्ट एक साथ जारी करेगा।

झारखंड बोर्ड इंटरमीडिएट के 94 हजार 433 विद्यार्थियों ने विज्ञान की परीक्षा दी थी। इनके अलावा 25 हजार 907 विद्यार्थी 12वीं कॉमर्स व 2 लाख 24 हजार 502 परीक्षार्थी आर्ट्स की परीक्षा में शामिल हुए थे। झारखंड बोर्ड 12वीं का रिजल्ट छात्र जैक की ऑफिशियल वेबसाइट jacresults.com और jac.jharkhand.gov.in पर देखा जा सकता है।

झारखंड बोर्ड 12वीं की परीक्षा में करीब चार लाख विद्यार्थी शामिल हुए थे। झारखंड बोर्ड इंटर की परीक्षाएं छह फरवरी से 26 फरवरी तक दूसरी शिफ्ट में आयोजित की गई थीं।

## चुनाव में फिर गूंजने लगा मुस्लिम आरक्षण का मुद्दा

- एनडीए-इंडिया दोनों लगा रहे एक दूसरे पर आरक्षण खत्म करने का आरोप

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव के दौरान एक बार फिर मुस्लिम आरक्षण का मुद्दा गूंजने लगा है। कर्नाटक में ओबीसी कोटे के अंतरगत ही मुस्लिम आरक्षण का मुद्दा नया नहीं है। लंबे समय से इस मामले पर बहस चल रही है। वहीं हाल ही में



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मुस्लिम आरक्षण को लेकर कांग्रेस पर हमला बोला और कहा कि कांग्रेस चाहती है कि लोगों की संपत्ति लेकर उन लोगों में बांट दी जाए जो ज्यादा बच्चे पैदा करते हैं। मोदी ने एक जनसभा के दौरान कहा था कि कांग्रेस चाहती है एस, एसटी और ओबीसी का कोटा मुस्लिमों को दे दिया जाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चाहती है कि पूरे देश के पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर पहले कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में 5 प्रतिशत मुस्लिम आरक्षण लागू किया जाए।

## अप्रैल में भीषण गर्मी ने तोड़े सारे रिकॉर्ड, '43' रहा पारा

**103 साल बाद हुआ ऐसा, मई में लू के थपेड़ों को रहें तैयार**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इस साल अप्रैल महीने में ही गर्मी ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। देश के विभिन्न हिस्सों में रविवार का दिन सबसे गर्म रहा। 1921 के बाद अप्रैल महीने में इतनी गर्मी महसूस हुई है। चिलचिलाती धूप और लू के थपेड़े अभी से इस कदर परेशान कर रहे हैं, मानो अप्रैल नहीं जून का महीना चल रहा हो।

इतनी गर्मी इसलिए भी चौंकाने वाली है क्योंकि इसने केरल, ऊटी, माथेरान और बेंगलुरु के उन हिस्सों को झुलसाया, जहां आमतौर पर सालभर मौसम खुशनुमा रहता है। कई स्थानों पर पारा 43 तक पहुंचा। मौसम विभाग ने अब मई महीने को लेकर भी भविष्यवाणी की है। अप्रैल महीने में पड़ी गर्मी ने देश के कई स्थानों में ऐतिहासिक रिकॉर्ड



बनाए हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने 1921-2024 के दौरान अप्रैल महीने में पड़ी गर्मी को लेकर डेटा जारी किया है। जिसके मुताबिक, रविवार शाम को अत्यधिक तापमान दर्ज किया गया।

## अमित शाह के एडिटेड वीडियो केस में तेलंगाना सीएम को समन

- दिल्ली पुलिस ने रेवंत रेड्डी को 1 मई को बुलाया, बीजेपी-गृह मंत्रालय ने शिकायत की थी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के एडिटेड वीडियो को लेकर दिल्ली पुलिस ने तेलंगाना सीएम रेवंत रेड्डी को समन जारी किया है। दिल्ली पुलिस रेवंत से 1 मई को पूछताछ करेगी। दिल्ली पुलिस ने रविवार को एफआईआर दर्ज की थी। वायरल वीडियो में शाह एसटी-एससी और ओबीसी के आरक्षण को खत्म करने की बात करते दिख रहे हैं। हालांकि, न्यूज एजेंसी के फैक्ट चेक में ये वीडियो फेक साबित हुआ है। इस एडिटेड वीडियो को फैलाने को लेकर एक शिकायत भाजपा ने और दूसरी शिकायत गृह मंत्रालय ने की थी। इस वीडियो को लेकर भाजपा ने देशभर में एफआईआर दर्ज करने का फैसला किया है। बीजेपी ने शिकायत में कहा कि अमित शाह ने अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए आरक्षण खत्म करने को लेकर कोई बात नहीं की है।

## अंकल जी ने मूड खराब किया, मैं ठीक करने आया

**राहुल गांधी ने दमन में बताया लाख रुपए वाला प्लान**

**दमन दीव (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए प्रचार जोरशोर से चल रहा है। विरोधी दल एक दूसरे पर जमकर बरस रहे हैं। इसी बीच कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भाजपा सरकार पर रोजगार छीनने का आरोप लगाते हुए अपनी स्कीम बताई है। राहुल गांदी ने दमन में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि उनका लक्ष्य



करोड़ों लोगों को लखपती बनाना है। राहुल गांधी ने कहा कि अंकल (पीएम मोदी) ने आपका मूड खराब कर दिया है और मैं उसे ठीक करने आया हूं। राहुल गांधी ने कहा, अगर मोदी जी 20-25 अरबपति बना सकते हैं तो कांग्रेस पार्टी करोड़ों लखपति बना सकती है। उन्होंने कहा, दिल्ली में सरकार आते ही हम प्रफुल्ल पटेल को यहां से दो मिनट में आउट कर देंगे। यहां जो उसने भ्रष्टाचार किया है उनकी पूरी दादागीरी खत्म कर देंगे। राहुल गांधी ने कहा, मैं आपका मूड ठीक करने आया हूं जो मोदी जी ने अंकल जी ने खराब कर दिया है। राहुल गांधी ने कहा, पहले हिंदुस्तान के हर परिवार की लिस्ट बनाई जाएगी और एक महिला का नाम चुना जाएगा।

## भीषण गर्मी एवं लू के कारण केजी से कक्षा आठ तक की कक्षाएं स्थगित



**रांची ।** राज्य में अत्यधिक गर्मी पड़ने एवं लू के कारण छात्रों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को ध्यान में रखते हुए सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में केजी से कक्षा आठ तक की कक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं। विद्यालयों के शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों पर यह आदेश लागू नहीं होगा। शिक्षकों-शिक्षकेत्तर कर्मियों को देय ग्रीष्मावकाश के लिए अलग से आदेश निर्गत किया जायेगा। यह आदेश सोमवार को सरकार के प्रभारी सचिव उमा शंकर सिंह ने जारी की है। यह अगले आदेश तक लागू रहेगा।

**शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मी करेंगे ये काम**

- कक्षा एक से सात तक की वार्षिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते हुए परीक्षाफल प्रकाशन, रिर्पोट कार्ड की तैयारी, छात्रवार विद्यार्थियों के प्राप्तांक को ई-विद्यावाहिनी में ऑनलाईन कार्य पूरा करेंगे।
- यू-डाईस प्लस में विद्यार्थियों के आंकड़ों की शत-प्रतिशत प्रविष्टि का कार्य पूर्ण करेंगे।
- विद्यालय के पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकों की केटलागिंग करते हुए इसे संधारित करना सुनिश्चित करेंगे।
- विद्यालय के सभी प्रकार के पंजी, बैंक पासबुक, कैशबुक इत्यादि का अद्यतन संधारण करेंगे।
- शैक्षणिक सत्र-2024-25 के लिए आने वाले विद्यार्थियों का नामांकन का कार्य करेंगे।
- शैक्षणिक सत्र-2024-25 के लिए कक्षावार एवं विषयवार पाठ्य योजना तथा संबंधित शिक्षण अधिगम सामग्री का निर्माण करेंगे।
- सभी शिक्षक क्षमता निर्माण के लिए जे-गुरुजी एप्लीकेशन में स्वयं को पंजीकृत कराते हुए उस पर उपलब्ध वीडियो सामग्री का अवलोकन करेंगे।
- सभी प्रकार के आवासीय विद्यालय पूर्व की भांति यथावत संचालित रहेंगे।
- कक्षा 09 से ऊपर की कक्षाएं सुबह सात बजे से 11:30 बजे तक संचालित की जाएंगी। इस अवधि में प्रार्थना सभा या खेलकूद एवं अन्य घर के बाहर गतिविधियां संचालित नहीं की जाएगी।

## यात्रियों की हो गई मौज

**देश के 80 मार्गों पर रोज चलेंगी अमृत भारत ट्रेनें!**

**450 अमृत भारत गाड़ियों के निर्माण का रेलवे ने दिया ऑर्डर**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय रेलवे अगले 3 साल के भीतर दिल्ली से पूर्वी भारत के करीब 80 मार्गों पर प्रतिदिन कम से कम 1 अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन का ऑपरेट करने लगेगी। इससे अल्प आय वर्ग के यात्रियों को तेज गति से आरामदेह यात्रा की सुविधा मिलेगी और अन्य गाड़ियों पर उनकी निर्भरता भी घटेगी।




रेल मंत्रालय ने अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों के प्रयोग की सफलता को देखते हुए करीब 450 अमृत भारत गाड़ियों के निर्माण का ऑर्डर दे दिया है। तीन से चार साल में ये गाड़ियां पटरियों पर दौड़ती नजर आएंगी। इसके अलावा मौजूदा एलएचबी रैक वाली गाड़ियों को भी धीरे-धीरे अमृत भारत ट्रेन सेट की डिजायन में ढाला जाएगा। सेमी परमानेंट कपलर और दोनों ओर इंजन लगा कर इसकी दक्षता को बढ़ाया जाएगा। बजट में 3000 ट्रेनों को अमृत भारत तकनीक से आधुनिकीकृत करने की बात कही गई है। सूत्रों के अनुसार, रेलवे की योजना है कि 3-4 साल के भीतर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, बंगाल, ओडिशा और पूर्वोत्तर के 80 मार्गों पर कम से कम 1 अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन रोजाना चलाने की है। इससे पूर्व की ओर जाने वाली गाड़ियों में दबाव काफी हद तक कम हो जाएगा।

## संक्षिप्त

### सरस्वती शिशु विद्यामंदिर गेतलसूद का प्रबंध समिति का हुआ गठन

**अनगड़ा :** सरस्वती शिशु विधा मंदिर के प्रांतीय पर्यवेक्षक राममोहन बड़ाईक एवं हीरालाल महतो की उपस्थिति में रविवार को सर्वसम्मति से सरस्वती शिशु विद्यामंदिर गेतलसूद विधालय के प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया जो निम्न प्रकार है संरक्षक विगेश्वर महतो अध्यक्ष जितेन्द्र उराँव उपाध्यक्ष सत्यनारायण बड़ाईक सचिव गणेश लोहरा सह सचिव कविता देवी कोषाध्यक्ष रेणुका देवी अभिभावक प्रतिनिधि भोला महतो पदेन सदस्य सेवाराम महतो (प्रधनाचार्य) प्रांतीय प्रतिनिधि हीरालाल महतो (जिला निरीक्षक) सदस्य राजेन्द्र लोहरा दया उराँव रीता देवी आरती कुमारी श्रीमति जालकी देवी।

### मांडर, सड़क दुर्घटना में रांची मधुकम के बाइक सवार दो युवक घायल

**मांडर :** एनएच 75 में ब्राम्बे के निकट सोमवार की शाम को सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक हर्ष कुमार 23 वर्ष व विकास कुमार शर्मा 24 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों रांची के मधुकम के रहने वाले हैं। जिन्हें मांडर रेफरल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर किया गया है। घटना शाम करीब पांच बजे की है। बताया जा रहा है कि दोनों युवक फर्नीचर का काम काम करते हैं और मांडर टोल प्लाजा के समीप किसी के घर में फर्नीचर का काम करके रांची जा रहे थे। इसी क्रम में तिग्गा काम्प्लेक्स के समीप ओवरटेक करने के क्रम में एक वैन से टकरा कर सड़क पर गिर गये। हादसे में दोनों के सिर में गंभीर चोटें आयीं है।

### 50 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ एक गिरफ्तार

**रामगढ़ :** रामगढ़ थाना पुलिस ने सूचना पर सिरका से एक व्यक्ति को पकडा है। पुलिस ने उसे अवैध 50 लीटर महुआ शराब के साथ पकडा है। पकडे गये व्यक्ति की पहचान सौंदा पोडा गेट निवासी सुजीत कुमार है। इस संबंध में रामगढ़ थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अजय कुमार साहू ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर जिला पुलिस प्रशासन के निर्देश पर अवैध शराब की बिक्री पर रोकथाम को लेकर लगातार छापामारी किया जा रहा है। सोमवार को पुलिस को सूचना मिली की एक स्कूटी पर अवैध महुआ शराब लेकर एक युवक आया है। इसी सूचना पर उक्त व्यक्ति को पकडा गया है। पुछताछ में जानकारी मिली कि सुजीत कुमार अवैध महुआ शराब का धंधा करता है। पुलिस ने इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज किया है।

### कांग्रेसी प्रत्याशी यशस्विनी ने अधिवक्ताओं से मांगा आशीर्वाद

**रांची :** रांची लोक सभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन की कांग्रेसी प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने सोमवार को रांची सिविल कोर्ट परिसर जाकर वहां उपस्थित अधिवक्ताओं से अपनी जीत का आशीर्वाद मांगा। इस मौके पर सुश्री सहाय के साथ उनके पिता और रांची लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय मुख्य रूप से उपस्थित थे।अधिवक्ता संजय विद्रोही ने घूम-घूम कर सुश्री सहाय का परिचय कोर्ट के अधिवक्ताओं से कराया। अधिवक्ताओं ने यशस्विनी का अभिनंदन करते हुए इन्हें अपना पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया। मौके पर कांग्रेसी नेता सुरेंद्र सिंह और विनय सिंहा दीपू भी उपस्थित थे।

### 17 ट्रैक्टर (35 टन) डम्प किया गया कोयला वन विभाग ने किया बरामद

**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड के अधि सुचित वन क्षेत्र में अवैध कोयला खदान संचालित एवं खनन कार्य को लेकर एसीएफ एक के परमार एवं बड़का गांव थाना प्रभारी मुकेश सिंह के नेतृत्व में छापेमारी की गई। जिसमें रावतपारा जंगल में संचालित अवैध कोयला खदान से खनन कर कुल 35 टन यानी 17 ट्रैक्टर कोयला बरामद किया गया। बरामद किए गए कोयला बड़कागांव वन क्षेत्र कार्यालय ले लाया गया है। वन विभाग के द्वारा मामला दर्ज करने को लेकर अवैध रूप से खदान चला रहे संचालक एवं उसमें सम्मिलित लोगों को चिन्हित किया जा रहा है।

# मांडर बस्ती में ट्रांसफार्मर के अभाव में पांच दिनों से विद्युतापूर्ति बाधित

**मांडर :** मांडर के टांगरबसली मोड़ से सटे बस्ती के लोग पिछले पांच दिनों से ट्रांसफार्मर के अभाव में बिजली की समस्या से जूझ रहे है। और भीषण गर्मी में बिजली नहीं रहने से त्राहिमाम की स्थिति में हैं। बस्ती के लोगों ने बताया की यहां जीईएल चर्च के समीप लगा 200 केवीए का ट्रांसफार्मर कुछ दिन पहले खराब हो गया था। जिसे 26 अप्रैल को ही बिजली विभाग के वर्कशॉप में पहुंचा दिया गया है। लेकिन उसके बदले यहां पर दूसरा ट्रांसफार्मर अब तक नहीं लगाया गया है। जिसके चलते यहां इस ट्रांसफार्मर से जुड़े करीब सवा सौ उपभोक्ताओं का जनजीवन



अस्त व्यस्त हो गया है। बिजली नहीं रहने से यहां बच्चों की पढ़ाई लिखाई, कारोबार खाना पीना सोना तो प्रभावित है ही लोगों को सबसे अधिक परेशानी इस गर्मी में पानी को लेकर हो रही है। घरों में बोरिंग नहीं चलने से नहाना धोना सब मुश्किल हो गया है। और पीने का पानी उन्हें दूसरी जगह से लाना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार चुनाव के इस दौर में नया ट्रांसफार्मर लगाने के लिए वह विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के पास भी गुहार लगा चुके हैं। लेकिन अब तक सिर्फ उन्हें हर जगह आश्वासन ही मिल रहा है। ट्रांसफार्मर लगाने में हो रही देरी के बाबत पूछने को लेकर सोमवार को बिजली विभाग के जीएम 9431135 609 सहित एसडीओ 9431135635 से भी कई बार संपर्क करने का प्रयास किया गया। लेकिन उन्होंने हमेशा की तरह फोन नहीं उठाया। वहीं स्थानीय जेई आशीष कुमार मुंडा ने कहा कि ट्रांसफार्मर को लेकर उन्होंने सोमवार को विभाग के एक कर्मी को रांची के चुटिया स्थित वर्कशॉप भेजा था। लेकिन यहां के लिए ट्रांसफार्मर उपलब्ध नहीं हो पाया।

# हनवारा पुलिस के हत्थे चढ़ा शराब तस्कर, एक गिरफ्तार-एक फरार

**हनवारा :** जिले के हनवारा थाना को रविवार रात बड़ी सफलता मिली है। मिली जानकारी के अनुसार गोड्डा पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर रविवार रात सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था,उसी दौरान हनवारा चेक पोस्ट से करीब एक सौ मीटर पहले मोटर साईकिल पर सवार दो व्यक्ति पुलिस को देखकर गाड़ी घुमाकर भागने लगे। इस दौरान मौजूद सशस्त्र बल के सहयोग से मोटर साईकिल सहित एक व्यक्ति को खदेड़ कर पकड़ा गया वहीं दूसरा व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। पकड़े गये व्यक्ति एवं मोटर साईकिल की तलाशी लेने पर मोटर साईकिल के डिक्की तथा सीट के नीचे से अंग्रेजी शराब पाया गया जिसमें रॉयल स्टेग



कम्पनी के 750 एमएल का पांच बोतल और 375 एमएल का 25 बोतल बरामद किया गया। उक्त व्यक्ति के द्वारा शराब को लेकर कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया जिसके बाद पकड़े गए पैशन प्रो मोटर साईकिल को जप्त करते हुए,भागलपुर जिला के लोदीपुर थाना क्षेत्र निवासी 28 वर्षीय अफताब अंसारी,पिता मो। हसन अंसारी को गिरफ्तार किया गया। इस बाबत हनवारा थाना कांड संख्या 28/24 के तहत केस दर्ज करते हुए फरार अभियुक्त के विरुद्ध गिरफ्तारी हेतु छापामारी की जा रही है। इस दौरान छापामारी दल में हनवारा थाना प्रभारी राजन कुमार राम,सहायक अवर निरीक्षक भोलानाथ भगत सहित सशस्त्र बल मौजूद थे।

### खाना बनाने के दौरान सिलेंडर फटने से लगी आग,एक घर जलकर हुआ खाक

**ठाकुरगंगटी :** प्रखंड अंतर्गत बुधवाचक पंचायत के चांदचक गांव में उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय के समीप सोमवार को अचानक आग लग जाने से एक घर जलकर पूरी तरह खाक हो गया। घटना दिन के करीब दस बजे दिन के आस-पास की बताई जा रही है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि आग खाना बनाने के दौरान गैस सिलेंडर के फट जाने से लगी और देखते ही देखते पूरा मकान जल गया। अगलगी से पीड़ित बसारत अली का पूरा घर जलकर खाक हो जाने के कारण पत्नी समेत चार छोटे-छोटे बच्चे खुले आसमान के नीचे रहने को विवश हो गया है। पीड़ित बसारत अली बताते हैं कि आजीविका के लिए ग्रुप लोन लेकर मिनी हेंडलूम लगाया गया था जो घर में रखे अनाज,बर्तन,कपड़ा,साइकिल सहित सभी सामनों के साथ जलकर राख में तब्दील हो गया है। घटना की सूचना पाकर बुधवाचक पंचायत के मुखिया डॉक्टर समीरूद्दीन अंसारी पहुंचे और पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता पहुंचाने का आश्वासन दिया। इस बाबत ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना या अबूआ आवास योजना का लाभ दिलवाने की मांग किया है।

### हनवारा पेट्रोल पंप के लक्की ड्रॉ में भागलपुर के युवक के नाम हुआ कार

**हनवारा :** महागामा प्रखंड क्षेत्र के सीमावर्ती क्षेत्र बिहार-झारखंड के हनवारा-महागामा मुख्य पथ स्थित नायरा पेट्रोल पंप के 210 रुपये का पेट्रोल भराने के बाद लकी ड्रा में वेन्यू कार मिला। कार का पुरस्कार प्राप्त करने वाले भागलपुर जिले के नीरज कुमार सिंह को पेट्रोल पंप संचालक लड्डू उर्फ कलीमुद्दीन एवं क्षेत्रीय अधिकारी उदय प्रताप सिंह,डिविजनल मैनेजर शरद शर्मा,जोनल कंट्रोलर कुमार अमृतांसु, फ्लीट एवं लोइलिटी भुनेश्वर ने सोमवार को




हुंडई के वेन्यू कार भेंट किया। नायरा एनर्जी के पदाधिकारियों ने बताया कि झारखंड-बिहार सहित अन्य राज्यों में भी अब तक कई ग्राहकों को लक्की डॉ का लाभ मिल चुका है। नायरा पेट्रोल पंप पर 200 से अधिक पेट्रोल भराने वाले ग्राहकों का लक्की डॉ में कार,स्कूटी सहित अन्य चीज का लाभ मिला है। बताया कि जीवन में उन्होंने जो भी संस्थाएं या प्रतिष्ठान खड़े किए हैं उसके माध्यम से लोगों को अतिरिक्त लाभ देने की कोशिश रहती है। नायरा पेट्रोल पंप द्वारा पूरे बिहार-झारखंड सहित अन्य राज्यों में लक्की डॉ निकाला जाता है। इस दौरान हनवारा पेट्रोल पंप मैनेजर मिलन कुमार, सादाब आलम,नजाम, शाईक रजि, दानिश आदि उपस्थित रहे।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक चालक हुआ घायल, रेफर

**महागामा :** गोड्डा-महागामा मुख्य मार्ग के शिवकित्ता के समीप अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बाइक चालक हवलदार तुरी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बाइक चालक को स्थानीय लोगों के द्वारा एम्बुलेंस से रेफरल अस्पताल महागामा पहुंचाया गया जहां ऑन ड्यूटी चिकित्सक अर्चना झा के द्वारा प्राथमिक उपचार के उपरांत बेहतर उपचार के लिए गोड्डा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। चिकित्सक ने बताया कि घायल का एक पैर फैक्चर हो गया है जिसके कारण हायर सेंटर रेफर किया गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि डाढ़ीघाट निवासी हवलदार तुर्की महागामा से घर की तरफ जा रहा था। इसी दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही घायल के परिजन भी अस्पताल पहुंचे।

# इटकी के जल मीनार से पर्याप्त जलापूर्ति नहीं ग्रामीण दूसरों के यहां से पानी लेने को विवश

**इटकी :** इटकी के जल मीनार से प्रर्याप्त मात्रा में जलापूर्ति नही होने से लोग दूसरे के यहां से पानी लेने में आश्रित हो गये है। जलापूर्ति नियमित रूप से नही होने के कारण यहां जल संकट काफी गहरा गया है। पानी के किल्लत से लोगों के समक्ष विकट स्थिति उत्पन्न हो गयी है।अहले सुबह नींद से आंख खुलते ही ग्रामीण पेयजल के जुगाड़ में लग जाते है। लोग दूसरे के यहां से जल लेने पर विवश है। अधिकृत जानकारी के अनुसार जल मीनार में पानी संग्रह के लिए आठ डीप बोरिंग विभाग द्वारा लगाये है जिसमें रख रखाव के कमी के कारण छह डीप वोरिंग खराब पड़े है। मात्र दो वोरिंग से



जल संग्रह किया जा रहा है जो प्रर्याप्त नही है फलस्वरूप जल मीनार से एक दिन बाद दिन क्षेत्र में बांट बांट कर जलापूर्ति की जा रही है। जलमीनार कर्मियों द्वारा विभाग के अधिकारियों को सूचना कर दी है किन्तु विभाग ने इस ओर अब तक कोई पहल नही की है। जिससे अधिकारियों के प्रति लोगों में गुस्सा व्याप्त है।

### रामगढ़ आरइओ विभाग के कनीय अभियंता अक्षय विक्रम का निधन

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिला के आरइओ विभाग के कनीय अभियंता अक्षय विक्रम (40 वर्ष) का रांची स्थित इरबा कैंसर अस्पताल में सोमवार को निधन हो गया। वे पिछले 6 महीना से बीमार चल रहे थे और कैंसर से पीड़ित थे। अभियंता का इलाज मुंबई स्थित कैंसर अस्पताल में कराया जा रहा था। इसके बाद रांची के इरबा स्थित कैंसर हॉस्पिटल में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन से पूरा विभाग सदमे में है। उन्होंने सरकारी नौकरी में रहते हुए एक अच्छे अभियंता के रूप में रामगढ़ जिला में अपनी पहचान बनाई और अपने कार्यों को ईमानदारी पूर्वक करने के लिए जाने जाते थे। उनके निधन से पूरे गांव में मातम छा गया।

# जीरो ड्रॉपआउट पंचायत बनाने के लिए स्कूल का निरीक्षण

**मांडर :** पिरामल फाउंडेशन के एसप्रेशनल भारत कोलाब्रेटिव्ह टीम और बरगड़ी पंचायत के मुखिया लक्ष्मण भगत द्वारा जीरो ड्रॉपआउट पंचायत बनाने के लिए राजकीयकृत



मध्य विद्यालय जाहेर में विजिट किया गया। स्कूल विजिट के दौरान स्कूल के हेड मास्टर अनीस अन्सारी से वातार्लाप किया गया। वातार्लाप में पाया गया कि स्कूल को मजबूत बनाने के लिए शिक्षकों की कमी को दूर करना आवश्यक है, जिसके कारण हाल ही में अभिभावकों के द्वारा टी.सी. की मांग की जा रही है, और वातार्लाप में बच्चों के माता-पिता काम करने बाहर जाते हैं और बहुत से अभिभावक नशापान करने की वजह से बच्चों को स्कूल आने में समस्या होती है। गाँव के कुछ नागरिक स्कूल में नशापान करते हैं, जिसकी वजह से विद्यालय सामग्री को संरक्षित करने के लिए वाल कंपाउंड निर्माण करने की आवश्यकता है, और लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता जताई गई। इन समस्याओं को देखते हुए बरगड़ी पंचायत के मुखिया लक्ष्मण भगत ने यह निर्णय लिया कि वह प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी से मिलकर इन समस्याओं का हल निकालेंगे। इस विजिट के दौरान एसप्रेशनल भारत कोलाब्रेटिव्ह टीम के गाँधी फेलो दिव्याभारती, शिवानी बिश्नोई, सत्यम तिवारी और निखिल सिंह उपस्थित थे।

# सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासंघ की बैठक आयोजित

**भवनाथपुर (गढ़वा) :** सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासंघ के झारखंड प्रदेश इकाई की कार्य समिति की बैठक जूम ऐप के द्वारा रविवार की शाम को हुई। इस बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा ने की। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक कुमार उपाध्याय ने अपने सम्बोधन में कहा कि गत दिनों जमशेदपुर में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन बहुत ही सफल रहा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में आयोजनकर्ताओं का उत्साह बहुत ही सराहनीय दिखा। श्री उपाध्याय ने कहा कि राष्ट्रीय कमेटी का गठन भी कर दिया गया है जिसे अगले कुछ दिनों में और विस्तारित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि समाज के विकास के लिए चट्टानी एकता की जरूरत है। समाज में गरीब ब्राह्मणों की बेटियों की शादी में सहयोग करना और गरीब बच्चों को शिक्षा ग्रहण कराना समाज के समक्ष महत्वपूर्ण दायित्व है। हम सभी लोगों को इस समस्या का समाधान भी मिलकर करना चाहिए। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि महीने में एक दिन संगठन की बैठक जूम ऐप के द्वारा आयोजित की जानी चाहिए। प्रदेश संगठन को मजबूत करने के लिए विभिन्न जिलों में समय-समय पर प्रदेश का अधिवेशन आयोजित होना चाहिए। इससे आपसी प्रेम बढ़ता है और संगठन को भी मजबूती मिलती है। इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा के अलावा प्रदेश उपाध्यक्ष सीताराम पाठक (भवनाथपुर गढ़वा), महासचिव मिथिलेश मिश्रा (जमशेदपुर), अशोक कुमार मिश्र (गिरिडीह), महेश मिश्रा (रामगढ़), सतीश पाठक (रामगढ़), मनोज मिश्र (गोला रामगढ़), शंकर चंद्र पाठक (हजारीबाग), गंगाधर शास्त्री (चतरा) व अन्य लोग उपस्थित थे।

# अबकी बार का चुनाव खेत-खलियान, जंगल-जमीन और संविधान बचाने के लिये : बंधु तिर्की

**बेड़ो :** पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य और झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि अबकी बार का लोकसभा चुनाव अपने खेत-खलिहान, जंगल-जमीन, संविधान और प्रकृति-संस्कृति को बचाने वाला चुनाव है। उन्होंने कहा कि अभी थोड़ी-सी भी लापरवाही घातक हो सकती है और यह लड़ाई केवल सुखदेव भगत या कांग्रेस पार्टी की नहीं बल्कि अपने देश को बचाने के लिये लड़ा जा रहा है।

आज बेड़ो के महादानी मैदान में आयोजित एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए श्री तिर्की ने कहा कि लोकसभा का चुनाव आम आदमी की अपनी संविधान के प्रति प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ ही अपनी संस्कृति, आपसी एकजुटता और सद्भाव को बचाने की भी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, केवल और केवल मुद्दों पर आगे बढ़ते हुए 30 लाख खाली सरकारी पदों को भरने के अलावा, महालक्ष्मी योजना में प्रत्येक परिवार की महिला को एक लाख रुपये प्रति वर्ष देने, प्रत्येक युवा को अप्रेंटिसशिप के साथ ही एक लाख रुपये प्रति वर्ष देने, स्वास्थ्य बीमा की राशि को बढ़ाकर 25 लाख रुपये तक का



इलाज फ्री में करवाने के मुद्दे के साथ लड़ रही है। जबकि भारतीय जनता पार्टी धार्मिक उन्माद भड़काकर और हिंदू-मुस्लिम का अपना पुराना तराना छेड़कर चुनाव जीतना चाहती है लेकिन झारखण्ड के साथ ही देश के लोग भी उसकी मंशा को कभी भी सफल नहीं होने देंगे। श्री तिर्की ने कहा कि मोदी सरकार को हटाना बहुत जरूरी है और लोगों को यह बताने की जरूरत है कि वन संरक्षण, भूमि अधिग्रहण, पेसा कानून, पांचवी अनुसूची, सूचना का अधिकार जैसे लोगों के अधिकारों से जुड़े प्रत्येक कानून को बनाने का श्रेय कांग्रेस पार्टी को ही जाता है। लेकिन भाजपा सरकार वन संरक्षण, वन अधिकार कानून, भूमि अधिग्रहण कानून जैसे कानूनों को कमजोर कर आदिवासियों के हित के साथ खिलवाड़ कर रही है।

इस अवसर पर अपने संबोधन में मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि 2014 में शुरू मोदी जी की तथाकथित लहर अब समाप्ति के कगार पर है। उन्होंने कहा कि 1925 में गठित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने उन सभी लोगों के खिलाफ काम किया जो देश की आजादी के प्रति समर्पित होकर आगे बढ़ रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेताओं की नियत और नीति आज भी बदली नहीं है और वह लोगों को कमजोर कर उनपर शासन करना चाहती है। श्रीमती तिर्की ने कहा कि भाजपा और आरएसएस के लोगों को आज जो घुसपैठिया लगते हैं वह वाकई में उनकी गलत नजर और नजरिया का परिणाम है और वह संविधान की भावना के खिलाफ है।

श्रीमती तिर्की ने कहा कि वन संरक्षण अधिनियम में जो संशोधन किये गये उसके बाद ग्राम सभा की अनुमति की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया गया है जिससे जहाँ जंगल नष्ट होंगे वहीं दूसरी ओर, वन उत्पादों को लूटा जायेगा और इससे आदिवासियों के अधिकारों का बुरी तरीके से अतिक्रमण हो रहा है। उन्होंने जोड़ देकर कहा कि लोकसभा चुनाव बीजेपी-कांग्रेस के बीच की लड़ाई नहीं बल्कि जनता और तानाशाही के बीच की लड़ाई है और इतिहास गवाह है कि ऐसी लड़ाई केवल और केवल जनता ही जीतती है। उन्होंने कहा कि टाना भगत, बिरसा मुंडा और वीर बुधु भगत ने जो लड़ाई शुरू की और लड़ी वह हमेशा जारी रहेगी और सिद्धांतों से कोई भी समझौता नहीं हो सकता। इस अवसर पर अपने संबोधन में झारखण्ड राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि मोदी की गारंटी केवल और केवल आगामी लोकसभा चुनाव में वोट लेने का जुमला है और जनता प्रधानमंत्री मोदी के साथ ही भाजपा नेताओं पर अब और विश्वास नहीं करनेवाली।

## श्रम अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।

(संयुक्त श्रम भवन, करकट, लातेहार Email id- boclatehar@gmail.com)

**आम–सूचना**

लातेहार जिला के सभी प्रतिष्ठान / खनन क्षेत्र / उद्योग / पुल निर्माण / भवन निर्माण / नहर निर्माण / ईंट भट्ठा / क्रसर एवं मनरेगा से संबंधित नियोजक / संवेदक अपने यहाँ नियोजित कामगारों को Heat Wave से बचाव हेतु कार्य स्थल पर निम्न सुविधाएँ उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

1. कार्य स्थलों पर शीतल पेयजल के लिए प्याउ की सुविधा उपलब्ध कराना।
2. औद्योगिक क्षेत्र / खनन क्षेत्र / नगरीय क्षेत्र के श्रमिकों के लिए आश्रय स्थलों पर शुद्ध पेयजल, छाँछ, First Aid Kit with Ice Pack के साथ पर्याप्त मात्रा में ORS की व्यवस्था कराना।
3. Peack Hour में कठिन कार्य के समय को सुविधानुसार परिवर्तित कराने के संबंध में दिशा निर्देश निर्गत करना।
4. बाहरी गतिविधियों में आराम के समय एवं उनकी आवृत्ति में अभिवृद्धि कराना।
5. गर्भवती महिलाओं एवं Medical Condition वाले श्रमिकों को अत्यधिक ध्यान दिये जाने के संबंध में दिशा–निदेश निर्गत करना।
6. श्रमिकों को Heat Wave Alert की सूचना समय–समय पर मुहैया कराना।
7. उद्योग / वाणिज्यिक संस्थानों में Heat Wave से संबंधित बीमारियों के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाना।
8. स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर स्वास्थ्य कैंप लगवाना।

"आपका वोट,आपका भविष्य"

श्रम अधीक्षक
लातेहार।

PR 324209 Labour Employment and Traning(24-25)D

## श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
## झारखण्ड सरकार

**प्रेस विज्ञाप्ति**

**आम सूचना**

अत्याधिक गर्मी को देखते हुए राँची जिला में अवस्थित सभी प्रतिष्ठानों, बिल्डरों / निर्माणकर्त्ता, नियोजकों एवं संवेदकों के लिए श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली से प्राप्त दिशानिर्देश के आलोक में आवश्यक निर्देश–

1. कामगारों के कार्य के घंटे / समय को पुनर्निर्धारित करना है।
2. कामगारों का लगातार स्वास्थ्य जाँच कराना है।
3. कार्यस्थल पर पर्याप्त मात्रा में पेयजल की व्यवस्था करवाएं। सभी श्रमिकों को आराम करने के लिए छायादार स्थान, साफ पानी, छाछ, आइस–पैक के साथ प्राथमिक चिकित्सा किट और ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन) प्रदान करें।
4. कार्यस्थल पर कामगारों के लिए दवा एवं आपातकाल के लिए एम्बुलेंस की व्यवस्था रखवाएें।
5. कार्यस्थल को हवादार रखें।
6. हीट वेब (लू) से बचने के लिए बाहरी गतिविधि के लिए विश्राम अवकाश की आवृत्ति और अवधि बढ़ाएँ।
7. लू से पीड़ित कामगार को तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में ले जायें।
8. गर्भवती महिलाओं और चिकित्सकीय स्थिति वाले श्रमिकों पर अतिरिक्त ध्यान दिया जाना चाहिए।
9. कर्मचारियों को लू की चेतावनी के बारे में सूचित करें।

साथ ही स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार के Do's & Don'ts for Heat Wave का भी अनुपालन किया जाना है।

आदेशानुसार।

PR 324188 Labour Employment and Traning (24-25)_D

श्रम अधीक्षक, राँची

## संक्षिप्त

### निलंबित आईएएस छवि रंजन की जमानत पर सुनवाई तीन मई को

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट में जमीन घोटाले के आरोप में जेल में बंद रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान सेना के कब्जे वाली जमीन से संबंधित ईडी के अनुसंधान के क्रम में आए वैसे दस्तावेज की मांग की गई है, जिसे ईडी ने कोर्ट में प्रस्तुत नहीं किया है। कोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया है। जस्टिस एसएन प्रसाद की अदालत ने मामले की अगली सुनवाई की तारीख तीन मई निर्धारित की है। सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन फजीर्वाड़े में छवि रंजन चार मई, 2023 से जेल में बंद हैं। उन्होंने निचली अदालत से जमानत नहीं मिलने पर हाई कोर्ट में जमानत की गुहार लगाते हुए याचिका दाखिल की है।

### पुनीत भार्गव की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**रांची :** ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में सोमवार को रांची के चेशायर होम स्थित एक एकड़ जमीन फजीर्वाड़े में शामिल पुनीत भार्गव के ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। अदालत ने सुनवाई के बाद अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। पुनीत भार्गव ने ही चेशायर होम स्थित एक एकड़ जमीन 1.78 करोड़ रुपए में खरीदी थी। दो महीने बाद प्रेम प्रकाश के कहने पर उसी जमीन को कारोबारी विष्णु अग्रवाल को बेच दी थी।

### अंतू तिर्की सहित अन्य आरोपितों को जेल भेजा

**रांची :** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाले मामले में सोमवार को रिमांड अवधि पूरी होने के बाद झामुमो नेता अंतू तिर्की, जमीन कारोबारी बिपिन सिंह, मोहमद इरशाद, प्रियरंजन सहाय और अफसर अली को ईडी कोर्ट में पेश किया गया। ईडी की ओर से इनसे और पूछताछ के लिए रिमांड का आग्रह नहीं करते हुए उन्हें जेल भेजने का आग्रह किया गया। इसके बाद ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने इन सभी पांचों आरोपितों को जेल भेज दिया। इससे पूर्व ईडी ने गत 16 अप्रैल को अंतू तिर्की, प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह और इरशाद के ठिकानों पर छापेमारी और लंबी पूछताछ के बाद देर शाम अपने साथ ईडी ऑफिस ले गयी थी, जहां ईडी ने चारों को गिरफ्तार कर लिया था।

### ब्राउन शुगर के साथ दो नशा कारोबारी गिरफ्तार

**रांची :** रांची के लोअर बाजार थाना पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ दो नशा कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कारोबारियों में अंकित लकड़ा और नितीन खलखो शामिल है। दोनों लालपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। इनके पास से 6.13 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया है। एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि लोक सभा चुनाव के मद्देनजर मादक द्रव्यों की बरामदगी एवं कारगर कार्रवाई के दृष्टिकोण से चले रहे लगातार छापेमारी के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर सिटी डीएसपी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने ब्राउन शुगर के साथ दो युवको को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### सीता नवमी महोत्सव महानगर के सभी प्रखंडों में 12 मई से मनाया जाएगा

**रांची :** विश्व हिंदू परिषद झारखंड प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत ने कहा कि 12 मई से 19 मई तक सीता नवमी महोत्सव महानगर के सभी प्रखंडों में भव्य रूप से मनाया जाएगा, जिसमें मातृशक्ति- दुर्गा वाहिनी की बहने सक्रिय रूप से भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनायेंगी। साथ ही सभी नगरों में दुर्गा वाहिनी- मातृशक्ति का गठन किया जाएगा। उन्होंने जून माह में होने वाले परिषद शिक्षा वर्ग, बजरंग दल शौर्य प्रशिक्षण वर्ग , मातृशक्ति- दुर्गा वाहिनी प्रशिक्षण वर्ग की जानकारी देते हुए सभी प्रखंडों से कार्यकर्ता वर्ग में प्रशिक्षण लेने जाएं इसके लिए प्रखंड के अध्यक्ष एवं मंत्री को सूची बनाने का निर्देश दिया।

# लोकसभा चुनाव में झारखंड का मतदान प्रतिशत बेहतर रहने की संभावना : रवि कुमार

**झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट के कॉन्टेस्ट के आयोजन से बढ़ेगा मतदान प्रतिशत**




**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि प्रतिभागियों की रचनात्मक्ता से मतदाताओं में जागरुकता आएगी। साथ ही झारखंड का वोटिंग प्रतिशत भी बढ़ेगा। झारखंड में लगातार चल रहे विभिन्न मतदाता जागरुकता अभियानों से भी लोकसभा चुनाव-2024 में झारखंड का मतदान प्रतिशत बेहतर होने की संभावना है। वे सोमवार को निर्वाचन सदन स्थित सभागार में झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट के विजेताओं को पुरस्कृत कर रहे थे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट की परिकल्पना काफी पहले की गई थी। इस कॉन्टेस्ट में विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं ने रचनात्मक कार्य किया है। उन्होंने प्रतिभागियों को कॉन्टेस्ट में सहभागिता के लिए धन्यवाद दिया।

अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने कहा कि झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट में प्रतिभागियों के भाग लेने से मतदान के लिए प्रचार-प्रसार बढ़ा है। मतदाताओं में जागरुकता बढ़ी है। सभी मतदाता मतदान करेंगे। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए सार्थक पहल करने की अपील की।

पुरस्कार वितरण में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार ने विषय प्रवेश कराया। कार्यक्रम का संचालन सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देवदास दत्ता ने किया। झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट में झारखंड सहित दूसरे राज्यों से भी प्रविष्टियां आईं थीं। शार्ट फिल्म, म्यूजिक वीडियो, रील्स एवं पोस्टर मेकिंग कैटेगरी में प्रतिभागियों ने भाग लिया और प्रतिभा का प्रदर्शन कर मतदाता जागरुकता का संदेश दिया। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के दौरान भी विजेता प्रतिभागियों ने रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।

**चार कैटेगरी में बंटा था झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट**

झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट चार कैटेगरी में बंटा था। इसमें शार्ट फिल्म कैटेगरी में रंजीत कुमार को प्रथम पुरस्कार के रूप में 50 हजार रुपये नकद के साथ शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। म्यूजिक वीडियो कैटेगरी में सोलोमोन दास को प्रथम पुरस्कार के रूप में 50 हजार रुपये नकद, रील्स कैटेगरी में प्रथम अजय कुमार को 10 हजार रुपये, पोस्टर कैटेगरी में प्रथम सूरज कुमार को 15 हजार रुपये नकद के साथ शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र से नवाजा गया।

इन सभी कैटेगरी के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय के साथ स्पेशल मेंशन के कुल 41 विजयी प्रतिभागियों को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा सहित अन्य पदाधिकारियों ने नकदी, शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया।

## प्रशासन या सरकार किसी भी व्यक्ति के घर को जबरदस्ती नहीं तोड़ सकते : हाई कोर्ट

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट ने गढ़वा सदर में अतिक्रमण बताकर एक घर को तोड़ने की नोटिस दिए जाने से संबंधित अशोक कुमार की याचिका की सुनवाई के बाद आदेश में कहा कि प्रशासन या सरकार किसी भी व्यक्ति के घर को जबरदस्ती नहीं तोड़ सकते, चाहे वह अवैध अतिक्रमण ही क्यों ना हो।

कोर्ट ने कहा कि कानून के द्वारा विधि सम्मत तरीके से प्रोसिडिंग चलाएं बिना घर तोड़ने की कार्रवाई नहीं की जा सकती है, चाहे वह अतिक्रमण का क्यों ना हो। कोर्ट ने आदेश दिया कि यदि राज्य सरकार को लगता है कि याचिकाकर्ता का घर अवैध अतिक्रमण का है तो झारखंड पब्लिक लैंड एंक्रोचमेंट एक्ट के तहत कार्रवाई कर करके ही उसे हटा सकती है। बगैर इसके याचिकाकर्ता का घर नहीं हटाया जा सकता है।

याचिकाकर्ता के गढ़वा सदर स्थित आवास में 10 मार्च को गढ़वा सीईओ ने नोटिस निर्गत कर 24 घंटे के अंदर उनके घर के दस्तावेज को प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था, अन्यथा उसके घर को अवैध अतिक्रमण मानते हुए उसे अतिक्रमण मुक्त करने की प्रक्रिया शुरू करने की बात कही थी। इसके बाद 11 मार्च को याचिकाकर्ता ने गढ़वा सीओ के पास समुचित कागजात जमा कर दिए थे। इसके बाद भी सर्किल इंस्पेक्टर, गढ़वा सदर पुलिस बल के साथ उनके घर आए थे और उनके घर की नापी ली और लाल दाग लगा दिया था। याचिकाकर्ता ने हाई कोर्ट में इसके खिलाफ याचिका दाखिल की थी। कोर्ट ने मामले में दिशा-निर्देश देते हुए याचिका निष्पादित कर दी।

## झारखंड हाई कोर्ट ने बार काउंसिल आफ इंडिया को दो सप्ताह में जवाब दाखिल करने का दिया निर्देश

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट में झारखंड स्टेट बार काउंसिल का कार्यकाल समाप्त होने के बाद उसे छह माह की कार्य अवधि का विस्तार मिलने के बाद बार काउंसिल आफ इंडिया (बीसीआई) की ओर से फिर से काउंसिल के कार्यकाल को 18 माह का विस्तार देने के खिलाफ दायर संजय कुमार तिवारी की याचिका की सुनवाई सोमवार को हुई। मामले में हाई कोर्ट ने बार काउंसिल आफ इंडिया को दो सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

याचिकाकर्ता की ओर से झारखंड स्टेट बार काउंसिल के काम पर तत्काल रोक लगाने का आग्रह किया गया था लेकिन हाई कोर्ट ने फिलहाल अंतरिम राहत नहीं दी। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता निलेश कुमार ने सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया कि झारखंड स्टेट बार काउंसिल का कार्यकाल जुलाई 2023 में समाप्त हो गया था। इसके बाद उसे छह माह का और कार्य अवधि विस्तार दिया गया था, जो जनवरी 2024 में समाप्त हो चुका है। इसके बाद बार काउंसिल आफ इंडिया ने पत्र जारी कर स्टेट बार काउंसिल के कार्यकाल को 18 माह का अवधि विस्तार दिया है, जो गलत है।

## युवा आजसू के प्रतिनिधिमंडल ने रांची उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**रांची :** युवा आजसू का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा से मिला और ज्ञापन सौंपा। साथ ही मोरहाबादी मैदान, धार्मिक स्थलों व शैक्षणिक संस्थानों के समीप संचालित बार व शराब दुकानों को अविलंब स्थानांतरित करने की मांग की।

युवा मोर्चा के राज्य संयोजक गौतम सिंह के नेतृत्व में युवा आजसू के प्रतिनिधिमंडल ने शराब दुकानों और बार के चलते मोरहाबादी के समीप हुई कई अप्रिय घटनाओं के साथ आमजनों और वीवीआईपी आवासीय परिसर में रहने वाले विशिष्ट जनों को होने वाली समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट कराया।

ज्ञापन के माध्यम से युवा आजसू ने मोरहाबादी मैदान के समीप संचालित शराब दुकानों के कारण असामाजिक तत्वों के बढ़ते जमावड़े से इस क्षेत्र की सुरक्षा में सेंध लगने की संभावना से उपायुक्त को अवगत कराया। साथ ही कहा कि आसपास स्थित विद्यालयों में पढ़ने वाले हजारों विद्यार्थियों और खेल परिसरों में अभ्यास करने वाले सैकड़ों खिलाड़ियों के बीच भी असुरक्षा का भाव रहता है।

युवा आजसू के रांची जिला सह प्रभारी नीतीश सिंह ने कहा कि रांची में कई बार व शराब दुकानें धार्मिक स्थलों एवं शैक्षणिक संस्थानों के बेहद करीब संचालित हो रही हैं। यह बार और शराब दुकानें राज्य सरकार की नियमावली की अवहेलना भी करते हैं। इन सभी पर कार्रवाई की जानी चाहिए। युवा नेता वेदांत कौस्तव ने कहा कि धार्मिक स्थलों व शैक्षणिक संस्थानों के पास खुलेआम शराब बिक रही है। इस पर प्रशासन को जल्द से जल्द संज्ञान लेने की आवश्यकता है।

## अर्जुन मुंडा ने तमाड़ प्रखंड के गांवों में किया जनसंपर्क


**रांची :** केंद्रीय मंत्री और खूंटी लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने तमाड़ प्रखंड (खूंटी) के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क किया। उन्होंने कहा कि देशभर में रहने वाले किसान, महिला, युवा, गरीब, सबके लिए नीति बनाने का काम हमारी सरकार कर रही है। आज भारत सरकार जनता की भलाई के लिए नीतियां बनाकर राज्य सरकार को पैसा



भेजती है लेकिन राज्य सरकार इन योजनाओं को लागू करने में विफल है। अर्जुन मुंडा ने कहा कि केंद्र सरकार ने नल-जल योजना के लिए पैसा भेजा लेकिन उसका बुरा हाल है। केंद्र सरकार गरीबों के लिए मुफ्त अनाज भेज रही है लेकिन उसका भी बंदरबांट यह सरकार कर रही है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चल रही सरकार सबके कल्याण के बारे में सोचती है और कार्य करती है। ऐसी सरकार को हमें फिर से लाना है। फिर से हम सब मोदी सरकार बनाएं। अर्जुन मुंडा ने कहा कि हमारे बच्चे शिक्षित हों, परिवार स्वस्थ्य हो, लोगों को रोजगार मिले, इस तरह के कार्य को आगे बढ़ाया जा रहा है। आज हमारा देश आत्मनिर्भर बन रहा है। विदेशों में बनने वाले सामान हमारे देश में बन रहे हैं। खूंटी वासियों के लिए गर्व करने का पल यह है कि सबसे महंगा बिकने वाला फोन ह्यआईफोनह्ण यहां की बेटियां बना रही हैं। रोजगार मेले के माध्यम से हमने खूंटी लोकसभा क्षेत्र की हजारों बेटियों को रोजगार दिया है। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार के दस साल की उपलब्धियां गिनायी और केंद्र में मोदी सरकार को फिर से लाने की अपील की।

## संत जेवियर्स कॉलेज में अंधा युग का हुआ मंचन

**रांची :** संत जेवियर्स कॉलेज में सोमवार को धर्मवीर भारती के कालजयी नाटक अंधा युग का मंचन किया गया। मौका था कॉलेज के अंग्रेजी विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय कल्चरल फेस्ट का। इस बहुमुखी कार्यक्रम के अंतर्गत गायन, नृत्य और क्विज का भी आयोजन किया गया जिसके माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और हुनर को प्रदर्शित किया।




इस दौरान कॉलेज के रेक्टर डॉ फादर एलेक्स एक्का एस जे, उपप्राचार्य डॉ फादर अजय मिंज, रजिस्ट्रार डॉ फादर प्रभात केनेडी सोरेंग, एस जे, परीक्षा नियंत्रक प्रो बी के सिन्हा, फादर संजय केरकेट्टा एस जे और अंग्रेजी की विभागाध्यक्ष डॉ जूही होरो ने विभाग के विभिन्न क्लबों के लोगो का अनावरण किया। उप प्राचार्य डॉ फादर अजय मिंज एस जे ने अंग्रेजी विभाग के द्वारा की गई पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि विद्यार्थियों ने परीक्षा का दवाब होने के बावजूद लगन और परिश्रम के साथ को प्रयास किया है वह सराहनीय है और यही संत जेवियर्स कॉलेज की विशेषता भी है। रेक्टर फादर एलेक्स एक्का, एस जे ने कहा कि अंग्रेजी विभाग कॉलेज के अग्रणी विभागों में से एक है और विभाग के द्वारा नाट्य परंपरा को पुनर्जीवित करने का प्रयास सुखद है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण अंधा युग नाटक का मंचन रहा जो आलोक भल्ला द्वारा मूल नाटक के अंग्रेजी अनुवाद पर आधारित था। नाटक के माध्यम से आधुनिक समाज में फैली विषमताओं, मूल्यों के पतन और पशुतात्मक शक्तियों के प्रभाव को दशार्या गया। विद्यार्थियों के दमदार अभिनय ने सभी का मन मोह लिया और पूरा ऑडिटोरियम तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस दौरान राजनीतिक परिवेश पर टीम अभिव्यक्ति द्वारा नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया। इस दौरान डॉ जूही होरो, डॉ अचल सिन्हा, डॉ सुमना घोष, डॉ थॉमस डुंगडुंग, प्रो राम मुर्मू, डॉ अभिजीत डे, प्रो डेनिस टेटे और प्रो आशीष रंजन उपस्थित थे।

## मेडिका के डॉ. विजय मिश्र को स्पायरिंग इंटेनसिविस्ट ऑफ इंडिया से सम्मानित

**रांची :** मेडिका हॉस्पिटल, रांची के क्रिटिकल केयर विभाग के निदेशक, डॉ. विजय मिश्र को उनकी मेहनत, जिम्मेदारीपूर्ण कार्यप्रणाली और सामाजिक भागीदारी के लिए टाइम्स ग्रुप द्वारा इंस्पायरिंग इंटेनसिविस्ट ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान डॉ. मिश्र को उनकी उत्कृष्टता और चिकित्सा क्षेत्र में उनके अभूतपूर्व योगदान के लिए दिया गया। सम्मान समारोह दिल्ली के होटल ताज पैलेस में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि फ्रांस की यूनिवर्सिटी पेरिस-सैकले में थेरेप्यूटिक्स और क्रिटिकल केयर मेडिसिन के प्रोफेसर जीन-लुई टेबौल थे. समारोह में देश-विदेश की प्रतिष्ठित हस्तियों सहित कई गणमान्य उपस्थित थे। डॉ. मिश्र की इस उपलब्धि पर मेडिका के एवीपी, श्री अनिल कुमार ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा, डॉ. विजय मिश्र और



मेडिका के सभी चिकित्सक अपने-अपने क्षेत्र में धुरंधर हैं और समाज तथा देश के प्रति गहरी समर्पण भावना रखते हैं।

डॉ. मिश्र ने सम्मान प्राप्त करते हुए कहा, इस सम्मान ने मेरी जिम्मेदारियों को और बढ़ा दिया है और मुझे चिकित्सा क्षेत्र में, मरीजों के प्रति और अधिक कार्य करने की प्रेरणा मिली है। डॉ. मिश्र की यह उपलब्धि मेडिका हॉस्पिटल और झारखंड के अन्य चिकित्सकों के लिए भी यह प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी।

### होनहार छात्र युवा सिंगर काव्य नाथ शाहदेव सम्मानित

**रांची :** गीत संगीत कि खुशबू पूरे झारखंड में बिखरने वाला होनहार छात्र काव्य नाथ शाहदेव आज काफी मशहूर हो चुका है। कई चुनौतियों का सामना करते हुए अब वह आगे बढ़ रहा है। फलाही कमेटी की ओर से कांके निवासी काव्य नाथ शाहदेव को कांके के एक होटल में मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। काव्या गीत संगीत के क्षेत्र में अपनी



प्रतिभा का परचम लहरा रहा है राज्य समेत रांची का नाम रोशन कर रहा है। फलाही कमेटी के अध्यक्ष बुलंद अख्तर ने काव्य नाथ शाहदेव की काफी तारीफ की। उन्होंने कहा कि इतनी छोटी सी उम्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है । उन्होंने कहा कि काव्य की आवाज बहुत अच्छी है। आने वाले कल का स्टार है। काव्य की मां ने बताया कि जब से मेरी आवाज मेरी पहचान ने मंच दिया तब से काव्य मशहूर हो गया है। उन्होंने बताया कि अपनी मेहनत और लगन से आगे बढ़ रहा है। अभी वह क्लास 10 में है इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष बुलंद अख्तर, संतोष कुमार, सुलोचना शाहदेव, कृति शाहदेव आदि मौजूद थे।

### यशस्विनी सहाय छह को करेंगी नामांकन

**रांची :** रांची लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन की कांग्रेसी उम्मीदवार यशस्विनी सहाय छह मई को नामांकन दाखिल करेंगी। इस मौके पर गठबंधन में शामिल। कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय जनता दल और वाम दल के नेता मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। राज्य के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

## अबकी बार 400 पार का लक्ष्य होगा साकार, फिर एक बार मोदी सरकार : खीरू महतो

**रांची :** जदयू प्रदेश कार्यसमिति की बैठक सोमवार को प्रेस क्लब में हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने की।

बैठक में प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो ने एनडीए को समर्थन का ऐलान किया। कार्यकताओं को अपने -अपने लोकसभा क्षेत्र में एनडीए उम्मीदवार के साथ समन्वय स्थापित कर चुनाव में सहयोग करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को साकार करना है और पुनः देश में मजबूत सरकार लानी है।

जदयू कार्यसमिति की बैठक में जदयू नेता डॉ आफताब जमिल, श्रवण कुमार, भगवान सिंह, सुशील सिंह, सागर कुमार, निर्मल सिंह, रेणु गोपीनाथ, शैलेंद्र महतो, पिंटू सिंह, राजू महतो, दुष्यंत पटेल, अर्जुन मेहता, सरयू गोप, आशा शर्मा, बिगा मिंज, कौशल कुमार, उदय सिंह, नागमणी सिन्हा, संजय ठाकुर, अखिलेश राय, उपेंद्र सिंह, दीप नारायण सिंह, रामाशीष डांगी, प्रदीप महतो, तेतरा महतो, रामजी प्रसाद एवं अन्य शामिल थे।

वहीं दूसरी ओर बैठक से पहले सांसद संजय सेठ, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद खीरू महतो से उनके निवास पर मुलाकात कर उनसे आशीर्वाद लिया । साथ ही उन्हें दो मई को अपने नामांकन में शामिल होने का अनुरोध किया। इस दौरान पार्टी के प्रदेश महासचिव श्रवण कुमार, पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार, भाजपा नेता संजीव साहू भी उपस्थित रहे। खीरू महतो ने सेठ को शुभकामनाएं और जीत की अग्रिम बधाई दी।

### एकाउंटेंट संजय कुमार हत्याकांड के आरोपित सुशीला कुजूर की जमानत याचिका खारिज

**रांची :** अपर न्यायायुक्त एमसी झा की कोर्ट ने बिल्डर सह जमीन कारोबारी कमल भूषण के एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या के मामले में मुख्य आरोपित डब्लू कुजूर की पत्नी सुशीला कुजूर की जमानत याचिका सोमवार को खारिज कर दी। मामले में सुशीला कुजूर की ओर से 27 अप्रैल को जमानत याचिका दाखिल की गई थी। मामले के आरोपित डब्लू कुजूर, उसका भाई छोटू कुजूर और बेटा राहुल कुजूर की जमानत याचिका अदालत से पूर्व में ही खारिज हो चुकी है। आरोप है कि डब्लू कुजूर और राहुल कुजूर के इशारे पर षड्यंत्र रचकर एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या हुई थी। पांच जुलाई, 2023 को एकाउंटेंट संजय कुमार की ऑफिस से घर लौटने के दौरान शूटरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस हत्या की घटना के बाद एसआईटी गठित की गई थी। मामले में डब्लू कुजूर, उसकी पत्नी सुशीला कुजूर और बेटा राहुल कुजूर सहित 11 आरोपितों के खिलाफ सुखदेव नगर थाना में कांड संख्या 269/2023 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। मामले में सभी आरोपित जेल में हैं।

## गर्मी की छुट्टियों से पहले रेलवे चला रहा समर स्पेशल ट्रेनें

**रांची :** राज्य के सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां जल्द होने वाली हैं। ऐसे में दक्षिण पूर्व रेलवे की ओर से इस दौरान समर स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की गयी है, जिससे राज्य के यात्री छुट्टी मनाने अलग अलग स्थानों पर जा सकते हैं। दक्षिण पूर्व रेलवे के अनुसार, नियमित ट्रेनों के अतिरिक्त एक दर्जन समर स्पेशल ट्रेनें हैं, जिसमें सीट मिल सकती है। अधिकांश गाड़ियों को जून के अंतिम सप्ताह तक परिचालित किया जाएगा।

**ट्रेनों में मुख्य रूप से शामिल :** 08624 रांची-इस्लामपुर स्पेशल ट्रेन प्रत्येक शनिवार को चलेगी। ट्रेन संख्या 08183 टाटानगर पटना



स्पेशल प्रत्येक शनिवार को टाटानगर एवं पटना से चलायी जायेगी। ट्रेन संख्या 02839 और 02840 शालीमार-पुरी स्पेशल शालीमार से प्रत्येक रविवार और पुरी से प्रत्येक सोमवार चलेगी। ट्रेन संख्या 07223 और 07224 सिकंदराबाद-संतरागाछी स्पेशल सिकंदराबाद से प्रत्येक शुक्रवार और संतरागाछी से प्रत्येक शनिवार।

-ट्रेन संख्या 07225 और 07226 सिकंदराबाद-शालीमार स्पेशल सिकंदराबाद से प्रत्येक सोमवार और शालीमार से प्रत्येक मंगलवार। ट्रेन संख्या 02863 और 02864 हावड़ा-यशवंतपुर स्पेशल हावड़ा से प्रत्येक गुरुवार को और यशवंतपुर से प्रत्येक शनिवार को चलेगी। ट्रेन संख्या 06507 और 06508 एसएमवीटी बेंगलुरु-खड़गपुर-एसएमवीटी बेंगलुरु स्पेशल एसएमवीटी बेंगलुरु से प्रत्येक शुक्रवार और खड़गपुर से प्रत्येक सोमवार ट्रेन संख्या 06081/06082 कोचुवेली-शालीमार स्पेशल, कोचुवेली से प्रत्येक शुक्रवार और शालीमार से प्रत्येक सोमवार को चलेगी।

-ट्रेन संख्या 02847 और 02848 संतरागाछी-दीघा स्पेशल प्रत्येक शनिवार को संतरागाछी और दीघा से हर रविवार को चलाई जायेगी।

-ट्रेन संख्या 03465/03466 मालदा टाउन-दीघा स्पेशल मालदा टाउन से हर शनिवार और दीघा से हर रविवार चलेगी. ट्रेन संख्या 06585/06586 एसएमवीटी बेंगलुरु-हावड़ा-एसएमवीटी बेंगलुरु स्पेशल एसएमवीटी बेंगलुरु से प्रत्येक शुक्रवार और हावड़ा से प्रत्येक शनिवार चलेगी। ट्रेन संख्या 07221/07222 सिकंदराबाद संतरागाछी स्पेशल सिकंदराबाद से प्रत्येक मंगलवार और संतरागाछी से प्रत्येक बुधवार चलेगी। ट्रेन संख्या 08014/08013 रांची- स्पेशल रांची से प्रत्येक गुरुवार को और भागलपुर से प्रत्येक शुक्रवार को जायेगी। ट्रेन संख्या 08103/08104 टाटानगर-वाराणसी स्पेशल टाटानगर से प्रत्येक गुरुवार को और वाराणसी से प्रत्येक शुक्रवार को चलेगी। ट्रेन संख्या 08483/08484 पुरी-शालीमार स्पेशल पुरी से प्रत्येक रविवार और शालीमार से प्रत्येक सोमवार चलेगी।

### झारखंड हाई कोर्ट ने मानव तस्कर की पत्नी की जमानत याचिका खारिज की

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट ने कुख्यात मानव तस्कर पन्नालाल महतो की पत्नी सुनीता देवी की जमानत याचिका खारिज कर दी। सुनीता देवी ने 12 अप्रैल, 2022 को एनआईए की विशेष अदालत में आत्मसमर्पण किया था। सुनीता पर पुलिस ने एक लाख रुपये का इनाम भी घोषित किया था। एनआईए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की कोर्ट ने उसकी जमानत खारिज कर दी थी। इसके बाद उसने जमानत के लिए हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की। पन्नालाल महतो और उसकी पत्नी सुनीता पर 15 साल में पांच हजार बच्चों का सौदा कर करोड़ों रुपये की संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। झारखंड की बच्चियों को काम दिलाने के नाम पर दिल्ली-मुंबई समेत बड़े शहरों में बेचने के मामले में तीन जुलाई, 2019 को ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट थाने में एफआईआर दर्ज किया गया था।

## बीचा मुखिया महेश बेदिया की हत्या के आरोप में साहिल को उम्र कैद की सजा

### प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने सुनाई सजा

**रामगढ़।** पतरातू प्रखंड के बीचा पंचायत के मुखिया महेश बेदिया की हत्याकांड में साहिल उर्फ सिद्दीकी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। सोमवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आलोक कुमार दुबे की अदालत ने किया सजा सुनाई। अदालत ने धारा 302 के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दस हजार रुपये जुमार्ना भी लगाया गया है। वहीं एक अन्य धारा के तहत आरोपी को सात वर्ष सजा व दस हजार रुपये जुमार्ना लगाया गया है। दोनों सजा साथ-साथ चलेगी। न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देने से पूर्व जांच अधिकारी सहित सभी गवाहों की गवाही और लोक अभियोजक परमानंद यादव के बयान के आधार पर दोषी पाया था।

### पैसे के लेनदेन के कारण हुई थी मुखिया की हत्या

जानकारी के अनुसार पैसे की लेनदेन के कारण पतरातू प्रखंड स्थित बीचा पंचायत के मुखिया महेश बेदिया की हत्या 9 जनवरी 2022 को हुई थी। मामले का दोषी साहिल ठेकेदारी का काम करता था। पंचायत में हुए शौचालय निर्माण के बकाया पैसे और कमीशन को लेकर उसकी मुखिया महेश बेदिया से अनबन चल रही थी। वह बार-बार हिसाब के लिए मुखिया को मिलने बुला रहा था, लेकिन वे नहीं आ रहे थे। घटना के दो दिन पूर्व इसी बात को लेकर दोनों के बीच झड़प भी हुई थी। 9 जनवरी 2022 को मुखिया अपनी बाइक मरम्मत करवाने भदानीनगर पहुंचे तो साहिल को मौका मिल गया। उसने सुनियोजित तरीके से मुखिया महेश बेदिया की हत्या कर शव को सौंदा डी स्थित सीसीएल की पोखरिया में फेंक दिया था।

## विश्वकर्मा मंदिर में इनरव्हील क्लब ने लगवाया वाटर कूलर, राहगीरों को मिलेगा ठंडा पानी



**रामगढ़।** बढ़ती गर्मी को देखते हुए इनरव्हील क्लब रामगढ़ के तत्वाधान में सोमवार को विश्वकर्मा मंदिर परिसर में वाटर कूलर शुभारंभ किया गया। सर्व प्रथम मंदिर के पुजारी ने विधिवत रूप से क्लब के सदस्यों के हाथों पूजा अर्चना करवाया। इसके बाद वाटर कूलर का उद्घाटन किया। मौके पर क्लब की अध्यक्ष मेघा बगड़िया ने कहा कि जिले में बढ़ती गर्मी को देखते हुए विश्वकर्मा मंदिर में वाटर कूलर लगवाया गया, ताकि यहां आने वाले भक्त व राहगीरों को शुद्ध जल के साथ साथ ठंडा पानी मिल सकेगा और वे अपनी प्यास बुझा पाएंगे। उन्होंने कहा कि जल्द ही अन्य मंदिरों व सार्वजनिक स्थलों पर वाटर कूलर लगवाया जाएगा। इस अवसर पर सचिव नीरू साहनी, पीडीसी शर्मिष्ठा दत्ता, अनुराधा सर्राफ, जसविंदर होरा, नम्रता जैन, रंजू अरोड़ा, मनवीर कौर, दीपा वडेरा, जसमीत सोनी, पिंकी बंसल, पिंकी पोद्दार, बलविंदर कौर, जसप्रीत कौर, नीतू अग्रवाल, मीना बडेरा, नवलजीत कौर, ममता अग्रवाल आदि उपस्थित थी।

## अर्थशास्त्र विभाग ने पोस्टर प्रतियोगिता का किया आयोजन

### नागरिकों को अपने मुलभूत अधिकारों की जानकारी होनी चाहिए :बीएन साह



**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय रामगढ़ के अर्थशास्त्र विभाग ने मतदान जागरूकता फैलाने के संबंध में पोस्टर प्रतियोगिता आयोजन किया गया। जिसमे स्नातक एवं स्नाकोत्तर के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता होते रहनी चाहिए। ताकि नागरिको को अपने मुलभूत अधिकारों की जानकारी होते रहे और अपनी उजवल भविष्य कि ओर अग्रेषित होते रहे। विभाग के विभागाध्यक्ष नवीन कुमार ने कहा किसी भी लोक तांत्रिक देश के लिए मतदान बहुत ही जरूरी है। देश में देश के नागरिक के द्वारा शाशक का चयन करना मतदान कि प्रक्रिया के वजह से ही होता है। मतदान कि वजह से ही आम आदमी अपने इच्छा अनुसार ईमानदार और नेक प्रतिनिधि को चुन सकता है और देश को अच्छी सरकार मिल सकती है।

### ये थे उपस्थित

मौके पर विश्वविद्यालय के सचिव महोदया प्रियंका कुमारी, कुलसचिव डॉ निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ अशोक कुमार, सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ रश्मि, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, व्याख्याता छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## रेफरल अस्पताल में इंजीनियर एवं संवेदक के द्वारा सरकारी काम में अनियमितता बरतने को लेकर उपायुक्त को दिया आवेदन



**कुजू।** रेफरल अस्पताल भरेचनगर में सरकारी काम में इंजीनियर एवं संवेदक के द्वारा अनियमितता बरते जाने को लेकर की समाजसेवी रवि कुमार ने उपायुक्त से मिलकर आवेदन दिया है। साथ ही उच्चस्तरीय जांच करने की मांग की है। आवेदन में उन्होंने कहा है कि इंजीनियर एवं ठिकेदार के द्वारा बोरिंग की गहराई में कमी इस्टीमिट के अधार पर नहीं की गई, चिप्स का साइज भिन्न है, लोकल रॉड छड़ का उपयोग तथा मैटेरियल की गुणवत्ता में अनियमितता बरती जा रही है और जैसे तैसे तेजी से कार्य किया जा रहा है, स्थानीय लोगों को काम नही देने और जल्दबाजी में इंजीनियर की अनुपस्थिति में काम को किया भी किया जा रहा है। रवि कुमार व अन्य ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में आम जनता को धोखे में रखकर किया जा रहा है। जिसका विरोध ग्रामीणों द्वारा किया जा रहा है।

### इंडिया गठबंधन ने किया प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मोदी सरकार पर बोला हल्ला

# लोकतंत्र खतरे में, आरक्षण और संविधान बचाने के लिए जनता के बीच है इंडिया गठबंधन:जेपी पटेल




### धर्म के नाम पर राजनीति करने वाले देश में फैला रहे नफरत का जहर :अंबा प्रसाद

**रामगढ़।** इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार जय प्रकाश भाई पटेल और अन्य नेताओं ने सोमवार को होटल सैनी के सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मोदी सरकार पर जमकर हल्ला बोला। सभी ने एक साथ मिलकर केंद्र की सरकार को कठघरे में खड़े कर दिये। सभी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने 400 पार का नारा दिया। लेकिन दो चरण के चुनाव संपन्न होने के बाद ही 400 पार वाला नारा भूल गए। जिससे स्पष्ट हो गया कि देश का माहौल इंडिया गठबंधन के साथ है।

**लोकतंत्र, आरक्षण और संविधान बचाने की जिम्मेदारी जनता के कंधों पर है :** जेपी पटेल ने कहा कि लोकतंत्र, आरक्षण और संविधान बचाने की जिम्मेदारी जनता के कंधों पर है। जिस गरीबी हटाओ और भ्रष्टाचार के खिलाफ जनता ने भाजपा को सत्ता सौंपी थी, आज वही जानता आर्थिक तंगी से आत्महत्या कर रही है। किसानों को आंदोलन करना पड़ रहा है। देश के संसाधनों को मित्रों में बांटा जा रहा है। जिस भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा बोलती थी वही पार्टी पूरे देश में घोटाले के आरोपी नेताओं को अपने वाशिंग मशीन में साफ कर रही है। सुप्रीम कोर्ट ने अगर हस्तक्षेप नहीं किया होता तो इलेक्टोरल बॉन्ड भी जनता के बीच नहीं आता।

**भाजपा उम्मीदवार पर इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदने का आरोप :** हजारीबाग के उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने भी साढे चार करोड़ के इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदे थे। जनता के बीच पूरी स्थिति स्पष्ट हो चुकी है। श्री पटेल ने कहा कि भाजपा चंदा दो और धंधा लो, चंदा दो, टिकट लो की पार्टी बन गई है।

**कोईलांचल में नहीं हुआ विकास, उनके पिता ने रखी थी नींव :** जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि रामगढ़ कोयलांचल का हिस्सा है। यहां विस्थापन एक बड़ा मुद्दा है। लेकिन यहां के कोलियरी से निकल गए कोयले को अडानी और अंबानी के पावर प्लांट में भेजा जा रहा है। यहां के सभी संसाधन बाहर जा रहे हैं और यहां के लोग बिजली, पानी, सड़क और मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। उन्होंने अपने पिता स्वर्गीय टेकलाल महतो को भी याद किया और कहा कि जिस धरतीपुत्र ने झारखंड को बनाया , आज उनका बेटा चुनावी समर में है। जनता उस धरतीपुत्र को श्रद्धांजलि और सम्मान देने के लिए उन्हें वोट करेगी।

**भाजपा कर रही पावर का मिसयूज, मैं भी हूं उसकी शिकार:अंबा :** प्रेस कॉन्फ्रेंस में अंबा प्रसाद ने भी भाजपा पर पावर का मिसयूज करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वह एक विधायक हैं, लेकिन पावर के मिसयूज का शिकार भी हो रही हैं। यही वजह है कि हमेशा विपरीत परिस्थितियों में ही उन्होंने चुनाव की जंग जीती है। पार्टी ने बहुत अच्छा प्रत्याशी जनता को दिया है। उन्होंने कहा कि हजारीबाग के पिछले सांसद को बहुत शक्तियां मिली थी। लेकिन विस्थापितों की ना तो समस्या दूर हुई और ना ही बिजली, पानी, सड़क, ट्रेन, एयरपोर्ट, स्कूल, हॉस्पिटल जैसे मूलभूत संसाधनों में कोई बदलाव आया।

**राम के नाम पर वोट मांगने वाले देश में फैला रहे नफरत :** प्रेस कॉन्फ्रेंस में बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि भाजपा निर्देश को नफरत की भट्टी में झोंक दिया है। हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई हर समाज को अलग वर्गो में बांट दिया है। उनकी नफरत का बीज का असर नहीं हो रहा तो वह राम के नाम पर लोगों को बरगला रहे हैं। ऐसा लग रहा है जैसे देश में राम एक विशेष दल के हो गए हैं। उन्होंने कहा कि राम मयार्दा पुरुषोत्तम हैं। राम राज्य तभी आएगा जब हर धर्म, जाति और नारी का सम्मान होगा। लेकिन नफरतों का बीज बोकर भाजपा अपनी रोटी सेक रही है। अपनी शक्तियों का दुरुपयोग कर देश के संसाधनों को बेचने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि मेरी राजनीतिक जीवन का अंत करने के लिए कुछ लोगों ने सुपारी भी ले रखी है। लेकिन मैं पूरी सजगता से खड़ी हूं। उन्होंने यह भी कहा कि ईडी ने उन्हें सम्मन किया था, तब उन्होंने संगीत से उसका जवाब दिया। जो लोग मन के साफ और दिल के सच्चे होते हैं, वह संगीत से ही लोगों का दिल जीतते हैं। उसका संकेत भी जनता समझ रही है।

### धरतीपुत्र के लिए चल रहा अंडर करंट : फागू बेसरा

को-ऑर्डिनेशन कमेटी के अध्यक्ष और झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव फागू बेसरा ने गठबंधन के उम्मीदवार जयप्रकाश भाई पटेल को धरतीपुत्र बताया। उन्होंने कहा कि इस धरतीपुत्र के लिए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में अंडर करंट चल रहा है। जयप्रकाश भाई पटेल के पिता स्वर्गीय टेकलाल महतो आंदोलनकारी नेता रहे हैं। उन्होंने झारखंड के निर्माण के लिए आंदोलन किया और उसे एक मुकाम पर पहुंचाया । एक-एक घर का सदस्य का संबंध उनके साथ है। पिछले 10 वर्षों में जिस तरह तानाशाही सरकार केंद्र में स्थापित है, उसे उखाड़ फेंकने के लिए जनता ने अपना मन बना लिया है। सबसे बड़ा आक्रोश झारखंड में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल भेजने के लिए भी है। उसे जनता बर्दाश्त नहीं कर रही। हेमंत सोरेन को सिर्फ इसलिए जेल भेजा गया क्योंकि उनके रहते झारखंड में उनकी मनमानी नहीं चलती। आज देश का मजदूर, किसान, युवा, खिलाड़ी वर्ग सभी नाराज हैं। कोल इंडिया के कई प्रोजेक्ट उनकी गलत नीतियों की वजह से बंद हो गए। आज बेरोजगारी का आलम यह है कि अपराध भी बढ़ता जा रहा है।

### प्रेस कॉन्फ्रेंस में ये थे उपस्थित

प्रेस कॉन्फ्रेंस में आवाज बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजाद अनवर, जयशंकर पाठक, राजकुमार महतो, देवकीनंदन बेदिया, हीरा गोप, रमेश यादव, रियाज अहमद, बजरंग महतो, भुनेश्वर महतो, शांतनु मिश्रा, विनोद महतो सहित इंडिया गठबंधन के कई नेता शामिल थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर में शिशु-बाल, किशोर-तरूण एवं कन्या भारती का हुआ गठन

### बच्चों में लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास और दायित्व बोध आवश्यक : उमेश प्रसाद





**रजरप्पा।** सीसीएल रजरप्पा कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में लोकतांत्रिक तरीके से नवीन सत्र 2024-25 के लिए शिशु-बाल, किशोर-तरूण एवं कन्या भारती का गठन विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद की अध्यक्षता में किया गया। प्राचार्य ने बताया कि विद्या भारती द्वारा संचालित शिशु मंदिरों में शिशु-बाल, किशोर-तरूण एवं कन्या भारती का गठन किया जाता है। इससे विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियां सुचारू रूप से चलती है। छात्र-छात्राओं के नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। यहां अध्ययन करने वाले विद्यार्थी सर्वगुण संपन्न हो, इसी उद्देश्य को लेकर शिशु मंदिरों में शिशु, बाल, किशोर, तरूण एवं कन्या भारती का गठन किया जाता है। इस दौरान चयनित पदाधिकारियों के साथ विद्यालय की व्यवस्था में बच्चों की भागीदारी के लिए विभित्र विभाग जैसे-वंदना, सांस्कृतिक स्वच्छता, अनुशासन, चिकित्सा, शारीरिक, योग, खेलकूद, खोया-पाया, जल, बागवानी, पुस्तकालय आदि का दायित्व छात्र-छात्राओं के बीच आवंटन किया गया और दायित्व बोध कराया गया। कार्यक्रम का संचालन बच्चूलाल तिवारी ने किया। इस अवसर पर शिशु-बाल, किशोर-तरूण एवं कन्या भारती के संयोजक शुक्ला चौधरी, शिशु भारती की प्रमुख पूनम सिंह, दुर्गा प्रसाद, बाल भारती प्रमुख गौतम कुमार, किशोर-तरूण भारती प्रमुख अमरदीप नाथ शाहदेव, कन्या भारती में विभिन्न वर्गों के प्रमुख कुमारी सुमन, ललिता गिरी, आरती झा, डॉ. गायत्री, प्रभारी मिथिलेश कुमार खन्ना आदि उपस्थित थे।

### इन पदाधिकारियों का हुआ चयन

शिशु भारती के अध्यक्ष रौनक कुमार, उपाध्यक्ष आयुष कुमार, सचिव जगत नारायण राज, सहसचिव विराट कुमार, सेनापति अभिजीत कुमार, उपसेनापति धैर्यश झा चुने गए। वहीं बाल भारती के अध्यक्ष हर्ष कुमार झा, उपाध्यक्ष जिया कुमारी, सचिव वर्षा कुमारी, सहसचिव शेखर कुमार, सेनापति शिवम कुमार साहू, उपसेनापति कुणाल कुमार बने। जबकि किशोर भारती के अध्यक्ष निशांत वर्मा, उपाध्यक्ष दिगम्बर कुमार, सचिव निखिल कुमार, सहसचिव उमेश किस्कू, सेनापति उत्सव कुमार, उपसेनापति राज आर्यन तथा कन्या भारती के अध्यक्ष नूतन कुमारी उपाध्याय, उपाध्यक्ष सलोनी कुमारी, सचिव तन्नु भट्टाचार्य, सहसचिव रागिनी कुमारी, सेनापति आराध्या सेंगर एवं उपसेनापति स्पर्श चक्रवर्ती चुने गए।

## बच्चों ने अपने अभिभावकों को लोकसभा चुनाव में मतदान करने को लेकर लिखा पत्र



**रामगढ़।** जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी चंदन कुमार के निर्देश पर रचनात्मक तरीके से विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर मतदाताओं को उनके मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को विशेष पहल के तहत जिला अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा अपने अभिभावकों को आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करने को लेकर पत्र लिखा जा रहा है। वहीं, जिला प्रशासन द्वारा जिन बच्चों द्वारा प्रभावी तरीके से अपने अभिभावकों को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करने को लेकर पत्र लिखा जा रहा है। उनके पत्र को जिला प्रशासन के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल्स से पोस्ट किया जा रहा है, ताकि ज्यादा से ज्यादा मतदाता अपने मताधिकार के महत्व को समझ कर आगामी लोकसभा आम निर्वाचन में बिना किसी भय, लोभ अथवा किसी भी चीज के प्रभाव में आए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक हो।

**कुजू की सुनैना कुमारी ने अपने अभिवावक को लिखा पत्र** पब्लिक उच्च विद्यालय कुजू की सुनैना कुमारी ने अपने अभिवावक को लिखा है कि, मैं सकुशल हैं। मैं आशा करती हूं कि आप सब सकुशल होगें, आपको जान कर बहुत खशी होगी कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान प्रातः 7 बजे से संध्या 5 बजे तक 20 मई को होगा, मुझे बहुत खुशी होगी कि आप सब वोट देंगे पिताजी माताजी, भईया भी जाऐंगें इससे हमारे देश मे विकास होगा और हमें अच्छी सरकार मिलेगी इसलिए आप जरूर से जरूर जाएं और वोट दें।

## मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक को पुलिस ने परिजनों को सौंपा

**कुजू।** मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक को इलाज कराकर परिजनों को सौंप कर कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय ने मानवता की मिसाल पेश की है। एक माह से लापता मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक सालाबारी पूर्वा डूरामारी, पश्चिम बंगाल का रहने वाला प्रमोद राय का एकलौता पुत्र 26 वर्षीय प्रकाश राय एक माह पूर्व माँ कल्पना राय के संग इलाज कराने के लिए रिनपास जा रहा था। इस दौरान पश्चिम बंगाल से ट्रेन से चलने के बाद दुगापुर के आसपास से प्रकाश अचानक लापता हो गया था। काफी खोजबीन के बाद प्रकाश के नहीं मिलने पर परिजनों ने उसे मृत मान लिया था। वहीं कुजू पुलिस को गस्ती के दौरान 26 अप्रैल की देर रात फोरलेन सड़क पर मानसिक विक्षिप्त हालत में युवक मिला। जिसके बाद पुलिस ने इलाज करवाया व खाना खिलवाया। साथ ही, मानसिक विक्षिप्त युवक से घर का पता पूछताछ करने पर युवक केवल बंगला भाषा में केवल एनजीपी पश्चिम बंगाल का जिक्र कर रहा था। इसके बाद कुजू पुलिस ने पश्चिम बंगाल के बानरहाट पुलिस से संपर्क किया। इसके बाद परिजनों से संपर्क हुआ। जिसपर 28 अप्रैल को सिलीगुड़ी से प्रकाश को लेने मामा धनेश्वर राय कुजू ओपी पहुंचे। कुजू ओपी प्रभारी ने कागजी प्रक्रिया के बाद प्रकाश को परिजनों को सौंप दिया गया। प्रकाश के मामा सह सिलीगुड़ी निवासी धनेश्वर राय ने पुलिस टीम का आभार प्रकट किया है। उन्होंने बताया कि उसके गायब होने के बाद माता- पिता सहित कई परिजनों द्वारा प्रकाश की खोजबीन की गयी। लेकिन प्रकाश का कोई सुराग नही मिला।

TATA
**टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**
रजि. कार्यालयः 11वीं मंजिल, टावर ए, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, गणपतराव टाटा कदम मार्ग, लोअर परेल, मुंबई-400013 सीआईएन नंबर यू67190एमएच2008पीएलसी187552

**कब्ज़ा नोटिस (अचल संपति के लिए)**
(सुरक्षा हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8(1) के साथ पढ़े गए परिशिष्ट IV के अनुसार)

जबकि, वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अधोहस्ताक्षरी टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी है। सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002, जैसा कि नीचे बताया गया है, एक डिमांड नोटिस जारी किया गया है, जिसमें उधारकर्ताओं से बिक्री नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने का आह्वान किया गया है। उधारकर्ता, राशि चुकाने में विफल रहने पर, उधारकर्ता को, विशेष रूप से और जनता को, सामान्य रूप से नोटिस दिया जाता है, कि नीचे वर्णित संपत्ति पर अधोहस्ताक्षरी ने धारा 13 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कब्जा कर लिया है। 4) उक्त अधिनियम के नियम 8 के साथ पढ़ें। उधारकर्ता, विशेष रूप से, और सामान्य रूप से जनता को चेतावनी दी जाती है कि वे संपत्ति के साथ लेनदेन न करें और संपत्ति के साथ कोई भी लेनदेन टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के शुल्क के अधीन होगा, जिसमें ब्याज के साथ नीचे दी गई राशि शामिल होगी। उस पर और नीचे उल्लिखित तिथि से दंडात्मक ब्याज, शुल्क, लागत आदि।

सुरक्षित संपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

| ऋण खाता संख्या | दायित्वधारी का नाम कानूनी सहायक/ कानूनी प्रतिनिधि | डिमांड नोटिस की राशि और तारीख | कब्ज़ा दिनांक |
|---|---|---|---|
| TCHHL05350 00100005541, TCHIN053500 0100130707& TCHIN05350 00100069676 | सुशील कुमार एवं, संजू कुमारी | रु. 25,35,754 (पच्चीस लाख पैंतीस हजार सात सौ चौवन रुपये मात्र ) 12/02/2024 तक | 27/04/2024 |

**सुरक्षित संपत्तियों/अचल संपत्तियों का विवरण-** अचल संपत्ति का वह सारा टुकड़ा और पार्सल, जो सहारा के सुंदरबन चरण-I के परिसर में निचले भूतल पर एक आवासीय फ्लैट है, जिसका नंबर मधुका/2011 है, जिसमें सुपर बिल्ट-अप शामिल है। क्षेत्रफल माप 800 वर्ग. फीट और एक स्कूटर पार्किंग की जगह, माप 23 वर्ग। फीट और भूमि का अविभाजित आनुपातिक हिस्सा, माप 267 वर्ग। फुट. नए खाता नंबर 333 के भीतर स्थित मधुका नाम की इमारत में दर्ज, जो मौजा पारडीह, पी.एस. में स्थित नए प्लॉट नंबर 436 के हिस्से में है। मानगो, थाना नंबर 1641, वार्ड नंबर 9 (एम.एन.ए.सी.) के अंतर्गत जिला उप-रजिस्ट्री कार्यालय और टाउन जमशेदपुर, जिला पूर्वी सिंहभूम, राज्य झारखंड के अंतर्गत। (संपत्ति शाखा रोड पर स्थित है) खंड संख्या 36, पृष्ठ संख्या 164, 165, 166, होल्डिंग संख्या 0090006345000ए1। यह इससे घिरा है- उत्तर- मधुका/2012, दक्षिणःमार्ग, पूर्व- अशोक/1011, पश्चिमः मार्ग, इमारत इससे घिरा है- उत्तरः सीमा दीवार, दक्षिणः गली, पूर्व : आंतरिक सड़क, पश्चिमः सीमा दीवार

| ऋण खाता संख्या | दायित्वधारी का नाम कानूनी सहायक/ कानूनी प्रतिनिधि | डिमांड नोटिस की राशि और तारीख | कब्ज़ा दिनांक |
|---|---|---|---|
| 9451206 | स्वाति सहाय एवं विवेक कुमार सिन्हा | रु. 31,05,971/- (इकतीस लाख पांच हजार नौ सौ इकहत्तर रुपये मात्र) 10-02-2024 तक | 26-04-2024 |

**सुरक्षित संपत्तियों/अचल संपत्तियों का विवरण-** अचल संपत्ति के सभी स्थान और पार्सल, फ्लैट नंबर 3 ई, तीसरी मंजिल पर, 2006 वर्ग के सुपर बुलिट-अप क्षेत्र के साथ। फुट. 400 वर्ग भूमि में आनुपातिक हिस्सेदारी के साथ। फुट. साई एन्क्लेव में ग्राउंड फ्लोर पर मध्यम आकार के वाहन के लिए सिंगल कार पार्किंग की जगह के साथ, 7 कट्ठा 15.5 धुर भूमि के एक टुकड़े पर, उप-प्लॉट संख्या 691 (पी) के रूप में निर्मित, जो एम.एस. का हिस्सा है। प्लॉट नंबर 691, ग्राम चाडरी के खाता नंबर 18 से संबंधित, थाना नंबर 199, रांची नगर निगम के वार्ड नंबर 22, रेडलूम रोड, झारखंड राज्य में रांची शहर और जिले के भीतर

| ऋण खाता संख्या | दायित्वधारी का नाम कानूनी सहायक/ कानूनी प्रतिनिधि | डिमांड नोटिस की राशि और तारीख | कब्ज़ा दिनांक |
|---|---|---|---|
| 10062884 | श्री जतिंदर कुमार और श्रीमती उषा देवी | रु. 17,71,373.03/- (सत्रह लाख इकहत्तर हजार तीन सौ तिहत्तर और तीन पैसे मात्र) 27-10-2023 तक | 27-04-2024 |

**सुरक्षित संपत्तियों/अचल संपत्तियों का विवरण-** अचल संपत्ति का वह सारा टुकड़ा और पार्सल, जो 1500 वर्ग फुट के क्षेत्रफल वाली संरचना के साथ भूमि का एक भूखंड है। (3.44 दशमलव) असर प्लॉट नंबर-1520, खाता नंबर-252, मौजा-दुगनी, डुप्लेक्स नाम- आर्टिस्टिका, होल्डिंग नंबर- बी1, दुगनी, थाना- सरायकेला, थाना नंबर- 199, जिला- सरायकेला- खरसवां, जमशेदपुर, झारखंड, पिन-833220. संपत्ति की सीमा इस प्रकार है- उत्तर की ओर- 30 फीट चौड़ी सड़क, दक्षिण की ओर- प्लॉट नंबर-1520 का हिस्सा (उप-प्लॉट नंबर-पी-1), पूर्व की ओर- 20 फीट चौड़ी सड़क, पश्चिम की ओर- प्लॉट नंबर-1520 का हिस्सा ( सब-प्लॉट नंबर-डुप-बी-3)।

दिनांकः- 30/04/2024
स्थानः झारखंड

एसडी//- टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के लिए प्राधिकृत अधिकारी

## उत्क्रह्मित मध्य विद्यालय कटिया में अज्ञात चोरों ने महीने में दूसरी बार बिजली के तार चुरा ले भागे

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

जयनगर प्रखंड अंतर्गत कटिया मोड़ स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में अज्ञात चोरों ने बीती रात विद्यालय के कमरे का ताला तोड़कर वायरिंग की तार को चुरा कर ले गए यह घटना पिछले महीने भी चोरों ने चोरी का अंजाम दिया था। फिर यही घटना रात्रि में अज्ञात चोरों ने किया। जब सुबह विद्यालय के प्रिंसिपल एवं विद्यालय के सभी शिक्षक विद्यालय पहुंचे तो देखा कि कमरे का ताला टूटा हुआ है और पहले की तरह चोरी की अंजाम जो घट चुकी थी फिर वही घटना रात्रि में अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर वायरिंग में लगे तार को उखाड़ कर ले गए। बार-बार कि यह घटना से विद्यालय के शिक्षक परेशान हो चुके हैं इसको लेकर विद्यालय के प्रिंसिपल धनेश्वर राम ने थाना में और शिक्षा विभाग को लिखित आवेदन भी दे दिया। विद्यालय के प्रिंसिपल धनेश्वर राम, ने सुरक्षा की दृष्टि से विभाग को सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग की है जिससे घटना के अंजाम को रोका जा सकता है आगामी चुनाव को लेकर सारे सुविधा को देखते हुए विद्यालय में वायरिंग को चुस्त कर दिया गया था लेकिन बीती रात चोरों ने चुनाव से पहले ही दोबारा वायरिंग के तार को फिर उखाड़ कर ले गए बार-बार किस्त घटना से विद्यालय के शिक्षक के साथ-साथ विद्यालय के बच्चे भी इस भीसन गर्मी में वायरिंग का तार उखाड़ कर ले जाने से लाइट बत्ती और पंखे सभी बंद हो चुके हैं पंखा नहीं चलने के कारण विद्यालय के बच्चे परेशान हो रहे हैं।

## पत्रकार पर हमला करने वाले डॉक्टर को तत्काल गिरफ्तार किया जाए – सीटू

हज़ारीबाग़ - सीपीएम नेता गणेश कुमार सीटू ने कहा है कि शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आई डिपार्टमेंट अपने ! एचओडी के कारनामों से हमेशा सुर्खियों में रहा है। खबर संकलन



करने के लिए वरिष्ठ पत्रकार सूबोध मिश्रा आई डिपार्टमेंट के एचओडी डॉ के के लाल के पास आए और डिपार्टमेंट के ऑपरेशन थिएटर में लगे एयर कंडीशन के संबंध में कुछ पूछताछ करने लगे। सवाल सुनकर डॉक्टर के0के लाल उग्र हो गए और पत्रकार को डांटने लगे। बहस करते-करते दोनों डिपार्टमेंट से बाहर आए। डिपार्टमेंट से बाहर निकलते ही अचानक डॉक्टर के के लाल पत्रकार सुबोध मिश्रा के साथ मारपीट करने लगे और उसके बाद उनको धक्का दिया, जिसके चलते सुबोध मिश्रा ग्रिल से टकरा गए और उनके माथा में चोट लगा। डॉ के के लाल के कार्यशैली और इनके गुस्सा के कारण आई डिपार्टमेंट में आए दिन झगड़ा होते रहता है। इसकी कई शिकायत मेडिकल कॉलेज प्रशासन के पास किया गया फिर कोई समाधान नहीं निकला और आज ये दुखद घटना घट गई। इसलिए हम मांग करते हैं कि इस घटना के दोषी डॉक्टर पर तत्काल करवाई किया जाए नहीं तो इस घटना को लेकर आंदोलन किया जाएगा।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता पर पोस्टर मेकिंग कार्यक्रम का आयोजन




रांची एक्सप्रेस संवाददाता

कोडरमा रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में दिनांक 29.04.2024 दिन सोमवार को महाविद्यालय के एनएसएस इकाई के तत्वधान में एनएसएस प्रभारी मो.सेराज के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा जागरूकता पर पोस्टर मेकिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सत्र-2022-24 व 2023-25 सत्र के प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी सरकार ने सड़क सुरक्षा पर जोर देते हुए सड़क सुरक्षा के नियमों से सबों को अवगत कराया। मौके पर सहायक प्राध्यापक संजीव कुमार, विनोद यादव, रवि भूषण सिंह, सैयद खुर्शीद अली, अनिल कुमार, शिक्षकेत्तर कर्मचारी मिथलेश कुमार, शाहिद खान, सेंटु कुमार, राजकुमार यादव, कुंदन कुमार, सहित प्रशिक्षुगण मौजूद रहे।

## कोर्ट से लेकर पुलिस स्टेशन तक मुफ्त में मिलेगी वकील की सुविधा

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

कोडरमा यदि किसी मामले को लेकर आपको कोर्ट के चक्कर लगाने पड़ रहे और आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं है, आप अपने मामले



को लेकर वकील नहीं कर पा रहे हैं तो कोडरमा जिले में संचालित विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से आप निःशुल्क अधिवक्ता की सेवा प्राप्त कर सकते हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार से कहा कि पैसे के अभाव में कोई भी व्यक्ति न्याय से वंचित नहीं रह सकता है। यदि किसी मामले को लेकर आपको कोर्ट के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, आपकी आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं है। आप अपने मामले को लेकर वकील करने में सक्षम नहीं है कोडरमा जिले में संचालित विधिक सेवा प्राधिकार आपको मुफ्त वकील उपलब्ध कराएगी।

## लोकसभा चुनाव के लिए वाहनों में जप्ती पर्ची चिपकाये जा रहे हैं

बड़कागांव - लोकसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग के द्वारा तैयारियां जोरों पर की जा रही है ।हजारीबाग लोकसभा चुनाव कि मतदान 20 मई होना किय तय गया है। तमाम बूथों का सत्यापन के पश्चात मतदाताओं एवं चुनाव कर्मियों के लिए मूलभूत सुविधाओं का



कार्य तेजी से किया जा रहा है। सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी बालेश्वर राम ने बताया कि बड़कागांव प्रखंड के सभी 127 बुथों में पानी बिजली शौचालय के अलावा अन्य सुविधा उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। आवागमन के लिए वाहनों की जब्ती पर्ची वाहनों में चिपकाई जा रही है । प्रखंड में डेढ़ सौ वाहन चुनाव कार्य के लिए लेना सुनिश्चित किया गया है। जिसमें 100 वाहन रामगढ़ और 50 वाहन बड़का गांव प्रखंड में चुनाव हेतु कार्यों में लगाए जाएंगे। दंडाधिकारी के द्वारा वाहनों में जप्ती पर्ची चिपकाने का भी कार्य जोरों पर की जा रही है। जप्ती पर्ची चिपकाए गए सभी वाहन को 15 मई तक प्रशासन के समक्ष जमा कर देना है ।

# भाजपा प्रत्याशी मनीष व पूर्व विधायक का चला जनसम्पर्क अभियान



**चौपारण** – लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के साथ दर्जनों गाँवों में जनसम्पर्क अभियान चलाकर भाजपा के पक्ष में जनसमर्थन माँगा। अभियान की शुरुआत सिंघरावां मोड़ से हुवा,जहां भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश साव व स्थानिय मुखिया बिरेन्द्र रजक के अगुवाई में स्वागत किया गया। बच्छई पंचायत के मलिकाना, गोविंदपुर पंचायत के लराही, गोरखा, भटबिगहा में सैकड़ो बाइक के साथ प्रत्याशी का स्वागत किया गया। इस दौरान डेबो पंचायत के चक, नवादा, डेबो, करमा में भव्य स्वागत हुवा। बढ़ती गर्मी के बावजूद वृन्दा व रामपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनीष जायसवाल व मनोज यादव का स्वागत किया व भाजपा के पक्ष में समर्थन का भरोसा दिया। प्रत्याशी ने भगवानपुर, पोडो, इगुनिया, पडरिया, ब्रहमोरिया, सेलहारा, पाण्डेयबारा, केंदुवा में चला सघन जनसम्पर्क अभियान। वही बसरिया में रोड शो हुवा जहां सैकड़ो ग्रामीणों ने अबकी बार मोदी सरकार के नारों को समर्थन दिया। अभियान में मंडल अध्यक्ष



सुरेश साव, जिला परिषद सदस्य आरती कौशल, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रेखा देवी, मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, विहिप मंत्री गुरुदेव गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष गजाधर प्रसाद, समिति सदस्य सहदेव प्रसाद यादव, अशोक यादव, भाजपा नेता रामस्वरूप पासवान, राजेन्द्र चनद्रवंशी, अर्जुन साव, महामंत्री अरविंद सिंह, अरविंद साव, बालेश्वर साव, मोहन साव, विजय यादव, नरेश पासवान, पिन्टू सोनी, मुखिया मंटू सिंह, पप्पू रजक, सन्तोष सिंह, पप्पू रजक, भाजपा नेता देवल यादव, संजय यादव, त्रिलोकी यादब, सुरेन्द्र रजक, राजू यादव, मीडिया प्रभारी मुनेश्वर गुप्ता, सुनील सिंह, शिवकुमार प्रजापति, उमेश पासवान, बिनय रजक, बासुदेव यादव सहित अन्य शामिल थे। देश सुरक्षित रहेगा तभी हम सुरक्षित है, मजबूत हाथो में है देश का कमान - मनीष जायसवाल जनसम्पर्क अभियान को सम्बोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने कहा मोदी की गारंटी को दोहराते हुए कहा कि देश आज सुरक्षित हाथो में है। मोदी जी के जनहित व कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है। आज दुनिया भारत को सम्मान की नजरों से देखता है। तीसरी बार मोदी जी पीएम बनेंगे तो कई योजनाएं है जो भारत का तस्विर बदल देगा।

### आपका उत्साह व जनसमर्थन भाजपा प्रत्याशी के जीत की गारंटी है – मनोज यादव

पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि भाजपा उम्मीदवार के प्रति लोगों में उत्साह का माहौल है। प्रचंड गर्मी में आपका घरों से बाहर निकलना मनीष जी के जीत की गारंटी बन रहा है। एक सवाल के जवाब में श्री यादव में कहा कि देश में आरक्षण को लेकर विपक्ष भ्रम फैला रही है। मैं दावे के साथ कह सकता हूँ कि किसी में दम नही है, जो आरक्षण को समाप्त कर दे।

## जेईई मेंस के रिजल्ट में आदर्श+2 उच्च विद्यालय माधवाटांड के बच्चों ने परचम लहराया

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

जयनगर प्रखंड के आदर्श+2 उच्च विद्यालय माधवाटांड के विद्यार्थियों ने इस वर्ष आयोजित हुई जेईई मेंस की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर सफलता का परचम लहराया है। विद्यालय से कुल छह छात्र इस परीक्षा में सफल होकर एडवांस एग्जाम के लिए क्वालीफाई कर लिए हैं जिसमें से अमित कुमार 98.82 परसेंटाइल, शुभांगी बारहपुरिया 97.10 परसेंटाइल, प्रथम कुमार राणा 94.72 परसेंटाइल, प्रणव राज 94.33 परसेंटाइल, मनीष रंजन 92.84 परसेंटाइल, और चंदन कुमार राणा 92.40 परसेंटाइल अंक प्राप्त कर जेईई एडवांस के लिए क्वालीफाई कर अपने विद्यालय के साथ साथ क्षेत्र और जिले का नाम रौशन किया है विद्यार्थियों के इस शानदार सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य पुनीत यादव ने हर्ष व्यक्त किए और सफलतम विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किए। प्राचार्य ने कहा कि विद्यालय लगातार



सफलता की प्रगाढ़ता को आगे बढ़ाते हुए अपने क्षेत्र के लिए नया आयाम स्थापित करते जा रहा है। उन्होंने कहा कि विगत कई वर्षों से विद्यालय जेईई मेंस, जेईई एडवांस और मेडिकल क्षेत्र के Neet एग्जाम के लिए विद्यालय अपने क्षमता से देहात क्षेत्र के अंदर शिक्षकों के माध्यम से आगे और भी बेहतर रिजल्ट देने के लिए संकल्पित है। विद्यालय की इस शानदार सफलता पर अपने क्षेत्र के गणमान्य एवं बच्चों के अभिभावकने बधाई दी है।

विद्यालय के उपप्राचार्य अर्जुन चंद्र यादव, रवींद्र कुमार रवि, विद्यालय के कॉर्डिनेटर महेन्द्र कुमार, दीपक कुमार, महेंद्र कुमार पांडेय, गोपाल यादव, नरेश सिंह, सीताराम यादव, शाहिद हुसैन, सनोज कुमार, संतोष कुमार, मुकेश राणा, रंजीत यादव, शमशेर आलम, पप्पु कुमार, सुनीता कुमारी, नीलम प्रभा, रामचंद्र यादव, सुनील यादव, रंजीत यादव, रिंकी देवी, लक्ष्मण चंद्र यादव, फुलंगी चंद्र यादव, केदार यादव, पंकज साव, बिट्टू कुमार, शरीफ अंसारी, इत्यादि शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने सफलतम विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## पत्रकार के साथ मारपीट की घटना को लेकर जिला प्रशासन करें कार्रवाई नहीं तो होगा उग्र आंदोलन : नागवाला

**हज़ारीबाग़** - कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कोऑर्डिनेटर सुजीत नागवाला ने हजारीबाग के वरिष्ठ पत्रकार के साथ मारपीट की घटना को लेकर सूबे के मुख्यमंत्री ,स्वास्थ्य मंत्री , डीजीपी ,डीआईजी, डीडीसी और डीसी को ट्वीट कर पूरे मामले की जानकारी दी है और कार्रवाई करने का आग्रह किया है। विदित हो की शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में सुविधा के नाम पर जीरो है लेकिन अगर कोई पत्रकार इस नाकामी को उजागर करने का प्रयास करता है तो डॉक्टर का व्यवहार काफी अपमानजनक होता रहा है और इसी क्रम में आज हजारीबाग के वरिष्ठ पत्रकार के साथ डॉक्टर के के लाल के द्वारा मारपीट की घटना की गई है जो किसी भी रूप से बर्दाश्त के योग्य नहीं है, पूर्व में भी डॉक्टर के के लाल हजारीबाग मेडिकल कॉलेज के



सुपरिंटेंडेंट रहे हैं और इनके कारनामे जग जाहिर रहे हैं, जहां एक और डॉक्टर का व्यवहार संयमित होना चाहिए और सुविधा क्या अनुरूप अपनी ड्यूटी करनी चाहिए वहीं दूसरी ओर हजारीबाग से भिखारी मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर ड्यूटी तो ढंग से निभा नहीं पाते हैं गरीबों को तो लाभ दे नहीं पाते हैं और उसके बावजूद अगर कोई पत्रकार लोगों को इस नाकामी को बताने का काम अगर करते हैं तो उनके साथ इस तरह की घटना घटित की जाती है जो कहीं से भी उचित नहीं है। कांग्रेस ओबीसी मोर्चा इस बात का पुरजोर विरोध करती है और जिला प्रशासन से मांग करती है कि पूरे मामले की निष्पक्षता से जांच हो और दोषी डॉक्टर के के लाल पर कार्रवाई हो अगर ऐसा नहीं होता है तो जल्द ही हम लोग उग्र आंदोलन करेंगे और उन्हें उन पर कार्रवाई करने के लिए सरकार को बाध्य करेंगे ।

## ट्रक ने आधा दर्जन दोपहिया वाहन को अपने चपेट में लिया, बाल बाल बच्चे राहगीर

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

डोमचांच अंचलाधिकारी और उनके टीम के द्वारा 29/4/2024 दिन के लगभग 12-00 बजे वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहे थे जिसमें वाहनों के कागजात, चालान वगैरा चेक हो रहा था । इसी दौरान डोमचांच बाजार में एक ट्रॅक छ्र ॥ 12स्न 5802 वाहन जो स्टोन चिप्स से भरा हुआ था प्रशासन के द्वारा उसे रोकने का प्रयास किया गया प्रशासन को देखकर वाहन






चालक ट्रक को डोमचांच बाजार में भागने लगा भागने के क्रम में डोमचांच बाजार में लगभग आधा दर्जन दोपहिया वाहन को कुचलते हुए ट्रक ड्राइवर भाग रहा था जिसमें एक दो पहिया वाहन ट्रक के नीचे आकर फस गया। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में किसी भी आदमी को कोई चोट नहीं आया। ड्राइवर अपने वाहन को बचाने के चक्कर में आधा दर्जन रोड साइड खडे मोटरसाइकिल को अपने चपेट में ले लिया जब ट्रक के नीचे एक वाहन फंस गया तो ट्रक ड्राइवर ट्रक को बीच रोड पर छोड़कर फरार हो गया। कुछ चस्मदीद ने बताया कि बीच बाजार में डोमचांच अंचलाधिकारी अपने कुछ और अधिकारियों के साथ गाड़ी का पीछा कर रहे थे। जिस कारण से यह घटना घटी वही इस घटना को लेकर सभी राहगीरों में काफी गुस्सा दिखा। मौके पर मौजूद अधिकारियों से पूछने पर उन्होंने चेकिंग अभियान से किया इनकार, उन्होंने कहा कोई चेकिंग अभियान नहीं चलाया जा रहा था। ट्रक ड्राइवर क्यों मारा इसका उनको जानकारी नहीं । जब तक ट्रक ड्राइवर पकड़ा ना जाएगा तब तक बात खुलेगी नहीं।

## केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी शोकाकुल परिवार से मिलने पहुंची

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

जयनगर पंचायत गड़गी ग्राम परसाबाद निवासी पूर्व राज्यसभा सांसद सह स्वतंत्रता सेनानी परसाबाद स्व0 कांता नारायण सिंह के पुत्र बबन सिंह के धर्मपत्नी का कलकत्ता के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया था। जिसकी खबर मिलने पर केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी उनके घर जाकर शोकाकुल परिवारजनों से मिलकर इस दुःख की घड़ी में धैर्य तथा ढाढ़स बंधाए तथा मृतक की आत्मा को शांति मिले की कामना ईश्वर से किए। मौके पर जिला परिषद सदस्य केदारनाथ यादव, जिला उपाध्यक्ष बिंदेश्वरी प्रसाद बिहारी , पूर्व प्रमुख जयप्रकाश राम, रिटायर्ड इंस्पेक्टर मथुरा गोप, परसाबाद मंडल अध्यक्ष विजय राणा, जिला मंत्री सुधीर



सिंह, रिटायर्ड फायर ब्रिगेडियर महानंद सिंह, दीपक सिंह चंदन कुमार राजकुमार गुप्ता राजू सिंह महेश रजक नागेश्वर चौधरी शशिकांत चौधरी लखन यादव संजय गुप्ता विजय कुमार पंडित सुरेंद्र चौधरी सुनील सिंह, राम जीवन सिंह राजू सिंह, रमेश सिंह, सुबोध भदानी केडी यादव डेगलाल चौधरी, अशोक सिंह राजेंद्र नाथ सिंह सत्यपाल सिंह विक्रम सिंह उपेंद्र सिंह कैलाश दास मनोज दास चंदन पासवान पंचायत समिति सदस्य धनेश्वर राणा प्रदीप राणा विजय यादव कविता कुमारी विनोद यादव विपुल सिंह किशोरी यादव परिवार के सभी सदस्य रिश्तेदार सहित भारी संख्या में शोकाकुल ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

## अर्थशास्त्र विभाग और एनआईआईटी द्वारा प्लेसमेंट कार्यक्रम का आयोजन

**हज़ारीबाग़** – अर्थशास्त्र विभाग में एनआईआईटी के सहयोग से डॉ. एस.एम. की अध्यक्षता में एक स्टूडेंट कनेक्ट सेशन सह प्लेसमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विभागअध्यक्ष और डॉ. उमेंद्र सिंह और डॉ. इफ्शा खुर्शीद की संयुक्त पहल से सत्र की शुरुआत सरल अभ्यास से हुई जिसका शोध विद्वान और छात्रों ने जवाब दिया। इसे आज की पीढ़ी में कई कौशलों के महत्व और आवश्यकता को समझाकर पूरक बनाया गया। फिर आगे का कार्यक्रम डेटा विज्ञान और डेटा विश्लेषक के प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा के साथ आगे बढ़ा और डेटा विज्ञान में करियर पथ पर भी प्रकाश डाला गया। सत्र के अंत में छात्रों द्वारा विभिन्न प्रश्न पूछे गए जिनका उत्तर रिसोर्स पर्सन हसीन अहमद ने दिया। दूसरे दौर में छात्रों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा और चयनित योग्य छात्रों को रांची स्थित कार्यालय में डेटा विश्लेषक के रूप में प्लेसमेंट मिलेगा।

## त्रुटिरहित मतदान प्रक्रिया संपन्न कराने को लेकर महिला मतदान कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

कोडरमा लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कोडरमा के निर्देशानुसार त्रुटिरहित मतदान प्रक्रिया संपन्न कराने को लेकर पोलिंग पार्टी (मतदान पदाधिकारी 01, मतदान पदाधिकारी 02, मतदान पदाधिकारी 01, पीठासीन पदाधिकारी व सभी महिला मतदान पदाधिकारी) का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन सभी महिला मतदान पदाधिकारी को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें मतदान पदाधिकारी 01, मतदान पदाधिकारी 02,



मतदान पदाधिकारी 01, पीठासीन पदाधिकारी शामिल थे। प्रशिक्षण के अंतिम दिन उप विकास आयुक्त ऋतुराज निरीक्षण करने पहुंचे और चुनाव कार्य को सफलतापूर्वक और त्रुटिरहित संपन्न कराने के लिए ईवीएम पर अच्छे से हैंड्स ऑन ट्रेनिंग लेने, मास्टर ट्रेनर द्वारा बताई गई हर बिंदुओं पर बारिकी से अध्ययन करने एवं उसका पालन करने का निर्देश दिया।मतदान कार्य से जुड़े सभी पदाधिकारियों व कर्मियों को ईवीएम, वीवी पैट के कनेक्शन, संचालन एवं समस्त मतदान प्रक्रियाओं का गहन प्रशिक्षण दिया गया। पीठासीन पदाधिकारियों के कार्यों एवं दायित्वों के संबंध में मास्टर ट्रेनर द्वारा विस्तृत जानकारी पीपीटी के माध्यम से दी गई। मास्टर ट्रेनर सुदीप सहाय, अश्विनी कुमार तिवारी, उमेश कुमार सिन्हा, सत्यजीत के द्वारा मतदान पदाधिकारी द्वितीय को मतदान के एक दिन पूर्व, मतदान के दिन का कार्य, वास्तविक मतदान के पूर्व का कार्य, वास्तविक मतदान की प्रक्रिया, सीलिंग का प्रक्रिया, पोस्टल बैलेट की जानकारी समेत अन्य बिंदुओं पर पूरी तरह से प्रशिक्षण दिया गया। आज 350 महिला मतदान पदाधिकारी को प्रशिक्षण दिया गया।सभी मतदान कर्मियों को स्थानीय अभियंत्रण महाविद्यालय, बागीटांड़, कोडरमा भवन में प्रशिक्षण दिया गया।

# गहराते जल-संकट से जीवन एवं कृषि खतरे में



ललित गर्ग

**पानी का इस्तेमाल करते हुए हम पानी की बचत के बारे में जरा भी नहीं सोचते, जिसके परिणामस्वरूप अधिकांश जगहों पर जल संकट की स्थिति पैदा हो चुकी है। जल का संकट एवं विकट स्थितियां अति प्राचीन समय से बनी हुई है। इसी कारण राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश आदि प्रांतों में जल संरक्षण के लिये नाड़ी, तालाब, जोहड़, बन्धा, सागर, समंद एवं सरोवर आदि बनाने की प्राचीन परम्परा रही है। जहाँ प्रकृति एवं संस्कृति परस्पर एक दूसरे से समायोजित रही हैं। राजस्थान के किले तो वैसे ही प्रसिद्ध हैं पर इनका जल प्रबन्धन विशेष रूप से देखने योग्य है और अनुकरणीय भी हैं।**

मानवीय गतिविधियों और क्रिया-कलापों के कारण दुनिया का तापमान बढ़ रहा है और इससे जलवायु में होता जा रहा परिवर्तन अब मानव जीवन के हर पहलू के साथ जलाशयों एवं नदियों के लिए खतरा बन चुका है। जलवायु परिवर्तन का खतरनाक प्रभाव गंगा, सिंधु और ब्रह्मपुत्र सहित प्रमुख जलाशयों और नदी घाटियों में कुल जल भंडारण पर खतरनाक स्तर पर महसूस किया जा रहा है, जिससे लोगों को गंभीर जल परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। केंद्रीय जल आयोग के नवीनतम आंकड़े भारत में बढ़ते इसी जल संकट की गंभीरता को ही दर्शाते हैं। आंकड़े देश भर के जलाशयों के स्तर में आई चिंताजनक गिरावट की तस्वीर उकेरते हैं। रिपोर्ट के अनुसार 25 अप्रैल 2024 तक देश में प्रमुख जलाशयों में उपलब्ध पानी में उनकी भंडारण क्षमता के अनुपात में तीस से पैंतीस प्रतिशत की गिरावट आई है। जो हाल के वर्षों की तुलना में बड़ी गिरावट है। जो सूखे जैसी स्थिति की ओर इशारा करती है। जिसके मूल में अल नीनो घटनाक्रम का प्रभाव एवं वर्षा की कमी को बताया जा रहा है। जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। मानव एवं जीव-जन्तुओं के अलावा जल कृषि के सभी रूपों और अधिकांश औद्योगिक उत्पादन प्रक्रियाओं के लिये भी बेहद आवश्यक है। परंतु आज भारत गंभीर जल-संकट के साए में खड़ा है। अनियोजित औद्योगीकरण, बढ़ता प्रदूषण, घटते रेगिस्तान एवं ग्लेशियर, नदियों के जलस्तर में गिरावट, वर्षा की कमी, पर्यावरण विनाश, प्रकृति के शोषण और इनके दुरुपयोग के प्रति असंवेदनशीलता भारत को एक बड़े जल संकट की ओर ले जा रही है।

भारत भर में 150 प्रमुख जलाशयों में जल स्तर वर्तमान में 31 प्रतिशत है, दक्षिण भारत में सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र है, जिसके 42 जलाशय वर्तमान में केवल 17 प्रतिशत क्षमता पर हैं। यह भारत के विभिन्न क्षेत्रों में देखी गई सबसे कम जल क्षमता का प्रतीक है। स्थिति अन्य क्षेत्रों में भी चिंताजनक है, पश्चिम में 34 प्रतिशत और उत्तर में 32.5 प्रतिशत जलाशय क्षमता है। हालाँकि, पूर्वी और मध्य भारत की स्थिति बेहतर हैं, उनके पास अपने जलाशयों की सक्रिय क्षमता का क्रमशः 40.6 प्रतिशत और 40 प्रतिशत है, पिछले वर्ष वर्षा कम थी, विशेष रूप से दक्षिण भारत में, 2023 का मानसून असमान था क्योंकि यह अल नीनो वर्ष भी था - एक जलवायु पैटर्न जो आम तौर पर इस क्षेत्र में गर्म और शुष्क परिस्थितियों का कारण बनता है। इससे काफी चिंता पैदा हुई है. वर्तमान में, सिंचाई भी प्रभावित हो रही है, और देश भर में पीने के पानी की उपलब्धता और जलविद्युत उत्पादन पर प्रभाव के बारे में चिंताएं बढ़ रही हैं। भविष्य को देखते हुए, आने वाले महीनों में और अधिक गर्मी पड़ने की आशंका है, जो दर्शाता है कि आने वाले दिनों में बड़ा जल संकट उभरने वाला है।



लंबे समय तक पर्याप्त बारिश न होने के कारण जल भंडारण में यह कमी आई है। जिसके चलते कई क्षेत्रों में सूखे जैसे और असुरक्षित हालात पैदा हो गये हैं। जिससे विभिन्न फसलों पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। इसका एक कारण यह भी है कि देश की आधी कृषि योग्य भूमि आज भी मानसूनी बारिश के निर्भर है। ऐसे में सामान्य मानसून की स्थिति पर कृषि का भविष्य पूरी तरह निर्भर करता है। वास्तव में लगातार बढ़ती गर्मी के कारण जल स्तर में तेजी से गिरावट आ रही है। इसके गंभीर परिणामों के चलते आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे राज्यों में पानी की कमी ने गंभीर रूप धारण कर लिया है। देश का आईटी हब बेंगलुरु गंभीर जल संकट से जूझ रहा है। जिसका असर न केवल कृषि गतिविधियों पर पड़ रहा है बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी भी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। ऐसे में किसी आसन्न संकट से निपटने के लिये जल संरक्षण के प्रयास घरों से लेकर तमाम कृषि पद्धतियों और औद्योगिक कार्यों तक में तेज करने की जरूरत है। जल भंडारण और वितरण दक्षता में सुधार के लिये पानी के बुनियादी ढांचे और प्रबंधन प्रणालियों में बड़े निवेश की तात्कालिक जरूरत भी है। इसके साथ ही जल संरक्षण की परंपरागत तकनीकों को भी बढ़ावा देने की जरूरत है। साथ ही आम लोगों को प्रकृति के इस बहुमूल्य संसाधन के विवेकपूर्ण उपयोग को बढ़ावा हेतु प्रेरित करने के लिए जनजागरण अभियान चलाने की जरूरत है।

पानी के संरक्षण और समुचित उपलब्धता को सुनिश्चित कर हम पर्यावरण को भी बेहतर कर सकते हैं तथा जलवायु परिवर्तन की समस्या का भी समाधान निकाल सकते हैं। आप सोच सकते हैं कि एक मनुष्य अपने जीवन काल में कितने पानी का उपयोग करता है, किंतु क्या वह इतने पानी को बचाने का प्रयास करता है? जलवायु परिवर्तन के कारण 2000 से बाढ़ की घटनाओं में 134 प्रतिशत वृद्धि हुई है और सूखे की अवधि में 29 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। पानी धरती पर जीवन के अस्तित्व के लिए आधारभूत आवश्यकता है। आबादी में वृद्धि के साथ पानी की खपत बेतहाशा बढ़ी है, लेकिन पृथ्वी पर साफ पानी की मात्रा कम हो रही है। जलवायु परिवर्तन और धरती के बढ़ते तापमान ने इस समस्या को गंभीर संकट बना दिया है। दुनिया के कई हिस्सों की तरह भारत भी जल संकट का सामना कर रहा है। वैश्विक जनसंख्या का 18 प्रतिशत हिस्सा भारत में निवास करता है, लेकिन चार प्रतिशत जल संसाधन ही हमें उपलब्ध है। भारत में जल-संकट की समस्या से निपटने के लिये प्राचीन समय से जो प्रयत्न किये गये है, उन्हीं प्रयत्नों को व्यापक स्तर पर अपनाने एवं जल-संरक्षण क्रांति को घटित करने की अपेक्षा है।

सदियों से निर्मल जल का स्त्रोत बनी रहीं नदियाँ प्रदूषित हो रही हैं, अब उन पर जलवायु परिवर्तन का घातक प्रभाव पड़ने लगा है। जल संचयन तंत्र बिगड़ रहा है, और भू-जल स्तर लगातार घट रहा है। धरती पर सुरक्षित और पीने के पानी के बहुत कम प्रतिशत के आंकलन के द्वारा जल संरक्षण या जल बचाओ अभियान हम सभी के लिये बहुत जरूरी हो चुका है। जल को बचाने में अधिक कार्यक्षमता लाने के लिये सभी औद्योगिक बिल्डिंगें, अपार्टमेंट्स, स्कूल, अस्पतालों आदि में बिल्डरों के द्वारा उचित जल प्रबंधन व्यवस्था को बढ़ावा देना चाहिये। देश के सात राज्यों के 8220 ग्राम पंचायतों में भूजल प्रबंधनों के लिए अटल भूजल योजना चल रही है। स्थानीय समुदायों के नेतृत्व में चलने वाला यह दुनिया का सबसे बड़ा कार्यक्रम है। साथ ही, नल से जल, नदियों की सफाई, अतिक्रमण हटाने जैसे प्रयास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हो रहे हैं। हमारे यहां जल बचाने के मुख्य साधन हैं नदी, ताल एवं कूप। इन्हें अपनाओं, इनकी रक्षा करो, इन्हें अभय दो, इन्हें मरुस्थल के हवाले न करो। गाँव के स्तर पर लोगों के द्वारा बरसात के पानी को इकट्ठा करने की शुरूआत करनी चाहिये। उचित रख-रखाव के साथ छोटे या बड़े तालाबों को बनाकर या उनका जीर्णोद्धार करके बरसात के पानी को बचाया जा सकता है। धरती के क्षेत्रफल का लगभग 70 प्रतिशत भाग जल से भरा हुआ है। परंतु, पीने योग्य जल मात्र तीन प्रतिशत है। इसमें से भी मात्र एक प्रतिशत मीठे जल का ही वास्तव में हम उपयोग कर पाते हैं।

पानी का इस्तेमाल करते हुए हम पानी की बचत के बारे में जरा भी नहीं सोचते, जिसके परिणामस्वरूप अधिकांश जगहों पर जल संकट की स्थिति पैदा हो चुकी है। जल का संकट एवं विकट स्थितियां अति प्राचीन समय से बनी हुई है। इसी कारण राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश आदि प्रांतों में जल संरक्षण के लिये नाड़ी, तालाब, जोहड़, बन्धा, सागर, समंद एवं सरोवर आदि बनाने की प्राचीन परम्परा रही है। जहाँ प्रकृति एवं संस्कृति परस्पर एक दूसरे से समायोजित रही हैं। राजस्थान के किले तो वैसे ही प्रसिद्ध हैं पर इनका जल प्रबन्धन विशेष रूप से देखने योग्य है और अनुकरणीय भी हैं। जल संचयन की परम्परा वहाँ के सामाजिक ढाँचे से जुड़ी हुई हैं तथा जल के प्रति धार्मिक दृष्टिकोण के कारण ही प्राकृतिक जलस्त्रोतों को पूजा जाता है।

## संपादकीय

# सुप्रीम कोर्ट व्हाट्सऐप संदेशों द्वारा जानकारी करेगा साझा

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने घोषणा की कि सुप्रीम कोर्ट अब व्हाट्सऐप संदेशों द्वारा जानकारी साझा करेगा। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की मौजूदगी के पिच्छत्तरवें वर्ष में यह छोटी सी योजना की शुरूआत की है। व्हाट्सऐप के रोजाना की जिंदगी में शामिल होने और इसके शक्तिशाली संचार सुविधा होने की बात भी उन्होंने की। इस पहल के अंतर्गत एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड तथा शीर्ष अदालत के समक्ष निजी तौर पेश होने वाले वादियों को मुकदमा ऑनलाइन दाखिल करने, वाद सूची, आदेशों तथा निर्णयों के संबंध में जानकारी प्राप्त होगी। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने इसे क्रांतिकारी कदम बताते हुए इसकी सराहना की। प्रधान न्यायाधीश ने व्हाट्सऐप नम्बर साझा करते हुए स्पष्ट किया कि इस पर कॉल या संदेश प्राप्त नहीं होंगे। निःसंदेह यह सबसे बड़ी अदालत को पेपरलेस बनाने की तरफ उठा बड़ा कदम है। तकनीक संबंधी सुविधाओं को जितनी जल्दी हो सके रोजमर्रा की जिंदगी में शामिल कर लेना उचित होता है। प्रधान न्यायाधीश निरंतर अदालती काम को लेकर ऐसी व्यवस्थाएं दे रहे हैं। उन्हें सुप्रीम कोर्ट जजों में सबसे ज्यादा फैसले लिखने का रुतबा प्राप्त है। छह वर्ष के भीतर 513 फैसले लिख चुके हैं। न्याय व्यवस्था को सुचारू और पारदर्शी बनाने के लिए समय-समय पर उन्होंने बड़े कदम उठाए हैं। विभिन्न फैसलों को उन्होंने क्षेत्रीय भाषा में अनुदित करवाने की व्यवस्था करके तथा हिन्दी, तमिल, उड़िया और गुजराती में फैसलों का अनुवाद करने के लिए समिति का गठन भी किया। देश में 48 करोड़ से अधिक व्हाट्सऐप प्रयोगकर्ता हैं, जो 2025 तक 80 करोड़ तक पहुंचने का अंदाजा है। हालांकि व्हाट्सऐप मेटा टेक्नॉलाजी कंपनी की सुविधा है, जिसके सीईओ मार्क जकरबर्ग हैं। किसी भारतीय संचार संस्थान को इस जरूरत को समझते हुए आगे कदम बढ़ाने की सख्त जरूरत है। सरकार, देश के अन्य बड़े संस्थान और गोपनीय दस्तावेज के लिए देसी तकनीक का प्रयोग किया जाना उचित है। तकनीक के मामले में हम दूसरों पर निर्भर होते जा रहे हैं। यह बड़ी चुनौती है। बावजूद इसके तकनीक का इस्तेमाल सुविधाओं के लिए करना वक्त की मांग है, इसके बिना काम नहीं चल सकता।

## चिंतन-मनन

# सबसे बड़ी दौलत

एक विधवा अध्यापिका के दो बेटे थे। वह उन्हें गुरुकुल में अच्छी शिक्षा दिला रही थी। वह खुद भी अनेक बच्चों को संस्कृत पढ़ाती थी। इससे उसे जो कुछ प्राप्त होता था, उसी से वह अपना जीवनयापन करती थी। उसने अत्यंत गरीबी के दिनों में भी कभी किसी के आगे हाथ नहीं फैलाए। उसके स्वाभिमान को देख अनेक लोग अध्यापिका का बहुत आदर करते थे।

एक दिन एक बहुत बड़े सेठ को अध्यापिका की विद्वता व उसकी निर्धनता के बारे में मालूम हुआ। उस सेठ के कोई संतान नहीं थी। उसने सोचा हुआ था कि वह कुछ गरीब बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करने के लिए उन्हें धन प्रदान करेगा। सेठ अध्यापिका के घर पहुंचा और बोला, देवी, आप निर्भीक व स्वाभिमानी हैं। मैं चाहता हूं कि आपके बच्चे अच्छी शिक्षा ग्रहण करें। उसके लिए आप यह कुछ रुपये स्वीकार करें। इसके बाद उसने रुपयों की थैली अध्यापिका की ओर बढ़ाई। अध्यापिका हाथ जोड़कर सेठ से बोली, शायद आपको कुछ भ्रम हो गया है। मैं इतनी गरीब भी नहीं हूं कि अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा न दे पाऊं। मेरे पास जितनी दौलत है, उतनी शायद ही किसी के पास हो। सेठ अचरज से बोला, कहां है दौलत, जरा हमें भी तो बताइए।

अध्यापिका ने अपने दोनों पुत्रों को आवाज लगाई तो दोनों पुत्र तुरंत वहां आए और अपनी मां के पैर छूने के बाद उन्होंने सेठ के पैर छुए। फिर उन्होंने मां से पूछा, कहिए कैसे याद किया? दोनों पुत्रों की ओर देखकर अध्यापिका बोली, यही दोनों मेरी सबसे बड़ी दौलत हैं। दोनों लड़कों को देखकर सेठ अभिभूत हो गया और बोला, बिल्कुल सही। वास्तव में जिसकी संतान संस्कारी और गुणी है, वह कभी गरीब हो ही नहीं सकता। अध्यापिका ने सेठ से कहा, जो कुछ आप मुझे देने आए हैं, उसे अनाथ बच्चों को शिक्षित करने के लिए दे दें। सेठ ने वैसा ही किया।

# सुप्रीम कोर्ट ईवीएम पर सही फैसला



संजय गोस्वामी

दूसरे चरण के मतदान के दौरान ही सुप्रीम कोर्ट का एक अहम फैसला आया है। ईवीएम के जरिये डाले गए वोट की वीवीपैट की पर्चियों से शत प्रतिशत मिलान समेत अन्य मांग जैसे कागज पर मतदान वाली याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट से खारिज हो गई हैं और चुनाव के बीच इलेक्शन कमीशन को बड़ी राहत मिली है।कागज पर जो मतदान होता है उसमें कितना कागज इस्तेमाल होता है और उसके लिए कितने पेड़ को काटा जाता है और उसका बॉक्स इतना होता है कि पोलिंग ऑफसर को उठाते उठाते हाथ दर्द करता है अतः सुप्रीम कोर्ट ने बैलेट पेपर की वापसी वाली मांग ठुकरा दी है जो सही है।

वीवीपैट का मतलब वोटर्स वेरीफाईबल पेपर्स स्टॉक एक्सचेंज ट्रेल है जो इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का




एक स्वतंत्र पेपर रिकॉर्ड है। वीवीपैट बैलेट पोर्ट के द्वारा, वोट की सही रिकॉर्डिंग को रिकॉर्ड करने के लिए होता हैं। धांधली की संभावनाबिल्कुल नहीं होता है।क्योंकि पर्ची को आप उसमें से जिसे वोट दिया है उसे गिरते हुये देखते है इसमें पार्टी के एजेंटो द्वारा 50या उससे अधिक का मॉक पोल होता हैं और सभी वोट का मिलान किया जाता है और एजेंट की निगरानी में सील किया जाता है और सभी के हस्ताक्षर रहते है इलेक्शन खत्म होने के बाद उसे पुनः बॉक्स में डालकर सील कर दिया जाता है जब काउंटिंग होती है तो एक फॉर्म सी होता है जो चुनाव के अंत में भरा जाता है उसे एजेंट इलेक्शन के बाद अपने पार्टी के सम्बंधित लोगों को दिखलाते हैं व काउंटिंग के दिन वही फॉर्म लेकर वही ईवीएम में सील को देखते हैं व फॉर्म के अनुसार उसका मिलान कर वोट की गिनती होती है हालांकि 10-15% वोट वीवीपैट से मिलाया जाता है ऐ सारा सिस्टम जीपीएस से लैस होता है अतः मॉनिटर रूम से कोई बाहर लेकर जा ही नहीं सकता अतः सभी वीवीपैट का मिलान करना संभव नहीं है क्योंकि उसे काउंट करने में बहुत समय लगता है। वीवीपैट आयोग द्वारा चुनाव सुधार के क्षेत्र में सबसे महत्वपूर्ण उपकरण में से एक है।

उनके वोट दस्तावेज पर सही ढंग जानकारी मिलती है और यह जांच सकें कि उनका वोट ईवीएम पर सही ढंग से डाला गया है और उनके पास बाद में इसके बारे में सवाल उठाने का कोई मौका नहीं है।

प्रत्येक पंजीकृत मतदाता को मतदान के दिन वोटर आईडी से मिलाया जाता है और उसका नाम रजिस्टर में नोट किया जाता है और ईवीएम जो पूर्ण रूप से सील रहता है उसमें पोलिंग अफसर द्वारा बैलेट के लिए ओपन किया जाता है और सिग्नल मिलने के बाद मतदाता वैलेट को दबाते हैं और तभी वीवीपैट से स्लिप गिरती है और उसे ऊँगली पर स्याही लगाकर निष्पक्ष मतदान होता है । अतः सुप्रीम कोर्ट के फैसला स्वागत योग्य है।इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों के प्रयोग ने निर्वाचन प्रणाली में क्रांति ला दी है और वोटर। वेरिफायबल पेपर ऑडिट ट्रेल सिस्टम के चलन ने मतदान सफल होता है।

# मंगलसूत्र के बाद राजा-महाराजा की फिक्र



राकेश अचल

आप यकीन मानिये कि मै देश के सर्वाधिक लोकप्रिय प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी का सबसे बड़ा भक्त हूँ,लेकिन अंधभक्त नहीं ,क्योंकि मेरी दोनों आँखें अभी काम कर रहीं है। मै जब तक प्रात;स्मरणीय मोदी जी वंदना न कर लूं मुझे चैन नहीं पड़ता । मोदी जी के अंधभक्त इसे मेरा मनोविकार मानते हैं, लेकिन मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। सचमुच मोदी जी जैसा अद्भुत नेता न अतीत में कभी हुआ हुई और न शायद भविष्य में कभी हो। मोदी जी में दशावतारों के सभी लक्षण मौजूद हैं।

मोदी जी अठारहवीं लोकसभा के चुनाव प्रचार में अपनी गारंटियों के साथ उपस्थित हुए थे । उन्होंने अपनी उपलब्धियों का डंका पीटने के बजाय सीधे-सीधे मोदी जी की गारंटियां जनता के सामने रखीं थी। अपनी पार्टी के लिए 370 और अपने गठबंधन के लिए 400 पार का लक्ष्य भी रखा था। भाजपा के सभी लोकसभा प्रत्याशियों के नाम अलग थे किन्तु चेहरा एक था और वे चेहरा था मोदी जी का। मोदी जी ने अपना 56 इंच का सीना ठोंक कर पहले ही कहा था कि वे तीसरी बार भी प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। मोदी जी की राजहठ के सामने पूरे देश को झुकना चाहिए था। देश शायद झुकता भी किन्तु इन विपक्षी दलों ने सब कुछ मटियामेट कर दिया।

चुनाव के पहले चरण में ही मतदान के बाद मोदी जी अपनी गारंटियों और 400 पार के लक्ष्य को तिलांजलि दे दी। मोदी जी ने देश की महिलाओं के सामने उनके मंगलसूत्र के खतरे की बात पुख्तगी के साथ रखा । मोदी जी के राज में पहले हिन्दू ,बाद में सनातन खतरे में पड़ा और अब अचानक देश की महिलाओं के मंगलसूत्र पर खतरा मंडराने लगा। मोदी जी ने ईमानदारी से अपने अंधभक्तों के साथ ही दीगर प्रशंसकों को साफ-साफ बता दिया कि यदि कांग्रेस सत्ता में आयी तो हिन्दू महिलाओं का मंगलसूत्र छीन लिया जाएगा मोदी जी का मंगलसूत्र प्रेम देखकर देश की महिलाओं के साथ-साथ श्रीमती मोदी भी खुश हो गयीं,क्योंकि वे तो मानकर चल रहीं थीं की मोदी जी को मंगलसूत्र के बारे में कुछ माहिती है ही नहीं । हकीकत भी है कि माननीय मोदी जी ने इससे पहले सार्वजनिक जीवन में रहते हुए न अपनी पत्नी के मंगल सूत्र की बात कभी की थी और न देश की महिलाओं के मंगलसूत्र की।

सवाल ये है कि पहले चरण के मतदान के बाद ही माननीय मोदी जी ने कैसे मान लिया की कांग्रेस सत्ता में आ रही है ? मेरे हिसाब से कांग्रेस का मोदी जी के रहते सत्ता में वापस लौटना मुमकिन नहीं है ,लेकिन मोदी जी इस बारे में मुझसे ज्यादा जानते हैं। देश की महिलाये अपने-अपने मनागलसूत्र को लॉकर्स में रखने के बारे में सोच ही रहीं थीं कि दूसरे चरण का मतदान भी हो गया। इसके बाद न जाने क्या हुआ की माननीय मोदी जी ने मंगलसूत्र की रक्षा को भी तिलांजलि दे दी और अचानक कहने लगे की देश की जनता पर विरासत कर लगा दिया जायेगा,बाशर्त की कांग्रेस सत्ता में आयी ।

मुझे हैरानी है कि माननीय मोदी जी खुद और अपनी पार्टी को किसी एक केंद्रीय मुद्दे पर क्यों नहीं ठहरने दे रहे। इससे पहले की विरासत कर के बारे में मतदाता जान पाता कि मोदी जी ने उसे भी तिलांजलि दे दी और तीसरे चरण के मतदान के ठीक पहले कांग्रेस द्वारा देश के राजाओं-महाराजाओं के अपमान का मुद्दा पेश कर दिया है माननीय मोदी जी ने कर्नाटक में आधा दर्जन आम चुनावी सभाओं में जोर देकर कहा कि कांग्रेस के शहजादे को हमारे राजा-महाराजाओं के योगदान याद नहीं आते। ये वोटबैंक की राजनीति के लिए राजा-महाराजाओं के खिलाफ बोलने की हिम्मत करते हैं और नवाबों, बादशाहों और सुल्तानों के खिलाफ एक शब्द बोलने की ताकत नहीं है। कांग्रेस को देश की उपलब्धियां अच्छी नहीं लगती। कोरोना वैक्सीन पर भी सवाल उठाए थे।

मोदी जी के राजा -महाराजा प्रेम से मै भी वाकिफ नहीं था । वो तो पिछले दिनों माननीय मोदी जी ने खुद ग्वालियर आकर इसका मुजाहिरा किया । उन्होंने हमारे ग्वालियर के तेजस्वी महाराज ज्योतिरादित्य सिंधिया को अपना दामाद बताया,क्योंकि सिंधिया की पत्नी गुजरात के बड़ोदरा महाराज की बेटी और अब ग्वालियर कि महारानी हैं। आपको बता दूँ कि मोदी जी की ही पार्टी ने उनके धर्म दामाद ज्योतिरादित्य सिंधिया को 2019 के आम चुनाव में गुना सीट से हरा दिया था। लेकिन मोदी जी ने 2020 में ज्योतिरादित्य सिंधिया को भाजपा में शामिल करा कर अपने और अपनी पार्टी के पाप का प्रायश्चित कर लिया । मोदी जी ने सिंधिया को नजराने के तौर पर राज्य सभा का टिकिट और केंद्रीय मंत्रिमंडल में जगहभी दी। अब 2024 के चुनाव में माननीय मोदी जी गुना से सिंधिया को जिताने का अल्टीमेटम अपनी पार्टी को दे चुके हैं। मोदी जी ने महाराजा के लिए रैंक केपी सिंह यादव का टिकिट बड़ी बेरहमी से काटा।

मोदी जी जानते हैं कि जब कांग्रेस राजा-महाराजाओं की सनातन विरोधी रही है । कांग्रेस ने राजा-महाराजाओं को अपना चक्र बना लिया था। कांग्रेस के आज के शाहजादे राहुल गांधी का जन्म भी नहीं हुआ था तब उनकी दादी और तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गाँधी जी ने राजा -महाराजाओं के प्रीविपर्स बंद कर दिया था। आपको बता दूँ कि 1947 में जब भारत आजाद हुआ उस समय लगभग 565 रजवाड़े या देशी रियासतें थीं, जिन्हें प्रिंसली स्टेट कहा जाता था। और सरदार पटेल के प्रयासों से रजवाड़ों का भारतीय संघ में विलय हुआ।भारत सरकार ने राजाओं-महाराजाओं को वचन दिया था कि उन्हें अपने परिवार, निजी स्टाफ और राजमहलों के रख-रखाव के लिए सरकारी कोष से कुछ धनराशि दी जायेगी। इस संबंध में यह भी व्यवस्था की गयी थी कि राजाओं के जीवन काल में यह धनराशि उन्हें मिलती रहेगी, पर उसके उत्तराधिकारियों के लिए यह राशि धीरे-धीरे कम कर दी जायेगी। इसी राशि को प्रिवी पर्स कहते हैं।

दरअसल राजा-महाराजाओं को ये रकम गरीब जनता कि गाढ़ी कमाई में से दी जाती थी इसलिए कांग्रेस के शहजादे राहुल गांधी की दादी श्रीमती इंदिरा गाँधी ने प्रिवी पर्स की समाप्ति सन 1971 मेंकर दी । सितंबर 1970 में प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी ने प्रिवी प्रर्स को समाप्त करने के लिए लोकसभा में एक संविधान संशोधन विधेयक पेश किया। लोकसभा में तो इसे दो-तिहाई बहुमत मिल गया, पर राज्यसभा में इसके पक्ष में आवश्यक विशेषाधिकार समाप्त कर दिये।लेकिन 15 दिसंबर, 1970 को उच्चतम न्यायालय ने इस अध्यादेश को अवैध करार दे दिया। परंतु इंदिरा गाँधी की सरकार इस प्रिवी पर्स को खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्प थी। 1971 में इंदिरा सरकार को शानदार जीत हासिल हुई और फिर 25वें संशोधन अधिनियम द्वारा देशी रियासतों के शासकों के प्रिवी पर्स और विशेषाधिकार समाप्त कर दिये गये।

दिलचस्प बात ये है कि आज माननीय मोदी जी जिन राजा-महाराजाओं के मान-सम्मान की गुहार लगा रहे हैं उन राजा -महाराजाओं में सबसे ज्यादा प्रिसी पर्स मैसूर के राजपरिवार को मिला, जो 26 लाख रुपए सालाना था। हैदराबाद के निजाम को 20 लाख रुपए मिलते थे वैसे प्रिवी पर्स की रेंज भी काफी दिलचस्प थी। काटोदिया के शासक को प्रिवी पर्स के रूप में महज 192 रुपए सालाना की रकम ही मिली। 555 शासकों में 398 के हिस्से 50 ह१जार रुपए सालाना से कम की रकम आई.। 1947 में भारत के खाते से सात करोड़ रुपए प्रिसी पर्स के रूप में निकले। 1970 में ये रकम घटकर चार करोड़ रुपए सालाना रह गई। बहरहाल आप आज यदि तीसरे चरण के मतदाता हैं तो सोचकर वोट डालिये कि आपको राजाओं के मान की फिक्र है या उस रैंक के मान-सम्मान कि जो पांच किलो अनाज के लिए मोहताज है। मर्जी है आपकी ,क्योंकि वोट है आपका।

# लोहरदगा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र: नाम वापसी की प्रक्रिया संपन्न होने के बाद 15 प्रत्याशी चुनावी मैदान में, प्रतीक चिन्ह की गई आवंटित

**गुमला ।** 12 - लोहरदगा (अ.ज.जा.) लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत लोकसभा चुनाव 2024 के निमित्त नामांकन प्रक्रिया के आज समापन के उपरांत अपराह्न 04:00 बजे नये समाहरणालय भवन के सभा कक्ष में 12-लोहरदगा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में विशेष प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया । जिसमें उन्होंने प्रत्याशियों की अंतिम सूची एवं उन्हें आवंटित प्रतीक चिन्ह से संबंधित जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि इस बार 12 लोहरदगा (अ. ज.जा) लोकसभा संसदीय क्षेत्र से 15 प्रत्याशी भाग लेंगे । जिसका प्रतीक चिन्ह भी आवंटित कर दी गई है। निर्वाची पदाधिकारी ने नॉमिटेटेड प्रत्याशियों की अंतिम सूची एवं उन्हें आवंटित प्रतीक चिन्ह की जानकारी दी

मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य राजनैतिक दलों के अभियार्थियों एवं प्रतीक चिन्ह की सूची-

1. गिरजानंद उरांव (बहुजन समाज पार्टी), प्रतीक चिन्ह - हाथी
2. समीर उरांव (भारतीय जनता पार्टी), प्रतीक चिन्ह - कमल.
3. सुखदेव भगत (इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी ), प्रतीक चिन्ह- हाथ

राजिस्ट्रिक राजनैतिक दलों के अभियार्थी ( मान्यता प्राप्त और राजनैतिक दलों से भिन्न) एवं प्रतीक चिन्ह की सूची

4. बिहारी भगत (पीपल्स पार्टी ऑफ़ इंडिया), प्रतीक चिन्ह - फलों से युक्त टोकरी
5. मनी मुंडा (भागीदारी पार्टी), प्रतीक चिन्ह- एयरकंडीशनर
6. महेंद्र उरांव (कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया ), प्रतीक चिन्ह- बाल एवं हंसिया
7. रामचंद्र भगत (लोकहित अधिकार पार्टी) प्रतीक चिन्ह - सेव अन्य अभियार्थी एवं उन्हें आवंटित प्रतीक चिन्ह
8. अर्जुन टोप्पो ( निर्दलीय) आवंटित प्रतीक चिन्ह - केतली
9. अर्पण देव भगत (निर्दलीय) , आवंटित प्रतीक चिन्ह - कैंची
10. चमरा लिंडा (निर्दलीय), आवंटित प्रतीक चिन्ह - बल्लेबाज
11. पवन तिग्गा (निर्दलीय), आवंटित प्रतीक चिन्ह - फूलगोभी
12. मरियानूस तिग्गा (निर्दलीय ), आवंटित प्रतीक चिन्ह - हॉकी और बॉल
13. रंजीत भगत (निर्दलीय), आवंटित प्रतीक चिन्ह - फुटबॉल खिलाड़ी
14. सनिया उरांव (निर्दलीय),आवंटित प्रतीक चिन्ह - अलमारी
15. स्टेफन किंडो (निर्दलीय), आवंटित प्रतीक चिन्ह - आरी



प्रेस वार्ता के दौरान मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, जिला मीडिया कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के अन्य संबंधित कर्मी मौजूद रहें।

## कांग्रेस के उम्मीदवार एन त्रिपाठी आज करेंगे नामांकन



**चतरा :** भाजपा बाबा साहब अंबेडकर के बनाए भारतीय संविधान को बदलना चाहती है। इसी चाहत में भाजपा 400 पार का नारा लगाकर तीन चौथाई बहुमत हासिल करना चाहती है। लेकिन कांग्रेस पार्टी ऐसा नहीं होने देगी। उक्त बातें इंडिया गठबंधन के चतरा लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता कर कही। उन्होंने कहा कि चतरा सहित राज्य के सभी 14 सीटों पर महागठबंधन के प्रत्याशी प्रचंड जीत हासिल करेंगे। उन्होंने कहा कि रांची में आयोजित उलगुलान रैली में गठबंधन के कार्यकर्ता आपस में ही उलझकर मारपीट कर बैठे थे। लोकतांत्रिक व्यवस्था में हाथापाई की कोई जगह नहीं है। यह घटना काफी निंदनीय है। इस घटना के लिए मैं खुद जिम्मेवारी लेते हुए तमाम राजद कार्यकर्ताओं से हांथ जोड़कर माफी मांगता हूं। महागठबंधन के सभी कार्यकर्ता हमारे अंग हैं। किसी एक अंग को तकलीफ होगी तो मुझे भी दर्द होगा। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि कार्यकर्ता मुझे माफ करेंगे और एक साथ खड़े होकर चुनाव में सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि मंगलवार को इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन कार्यक्रम में घटक दलों के प्रमुख नेता शामिल होंगे।

## झारखंड पार्टी के प्रत्याशी दर्शन गंझू आज करेंगे नामांकन, पार्टी सुप्रीमो एनोस एक्का करेंगे शिरकत

**चतरा,** झारखंड पार्टी के सुप्रीमो एनोस एक्का ने चतरा लोकसभा से अपना प्रत्याशी दर्शन गंझू को बनाया है। झारखंड पार्टी के प्रत्याशी दर्शन गंझू ने मंगलवार को नामांकन करेंगे। यह जानकारी उन्होंने प्रेस वार्ता में दी। नामांकन के मौके पर झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का, केंद्रीय महासचिव अशोक भगत, केंद्रीय उपाध्यक्ष ऐनुल हक अंसारी सहित झारखंड पार्टी के कई बड़े पदाधिकारी शामिल होंगे। दर्शन गंझू ने कहा भोक्ता समाज के केंद्रीय कार्यक्रम में जनकल्याण कार्यो में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते है7 झारखंड की सबसे पुरानी झारखंड पार्टी है। ये पार्टी हमेशा से जल, जंगल और जमीन की लडाई लड़ते आया है, माटी की पार्टी झारखंड पार्टी के चतरा लोकसभा प्रत्याशी दर्शन गंझू अपने समर्थकों के साथ मंगलवार को सुबह 11 बजे शहर के नीलाम्बर पीतांबर चौक से पैदल यात्रा कर समाहरणालय पहुंचेंगे। प्रेस वार्ता में मौके पर जिला प्रभारी लाल किशोर दास, जिला अध्यक्ष विश्वनाथ गंझू, पांकी के अजय सिंह, आशीष भोक्ता, बीरेंद्र दास, रामाशीष भोक्ता समेत मौजूद थे।



# भाजपा उम्मीदवार कालीचरण सिंह के पक्ष में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री आये

**चतरा :** हंटरगंज प्रखंड स्थित हाई स्कूल के खेल मैदान में सोमवार को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव, प्रतिपक्ष के नेता अमर कुमार बाउरी, भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी कालीचरण सिंह,भाजपा जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा, पूर्व जिला परिषद अध्यक्षा ममता देवी, पूर्व विधायक जनार्दन पासवान समेत हंटरगंज प्रतापपुर, कुंदा, सिमरिया, टंडवा के तमाम मंडल अध्यक्ष, वरिष्ट कार्यकर्ता सहित हजारों की संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित थे।जनता को संबोधित करते मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार आपका एक-एक वोट का कीमत वापस कर देती है।जैसे 2019 में आपका वोट का कीमत का मोदी सरकार ने राम मंदिर बनाकर और कॉविड का टीका लगाकर वापस कर दिया।ठीक इसी प्रकार आपका एक-एक वोट 2024 के लिए मथुरा में कृष्ण मंदिर का निर्माण कर सभी सनातनियों को लौटा ददिया जाएगा। यादव ने आगे कहा कि महागठबंधन के नेता सनातन को मिटाने कि बात कर रहें है।इसका जबाव जनता 20 मई को मोदी के लिए अपना मतदान करें और इस दौरान विरोधी पार्टी को जड़ से मिटाने का काम करें।



### राजद कार्यकर्ताओं ने थामा भाजपा का दामन

हंटरगंज प्रखंड में आयोजित भारतीय जनता पार्टी चुनावी सभा का आयोजन सोमवार कोरामनारायण प्लस टू विद्यालय हंटरगंज के खेल मैदान में आयोजित किया गया था इस दौरानमुख्य अतिथिमध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव झारखंड विधानसभा प्रतिपक्ष के नेता अमर कुमार बाउरी जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता समेत दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता, लोकसभा प्रत्याशी कालीचरण सिंह उपस्थित थे। इस जनसभा के मौके पर चतरा विधानसभा क्षेत्र के राष्ट्रीय जनता दल से करीब 50 लोगों ने भाजपा का दामन थामा। इस क्रम में पूर्व विधायक जनार्दन पासवान ,राजधानी यादव ने सभी राजद से भाजपा में आये कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

## भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने बिशुनपुर में किया भाजपा के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन ,कहा- भाजपा में प्रत्याशी नहीं पार्टी चुनाव लड़ती है

**बिशुनपुर (गुमला) :** भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी का विधिवत आगाज कर दिया है। मंडल अध्यक्ष केदार साहू के घर के समीप लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी चुनाव कार्यालय का उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी एवं लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी समीर उरांव ने रिबन काटकर उद्घाटन किया। इसके उपरांत ये लोग बिशुनपुर शक्ति केंद्र की आयोजित बैठक में शामिल हुए । जहां कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन महामंत्री ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 का लक्ष्य सामने खड़ा है ।इसे 400 के पार पहुंचाना है । सरकार की योजनाओं को जनता के बीच पहुंचने से लक्ष्य की प्राप्ति में आसानी होंगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि कार्यकर्ता खुद को प्रत्याशी समझ कर चुनाव लड़ता है। उन्होंने कहा कि भाजपा में प्रत्याशी नहीं पार्टी चुनाव लड़ती है । व्यक्ति विशेष नहीं कार्यकर्ता महत्वपूर्ण है । कार्यकर्ताओं के बलबूते पर ही चुनाव लड़े जाते हैं । लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में भाजपा की जीत के लिए कार्य करना है । आज से चुनावी लड़ाई शुरू हो गई है ।सभी कार्यकर्ता उसके लिए कमर कस लें। इससे पूर्व मंडल स्तरीय सभी पदाधिकारी ने अतिथियों का स्वागत किया । साथ ही लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियों की जानकारी दी और यह विश्वास दिलाते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं के बलबूते भाजपा चौथी बार लोकसभा सीट जीतकर नरेंद्र मोदी को फिर से देश का प्रधानमंत्री बनने में सहयोग करेंगे। इस मौके पर एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य आलोक उरांव, बिशुनपुर विधानसभा के संयोजक भिखारी भगत, जिला उपाध्यक्ष सह मंडल प्रभारी प्रदीप प्रसाद, मंडल अध्यक्ष केदार साहू , शक्ति केंद्र प्रभारी रामप्रसाद बड़ाइक, संयोजक रामधनी उरांव, सह-संयोजक सरस्वती देवी, मंडल उपाध्यक्ष अशोक भारती, बूथ अध्यक्ष गुलाब साहू, गंदूर भगत, मौसम बड़ाइक, शंभू बड़ाइक, अशोक बडाईक ,केश्वर लोहार ,प्रदीप भगत, अभिषेक सिंह, गुलशन उरांव, सुरेश भगत, बिल्टू लोहार, बीणा देवी, मैना देवी, हीरामणी देवी सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## मतदाताओं को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए निर्मित जनमीनार के स्टार्टर की चोरी, शिकायत दर्ज

**घाघरा (गुमला) :** राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय प्रांगण में लगे जलमीनार के स्टार्टर की चोरी अज्ञात चोरों द्वारा कर ली गयी है। घटना के बावत विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक गोपाल कृष्ण कुमार साहू ने घाघरा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए कहा है कि आसन्न लोक सभा चुनाव को लेकर विगत 19 अप्रैल को जलमीनार लगाया गया। शनिवार तक विद्यालय अवधि में सब सही सलामत था। लेकिन जब सोमवार को स्कूल आये तो देखा कि स्टार्टर गायब है। ग्रामीणों से पूछने पर उन्होंने बताया कि रविवार शाम तक सब सही सलामत था। जिससे प्रतीत होता है कि रविवार की रात्रि में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। यहां सबसे बड़ी बात यह है कि लोक सभा चुनाव सर पर है और उसी के निमित जलमीनार लगाया गया था।



# सीओ व पुलिस पदाधिकारियों ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर किया वोट बहिष्कार के निर्णय को वापस लेने की अपील

***ग्रामीणों ने कहा – वोट बहिष्कार के संबंध में अंतिम निर्णय बुधवार को लिया जाएगा**

**गुमला :** जिले के बिशुनपुर प्रखंड के पूर्वी पठार स्थित हाडूप रिसा पाठ गांव में सोमवार को अंचल अधिकारी शेखर वर्मा, थाना प्रभारी उदेश्वर पाल एवं इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार ने ग्रामीणों के साथ बैठक की। उल्लेखनीय है कि आसपास के गांवों के ग्रामीणों ने बुनियादी सुविधाएं बहाल करने और सड़क निर्माण की मांग को लेकर सामुहिक रूप से वोट बहिष्कार का निर्णय किया है। अधिकारियों ने ग्रामीणों को इस बात की जानकारी दी कि सड़क निर्माण कराये जाने को लेकर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मगर आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण कार्य प्रारंभ नहीं हो पा रहा है। श्री वर्मा ने कहा कि निश्चित तौर पर बिशुनपुर प्रखंड के पूर्वी पठार में सड़क का घोर अभाव है और यहां के लोगों को प्रखंड मुख्यालय तक पहुंचने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मैं आपका परेशानी को भली-भांति समझ रहा हूं। उन्होंने लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि वोट देना आपका अधिकार है। आप अपना मताधिकार का प्रयोग जरूर करें और निष्पक्ष होकर अच्छे एवं योग्य उम्मीदवार का चयन करें। जिससे कि आपका क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हो सके। मौके पर थाना प्रभारी उदेश्वर पाल ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को कानून अपने हाथ में लेने का अधिकार नहीं है कोई भी जनप्रतिनिधि या प्रत्याशी अगर चुनाव प्रचार को लेकर गांव आते हैं तो आप लोग उसका विरोध ना करें । उन्हें गांव घुसने से नहीं रोकें, नहीं तो आप लोगों के ऊपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस कभी किसी गांव के लोगों को केस के उलझन में फंसा कर परेशान नहीं करना चाहती है। अधिकारियों की बात सुनने के बाद ग्रामीण संतुष्ट होते जरूर नजर आए । परंतु लोगों ने कहा कि ग्रामीणों की संख्या कम होने के कारण अभी निर्णय लेने में परेशानी हो रही है। पुनः बुधवार को केचकी गांव में बैठक का आयोजन किया जाएगा। जहां पर सभी गांव के लोग मौजूद रहेंगे और प्रशासन के लोग भी उस बैठक में उपस्थित रहेंगे। वहीं पर वोट बहिष्कार का निर्णय को बदलने का काम किया जाएगा। इस मौके पर मुखिया जयमंती देवी, पंचायत समिति सदस्य हीरामुंनी देवी, रामलाल उरांव, शिवनाथ उरांव, बुद्धेश्वर बृजया, मंगरू खेरवार, रवि उरांव, जितेंद्र भगत, कुशुम किरण खलखो, प्रकाश कच्छप, सुशील असुर सहित कई लोग उपस्थित थे।

### बैठक में मतदाता पर्ची का हुआ वितरण

बिशुनपुर प्रखंड के पूर्वी पठार स्थित हाडुप, जालिम, केचकी एंव हिसिर गांव में अब तक सड़क नहीं बनने के कारण ग्रामीणों के द्वारा लोकसभा चुनाव में वोट बहिष्कार का निर्णय लिया गया था। जिसके बाद बीएलओ के द्वारा बांटे जाने वाले मतदाता पर्ची भी लोगों ने लेने से इनकार कर दिया था। परंतु सोमवार को अंचलअधिकारी एवं थाना प्रभारी के द्वारा ग्रामीणों को समझाए जाने के बाद बैठक में मतदान पर्ची का वितरण किया गया और ग्रामीणों ने उसे ले भी लिया।



## सारी विदेशी ताकतें हम भारत वासियों को अलग-अलग वर्गों में बांटने की कर रहे षड़यंत्र : नागेंद्र त्रिपाठी



**लोहरदगा:** भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा जिला चुनावी कार्यालय का उद्घाटन सोमवार को स्थानीय चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के समीप भाजपा क्षेत्रीय संगठन मंत्री नागेंद्र त्रिपाठी जी के द्वारा की गई। इस मौके पर पूर्व विधायक सधनु भगत, पूर्व विधायक सह विधानसभा प्रभारी कमलेश उराँव, जिला प्रभारी सह प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह, जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, पूर्व जिला अध्यक्ष ब्रज बिहारी प्रसाद, राजकिशोर महतो, मदन मोहन पाठक, राकेश प्रसाद उपस्थित थे। क्षेत्रीय संगठन मंत्री चुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए कई प्रकार की बातों को उपस्थित कार्यकर्ताओं के बीच में बताया। यह 2024 के चुनाव हमारे देश के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। बहुत सारी विदेशी ताकतें भी हम भारत वासियों को अलग-अलग वर्गों में बांटने के लिए विभिन्न तरह के षडयंत्र कारी को लगा रखा है। जिसमें ऐसे दलों का भी साथ मिल रहा है, जो नहीं चाहते कि भारत का एक गौरवशाली पहचान हो। झारखंड की बात करें, तो झारखंड एवं झारखंडियों का सम्मान केवल और केवल बीजेपी करती है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण झारखंड राज्य की स्थापना भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी के द्वारा भाजपा सरकार में हुई। कार्यालय उद्घाटन के दौरान चंद्रशेखर अग्रवाल सूरज मोहन साहू, नीरज कुमार नलिन, सामेला भगत, राजकुमार वर्मा, मीणा बाखला, मीना देवी, मीना देवी, अनिल उरांव, छेदी राम, राजेश महतो अमरेश भारती, लाल निरंजन नाथ शाहदेव, अवधेश सत्यकेतु प्रजापति, पहलवान सिंह, दीपक सराफ, ब्रजेश प्रसाद, धनंजय अग्रवाल, दीपक साहू ,संजय महतो, प्रदीप अग्रवाल, बजरंग करूवा, सरोज कुमार संजय बर्मन अरविंद अग्रवाल, विजय कुमार साहू, मिर आरिफ, नासिर अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## चतरा के निर्दलीय प्रत्याशी पर लोहरदगा में आचार संहिता उल्लंघन का केस

**कुडू - लोहारदगा :** आचार संहिता के उल्लंघन मामले में लोहरदग़ा जिले में एक प्राथमिकी दर्ज कराये जाने की सूचना है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुडू रांची मुख्य पथ एनएच 75 पर कुडू थाना क्षेत्र के हेंजला के समीप बनाये गए एसएसटी चेक प्वाइंट पर शनिवार की शाम बीते 27 अप्रैल को एसएसटी टीम द्वारा जांच के दौरान एक वाहन से भारी संख्या में बैनर, पोस्टर और पम्पलेट आदि बरामद किये जाने की सूचना है। मिली जानकारी के अनुसार टीम द्वारा पूछताछ करने पर बरामद चुनाव सामग्री का कोई भी बिल या पुख्ता दस्तावेज़ उपलब्ध नही कराया गया। जिसके बाद बरामद पोस्टर, पम्पलेट में छपे नाम के आधार पर आदर्श आचार संहिता का मामला दर्ज कराया गया है। बरामद बैनर, पोस्टर पम्पलेट चतरा लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे कोई अक्षय सिंह का बताया जा रहा है।

## गांजा की डिलवरी करने पहुंचा तस्कर गिरफ्तार

**कुडू - लोहरदग़ा :** कुडू थाना पुलिस ने रविवार की रात गांजा की डिलवरी करने पहुंचे एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार कुडू पुलिस को मुखबिर से गांजा सप्लाई करने की सूचना मिली थी। सूचना पर थाना प्रभारी कुलदीप राज टोप्पो पूरी टीम के साथ कुडू बाजार टांड़ पहुंचे और घेराबंदी की। हाथ मे थैला लेकर पैदल पहुंचे एक तश्कर को धर दबोचा। पकडे गए तश्कर की पहचान रांची जिले के चान्हो थाना क्षेत्र के मसमानो गांव निवासी गोपाल प्रसाद साहू पिता स्व चंद्रमोहन साहू के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से थैले में पैकेट बनाकर रखे करीब एक किलो गांजा बरामद किया है। मिली सूचना के अनुसार पुलिस ने शक के आधार पर तश्कर के पीछे पीछे चल रहे एक बोलेरो को कब्जे में लिया है और उसमें सवार दो अन्य लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। हालांकि कहां सप्लाई करने पहुंचा था इसकी जानकारी नही मिल पाई है। गिरफ्तार तश्कर की निशानदेही पर कुडू पुलिस कई स्थानों पर छापेमारी करने के साथ ही आरोपी कब से और कहां कहां गांजे के काम मे लिप्त है उसका पूरा नेटवर्क खंगाल रही है।

## बनालात के एक घर में छापामारी कर पुलिस ने किया अंग्रेजी शराब व बियर जब्त , कारोबारी फरार



**बिशुनपुर (गुमला) :** लोकसभा चुनाव को लेकर अवैध शराब के आपूर्तिकर्ता एवं विक्रेताओं पर पुलिस पैनी नजर रखी हुई है। रविवार शाम गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के बनालात गांव स्थित शराब विक्रेता राजेश साहू के घर में छापेमारी कर बिक्री के लिए रखी गई विदेशी शराब मेकडोल की 3 फुल बोतल, गॉडफादर एवं किंगफिशर नामक 20 कैन बियर एवं किंगफिशर की कांच बोतल 12 पीस बियर जप्त किया है। हालांकि पुलिस की उपस्थिति देख विक्रेता रविवार को बनालात में लगने वाला साप्ताहिक हाट पहुंचे भीड़ का फायदा उठाकर भाग निकलने में सफल रहा। थाना प्रभारी उदेश्वर पाल ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि राजेश साहू के द्वारा अवैध रूप से अंग्रेजी शराब बेची जा रही है जिसकी सूचना वरीय अधिकारियों को देते हुए मैं सूचना सत्यापन के लिए पहुंचा जहां राजेश साहू के घर के किराना दुकान में रखे फ्रिज से अंग्रेजी शराब का कुल 35 बोतल बरामद करते हुए आरोपी पर प्राथमिकी दर्ज कर दी गई है आरोपी मौके से भाग निकलने में सफल रहा । गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। छापेमारी टीम में थाना प्रभारी के साथ आरक्षी घनश्याम बारी, समीर अंसारी, सुधीर लूगुन शामिल थे।

## महिला ने रक्तदान कर दिया लोगों को रक्तदान करने की प्रेरणा



**गुमला ।** ब्लड बैंक गुमला में आपातकालीन स्थिति में सदर अस्पताल में भर्ती जरूरतमंद महिला के लिए संजना मालानी ने एबी पॉजिटिव ब्लड डोनेशन किया। उन्होंन कहा कि वे प्रत्येक 3-4 महीने के अंतराल में रक्तदान करती है। उन्होंने सभी सक्षम और स्वस्थ महिलाओं से रक्तदान करने की भी अपील की। मौके पर संजीव मालानी, यशराज सिंह,विष्णु साहू लैब टेक्नीशियन राकेश कुमार संगीता कुमारी मीडिया प्रभारी रोहित खंडेलवाल उपस्थित थे।

# शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में छः दिवसीय व्याख्यान माला का समापन हुआ

**हज़ारीबाग़** – श्री रामकृष्ण शारदा आश्रण शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं एसबीएम शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में छः दिवसीय व्याख्यान माला का समापन हुआ। यह व्याख्यान माला का विषय था, भारतीय समाज परंपरा और वैश्वीकरण। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में विनोबा भावे विश्वविद्यालय के प्राध्यापक सह प्रमुख डॉ0 तनवीर युनूस का आगमन हुआ । परम्परानुसार कार्यक्रम का प्रारंभ पुष्प अर्पण के साथ हुआ । प्राचार्य डॉ0 समाप्ति पॉल ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ व शॉल से सम्मानित किया तथा प्रशिक्षुओं द्वारा बनाया गया गुलदस्ता भेंट की । सहायक प्राध्यापिका श्यामली सलकर ने स्वागत भाषण में कहा कि मैं अपने गुरू डॉ0 तनवीर यूनूस सर का स्वागत करते हुए खुद को गौरवान्वित महसूस कर रही हूँ। तत्वपश्चात महाविद्यालय के प्रशिक्षुओं ने स्वागत




गीत एवं नृत्य से मन मोह लिया । मुख्य अतिथि डॉ0 तनवीर युनूस ने शिक्षक की भूमिका बताते हुए कहा कि शिक्षक का दायित्व केवल ज्ञान देना ही नहीं बल्कि व्यक्तित्व का निर्माण करना है । महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 समाप्ति पॉल ने व्याख्यानमाला की श्रृंख्ला में आए सभी वक्ताओं तथा कार्यक्रम के आयोजन को सफल बनाने हेतु सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों को धन्यवाद दिया और साथ ही यह भी कहा कि ऐसा शैक्षिक आयोजन महाविद्यालय करता रहेगा । कार्यक्रम में मंच संचालन एस0बी0एम0 की प्रशिक्षु सेजल कुमारी एवं एसआरएसएटीटीसी की जीनत बानो ने किया । धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापक सुनील कुमार सोनी ने किया । कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 समाप्ति पॉल सहित मुख्य अतिथि डॉ0 तनीवीर युनूस, आईक्यूएसी समन्वय डॉ0 परीक्षित लायक, तनिमा प्रिया, विवेकानन्द पाण्डेय, सुबोध कुमार दुबे, सुनील कुमार सोनी, दयानन्द यादव, श्यामली सलकर, डॉ0 सत्या सिंह, गोपाल राम, सिन्टु कु0 वर्मा, अरविन्द मालाकार, सत्यजीत बेरा, प्रितेश श्रीवास्तव तथा एसबीएम शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापकगण अमित कुमार, पंकज कुमार, संजय कुमार, मंजरी कुमारी, सुषमा कुमारी, डॉ0 रूपा रानी, रविकान्त मणि, विवेक कुमार रवि, रविशंकर प्रसाद एवं दोनों महाविद्यालय के प्रशिक्षु शिक्षक उपस्थित थे । कार्यक्रम का समापन राष्ट्गान के साथ सम्पन्न हुआ।

# गर्म हवाओं से बचने की उपायुक्त ने की आमलोगो से अपील

**● धूप में अनावश्यक बाहर निकलने से बचें,आवश्यक होने पर अतिरिक्त सावधानी बरतें – उपायुक्त**



**हज़ारीबाग़** – मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक हीट वेव ( लू )/ गर्म हवा चलने की चेतावनी जारी की है । इस मौसम में बच्चों से लेकर वृद्धजन को बेहोशी, मांसपेशियों में जकड़न, मिर्गी का दौरा, चिड़चिड़ापन, सिरदर्द, अधिक पसीना आना, कमजोरी, चक्कर आना, सांस व दिल की धड़कन तेज होना, उल्टी आना आदि परेशानी हो सकती है । आमजनों को लू से बचने के लिए, खानपान से लेकर आवाजाही में विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। उपायुक्त नैंसी सहाय ने तापमान में बढ़ोत्तरी और गर्म हवा/ लू को लेकर जिलावासियों से अपने स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति सावधान रहने की अपील की है। उन्होने कहा है कि लू और अत्यधिक गर्मी में घर से बाहर निकलना आपके स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह हो सकता है । जरा सी लापरवाही लू की चपेट में आने का कारण हो सकता है, इसके गंभीर परिणाम भी हो सकते हैं। स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर तत्काल अपने निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध चिकित्सकों से संपर्क करने को कहा है। सभी केंद्रों में पर्याप्त मात्र में ओआरएस पाउडर व अन्य जरूरी दवाएं उपलब्ध है ।

**निगम के प्रत्येक वार्ड में स्वयंसेवी संस्था समूह की महिलाओं द्वारा**


# मतदान हेतु जागरूक करने का किया जा रहा है निरंतर प्रयास




हजारीबाग - नगर आयुक्त सह प्रशासक शैलेंद्र कुमार लाल के निर्देशानुसार नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत स्वयंसेवी संस्था की महिलाओं के द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें मतदान हेतु जागरूक करने के साथ-साथ कम से कम 80 प्रतिशत मतदान कराने का लक्ष्य को ध्यान में रखकर नगर निगम के प्रत्येक वार्ड में स्वयंसेवी संस्था समूह की महिलाओं के द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इस क्रम 29 अप्रेल को वार्ड संख्या 18 ,19, 32, 33 की महिलाओं के द्वारा वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने का शपथ दिलाया गया तथा नगर आयुक्त के निर्देश अनुसार बाकी शेष वार्डों में भी मतदान जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, तथा वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने हेतु अन्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में नगर मिशन प्रबंधक, नगर प्रबंधक ,सामुदायिक संगठनकर्ता , सामुदायिक संसाधन सेविका एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रही।

# लक्ष्य बने शिशु बाल भारती के अध्यक्ष, तनीषा बनीं उपाध्यक्ष

**सरस्वती शिशु विद्या मंदिर रामनगर में शिशु-बाल भारती का गठन**



हजारीबाग - सरस्वती शिशु विद्या मंदिर रामनगर में प्रधानाचार्य राजकुमार नाग के अध्यक्षता में शिशु-बाल भारती का गठन किया गया। इसमें भैया-बहनों को निम्न दायित्व सौंपा गया। इसमें अध्यक्ष भैया लक्ष्य कुमार, उपाध्यक्ष बहन तनीषा नाटाणी, सेनापति भैया अश्विन सोनी व पुष्प रंजन, सफाई प्रमुख दिलखुश कुमार व प्रशांत सिंह, चिकित्सा प्रमुख बहन रितिका रानी व भैया युवराज कुमार, जल प्रमुख भैया पीयूष राणा व ध्रुव कुमार, वंदना प्रमुखट्ठमोहिनी, रश्मि, रितिका, आशी कुमारी खोया-पाया विभागट्ठभैया अनीश कुमार व अभिज्ञान, बागवानी प्रमुखट्ठभैया प्रथम कुमार, रिशु कुमार, देव कुमार व नीलेश कुमार और अनुशासन प्रमुखट्ठभैया लक्ष्य कुमार व प्रशांत कुमार को बनाया गया। सभी प्रमुखों को प्रधानाचार्य ने शपथ दिलाई। विद्या भारती योजना के तहत विद्यालय में संचालित सभी विभागों का दायित्व निर्वहन करने का अवसर भैया बहनों को प्रदान किया गया। इसमें आचार्य दीपक कुमार, आरती कुमारी, सुधा राय, कविता सिंह, ऋषिका कुमारी, शोभा कुमारी एवं विद्यालय के भैया-बहन उपस्थित थे।

# प्रदीप प्रसाद ने मनीष जायसवाल के पक्ष में जनता से किया अपील

**● इस बार हजारीबाग की जनता ने मन बना लिया है कि कमल खिलेगा हजारीबाग में – प्रदीप प्रसाद**



**हजारीबाग** – भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने हज़ारीबाग़ लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी मनीष जयसवाल के पक्ष में वोट मांगा है। प्रदीप प्रसाद ने कहा है कि इस बार हजारीबाग की जनता ने मन बना लिया है कि कमल जरूर खिलेगा हजारीबाग में, उन्होंने लोगों को अपील किया है कि अधिक से अधिक संख्या में 1 मई को नामांकन कार्यक्रम में शामिल होने का अपील किया है। दौरे में सदर विधानसभा क्षेत्र के दारू व सदर प्रखंड के दर्जनों गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाकर राष्टहित में इस बार फिर से कमल फूल के बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनानें का आग्रह किया। इस दौरान जगह-जगह ग्रामीणों द्वारा आयोजित चौपाल में उपस्थित होकर लोगों का हाल जाना। चौपाल में उपस्थित मतदाताओं से अपील किया है कि 1 मई को नामांकन कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर अपना आशीर्वाद दे। इस बार फिर से विकास पुरुष मोदी जी को कमल फूल पर बटन दबाकर मजबूत कीजिए, ताकि देश उन्नति व विकास का नया आयाम गढ़ेगा।

# आईसेक्ट विश्वविद्यालय में वाद-विवाद व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**विद्यार्थियों का समावेशी विकास, विश्वविद्यालय की प्राथमिकता में शामिल - डॉ मुनीष गोविंद**




**हजारीबाग** - आईसेक्ट विश्वविद्यालय के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में सोमवार को युवा और राजनीति-नेताओं के समर्थन और आलोचना के बीच संघर्ष पर वाद-विवाद एवं शिक्षा और समाज विद्यार्थियों के अधिकारों की सुरक्षा और प्रयोजनमूलक शिक्षा के बीच संबंध विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बता दें कि आगामी 16 मई को विश्वविद्यालय का 9 वां स्थापना दिवस मनाया जाएगा, जिसके उपलक्ष्य में विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां व खेलकूद सहित कई अन्य प्रतियोगिताएं करायी जा रही है। ?इसी के तहत सोमवार को वाद-विवाद एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में युवाओं और राजनीति को लेकर खुलकर अपने विचार रखे। वाद-विवाद प्रतियोगिता में निर्णायक मंडली की भूमिका में डॉ रोजीकांत, डॉ पूनम चंद्रा व प्रभात किरण जबकि निबंध प्रतियोगिता में अजीत कुमार, संजय दांगी व पंकज प्रज्ञा ने निर्णायक मंडली की भूमिका निभाई। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि दरअसल वाद-विवाद, निबंध या अन्य प्रतियोगिताओं से ना केवल विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ता है बल्कि उनमें स्वस्थ प्रतिस्पर्धा भी जागृत होती है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के समावेशी विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। यही वजह है कि पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियां व अन्य प्रतियोगिताओं के लिए विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। बताते चलें कि 30 अप्रैल को मेंहदी, चित्रकला, 1 मई को गायन, 2 मई को नृत्य, 3 मई को फैशन शो और 4 मई को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। सभी विजेता प्रतिभागियों को आगामी 16 मई के स्थापना दिवस कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएगा।

# जिला में मतदाता जागरूकता आधारित नुक्कड़ - नाटक का किया आयोजन




**हज़ारीबाग़** - ओ.एन.जी.सी.सी.बी.एम. परिसम्पति बोकारो के सौजन्य से बोकारो जिला में मतदाता जागरूकता आधारित नुक्कड़-नाटक का आयोजन हस्तशिल्प विकास संस्थान द्वारा किया गया। मतदान प्रतिशत बढाने के उदेश्य से ओ.एन.जी.सी.सी.बी.एम.परिसम्पति बोकारो के सौजन्य से बोकारो जिला के ओ.एन.जी.सी कार्यालय, गोमिया एवं चन्दनकियारी प्रखंड में मतदाता जागरूकता 25 मई, दिन शनिवार को वोट करेगा। बोकारो पर आधारित नुक्कड़-नाटक का आयोजन हस्तशिल्प विकास संस्थान हजारीबाग द्वारा किया गया। नुक्कड़- नाटक के माध्यम से आम समुदाय को जाति, धर्म, भाषा,प्रलोभन में न आकर स्वत्रंता एवं निष्पक्ष मतदान करने के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। मौके पर असीम कुमार, परिसम्पत्ति प्रबंधक ने इस तरह मतदाता जागरूकता से आम नागरिक को मतदान के प्रति जागरूकता करने के लिए यह सरल तरीका है जिससे लोग बढ़-चढ़ कर मतदान करेगें ओर बोकारो का वोट प्रतिशत बढेगा इस तरह आयोजन के लिए हस्तशिल्प विकास संस्थान को सराहा गया।

# अन्नदा कॉलेज में वेस्ट मैनेजमेंट पर व्याख्यान का किया गया आयोजन



**हज़ारीबाग़** – अन्नदा कॉलेज बायोटेक्नोलॉजी विभाग ने मैथमेटिक्स, केमिस्ट्री और फिजिक्स विभाग के साथ मिलकर वेस्ट मैनेजमेंट पर व्याख्यान का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डा. के. के. गुप्ता, सी.सी.डी.सी विनोबा भावे यूनिवर्सिटी एवं एसोसिएट प्रोफेसर जूलॉजी विभाग थे। डा. गुप्ता ने 3 आर के बारे में बताया, रिड्यूस, रियूज, रिसाइकल और अपशिष्ट पदार्थ के प्रबंधन की बात की। प्रो इन चार्ज डा. सुभाष कुमार ने डा. गुप्ता को पुष्प दे कर सम्मानित किया। कार्यकम का सम्बोधन रोहित कुमार, बायोटेक्नोलॉजी विभाग एवं धन्यवाद ज्ञापन डा. ललिता राणा ने किया। कार्यक्रम के आयोजन में प्रो. अनुभा कुमारी एवं प्रो. प्रेरणा शर्मा बायोटेक्नोलॉजी विभाग की मुख्य भूमिका रही। प्रिंसिपल इन चार्ज डा. नीलमणि मुखर्जी ने इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन की सराहना की। व्याख्यान में डा. जे. पी सान्याल, डा. नौशाद अनवर, डा. बी. धर, डा. सोमेन चंद्रा, डा. अंजन चौधरी, डा. बादल रक्षित, आकाश गोराई एवं ढेरों छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# 24 वें कारवाई में 15 पशुओं के साथ चार अन्तर्राजिय तस्कर गिरफ्तार






**चौपारण** – चौपारण प्रखण्ड के थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह का कारवाई का सीलसिला लगातार जारी है। 70 दिनों के कार्यकाल में तस्करों के विरूद्ध कई बड़ी कामयाबी हासिल कर चुके हैं। 24 बड़ी कार्रवाई में इन्होंने 44 तस्करों को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा है। सोमवार को भी थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के द्वारा 15 पशुओं को तस्करों के चंगुल से मुक्त करवाते हुए 4 अन्तर्राजिय तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

इस सम्बंध में इन्होंने प्रेस विज्ञप्ति कर बताया कि पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग को मिली गुप्त सूचना के आधार पर ट्रक वाहन पंजियन संख्या एचआर 55 एए 6990 में गौवंशीय पशुओं के साथ पकड़ा गया। जिसमें गाड़ी से उतरकर भागने का प्रयास कर रहे 04 तस्करों को भी पुलिस ने दौड़ा कर पकड़ा। पकड़ाये व्यक्तियों ने अपना नाम सेख सुजाउद्दीन उम्र 30 वर्ष पिता शेख मोहम्द अली सा0 मीठापुकुर थाना बजबज जिला दक्षिण 24 परगणा ( वेस्ट बंगाल ) , शेख मुरसलीम उम्र 35 वर्ष पिता शेख नुर नबी सा0 मीठा पुकुर थाना बजबज जिला दक्षिण 24 परगणा (वेस्ट बंगाल), राजकुमार उम्र-50 वर्ष पिता- स्व रामलाल ग्राम 623( बी ) वार्ड नं 24 जंडीवाली गली रानीया रोड थेड मोहल्ला, सिरसा हरियाणा, मंगल उम्र- 37 वर्ष पिता अंग्रेज कुमार ग्राम वार्ड नं 27 गुरुतेख बहादुर नगर सिरसा हरियाणा बताया।काण्ड में जप्त वाहन से 10 गाय और 05 गाय का बछड़ा कुल 15 गौवंशीय पशुओ को बरामद किया। इस सम्बन्ध में चौपारण थाना में सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान के लिए संरतन टुड्डु को सौपा गया है। छापेमारी दल में पुअनि0 दीपक कुमार सिंह, थाना प्रभारी,पुअनि रतन टुड्डु, चौपारण थाना और चौपारण थाना सशस्त्र बल शामिल थे।

## लोकसभा निर्दलीय प्रत्याशी हिन्दू राष्ट्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष शशि भूषण केशरी 2 मई को करेंगे अपना नामांकन

**हज़ारीबाग़** – हिन्दू राष्ट संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं लोकसभा के निर्दलीय प्रत्याशी शशि भूषण केशरी ने अपने चुनावी कार्यालय में बैठक करते हुए 2 मई को अपना नामांकन करने का घोषणा करते हुए कहा कि हजारीबाग के लोगों का प्यार और विश्वास , समस्त मातृ शक्ति का आशीर्वाद, समस्त क्षेत्रीय हिन्दू संगठनों की एकजूटता और साथ ने मुझे जो बल दिया है, इसके लिए मैं आप सबो का आभार प्रकट करता हूँ । साथ-ही-साथ मै यह विश्वास दिलाता हूँ कि मैं हमेशा आपके उम्मीदों पर खरा ऊतरूंगा। जिस राजनीति के खिलाफ मेरा संघर्ष और लड़ाई है , उसमें मुझे सिर्फ आप सबो की एकजूटता का और आपके आशीर्वाद की जरूरत है । क्योंकि यह लड़ाई सिर्फ मेरी नही बल्कि हम सब की लड़ाई है। श्री केशरी ने हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के सभी लोगों को आह्वान करते हुए 2 मई को अपने नामांकन में आमंत्रित किया है । इस मौके पर समस्त क्षेत्रीय हिन्दू संगठन, मातृ शक्ति, प्रदेश, जिला व नगर कमिटी के पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित हुए ।

# लोकसभा क्षेत्र से सभी वर्गों का समर्थन मिल रहा है - मनीष जायसवाल

**● हज़ारीबाग की जनता के दिल में बैठे हैं मनीष जायसवाल – विकास राणा**

**हज़ारीबाग** – हज़ारीबाग़ लोकसभा क्षेत्र के राजग प्रत्याशी मनीष जायसवाल आजसू पार्टी के लोकसभा प्रभारी सह हज़ारीबाग जिला अध्यक्ष विकास राणा के बंशीलाल चौक स्थित आवास में मुलाकात कर लोकसभा चुनाव की तैयारी पर चर्चा की। सभी ने कहा कि आजसू पार्टी और भारतीय जनता पार्टी गठबंधन के लोकप्रिय उम्मीदवार मनीष जायसवाल इस बार रेकार्ड वोट से चुनाव जीतेंगे।

राजग प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने कहा कि पुरे लोकसभा क्षेत्र में आजसू कार्यकर्ताओं का भरपूर साथ मिल रहा है, हज़ारीबाग लोकसभा को जीतकर केन्द्र में नरेन्द्र मोदी को प्रधानमन्त्री बनाना है। मुझे अपने लोकसभा क्षेत्र से सभी वर्गों का समर्थन मिल रहा है। आजसू पार्टी के लोकसभा प्रभारी सह हज़ारीबाग जिला



अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि इस बार के चुनाव में पिछ्ले सभी रेकॉर्ड टूटेंगे, पाँच लाख से ज्यादा वोट से मनीष जायसवाल चुनाव जीतेंगे। पिछ्ले 55 दिनों में राजग उम्मीदवार मनीष जायसवाल जितने गाँव का भ्रमण कर जन सम्पर्क किये हैं, उतने गाँव का भ्रमण चुनाव जीतकर किसी भी प्रत्याशी ने आज तक नहीं किया। हज़ारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता के दिल में बैठे हैं मनीष जायसवाल जिनकी जीत सुनिश्चित है। आजसू पार्टी के लोकसभा प्रभारी सह हज़ारीबाग जिला अध्यक्ष विकास राणा के आवास में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रंजीत सिन्हा, केन्द्रीय सचिव सह लोकसभा प्रभारी परमेश्वर महतो, केन्द्रीय सदस्य आनन्द सिंह, मनीष जायसवाल के मिडिया प्रभारी रंजन चौधरी, जिला कोषाध्यक्ष अजय कुमार, महिला मोर्चा की संगीता बारला, सुहानी एक्का, विवेक कुमार राणा, आफताब आलम, राजू प्रसाद, जितेन्द्र कुमार, धीरेन्द्र सिंह, मो यूनुस हुसैन गुड्डू सहित अन्य लोग शामिल थे।

# मिक्सचर प्लांट से निकलने वाले काला धुंआ से पर्यावरण पर पड़ रहा है प्रतिकूल असर



बोकारो।बोकारो स्टील सिटी में नया मोड़ से स्टील गेट जाने वाली मुख्य सड़क के किनारे ही दुग्गल गेट के सामने स्थित मिक्सचर प्लांट से निकलने वाले काला धुंआ से पर्यावरण पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है तथा इस सड़क से गुजरने वाले यात्री एवं आसपास की झोपड़ियों और जोशी कॉलोनी में रहने वाले लोगों को अत्यंत परेशानी का सामना करना पड़रहा है। जब यह मिक्सचर प्लांट शुरू होता है तो चारों तरफ इसका कला धुंआ फैल जाता है। यह धुंआ स्वास्थ्य के लिए अत्यंत ही हानिकारक है। इसकी चिमनी की लंबाई छोटी रहने के कारण धुंआ नीचे ही रहजाता है। बोकारो नगर प्रशासन, झारखंड सरकार का प्रदूषण नियंत्रण विभाग और जिला प्रशासन सबको यह पता है फिर भी इनका मौन रहना अत्यंत ही चिंतनीय है। प्रदूषण से पिड़ित निवासियों के आग्रह पर स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान के महासचिव शशि भूषण ओझा %मुकुल% द्वारा निरीक्षण करने पर पाया गया कि इस मिक्सचर प्लांट से निकलने वाला काला धुंआ किसी पर्यावरणीय संकट से कम नहीं है जिससे लोग निश्चित ही परेशान हैं और इसपर रोक लगाना अत्यंत आवश्यक है तथा इस प्लांट को यहां से कहीं दूर शिफ्ट कराया जाय।

# 5 मई को बोकारो में पांच केंद्रों पर होगी नीट की परीक्षा, 2884 अभ्यर्थी होंगे शामिल

**बोकारो।** डॉक्टर बनने का सपना संजोए विद्यार्थियों के लिए मेडिकल शिक्षण संस्थानों में दाखिले को लेकर आवश्यक परीक्षा नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट यानी नीट (यूजी) 2024 का आयोजन आगामी 5 मई (दिन- रविवार) को किया जा रहा है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से आयोजित यह परीक्षा दोपहर 2ः00 से संध्या 5ः20 बजे तक ली जाएगी। बोकारो में इसके लिए कुल पांच विद्यालयों में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। एनटीए के सिटी कोऑर्डिनेटर एवं डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार ने सोमवार को इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि जिले में सभी पांचों सेंटरों को मिलाकर कुल 2884 अभ्यर्थी नीट की परीक्षा देंगे।सिटी कोआर्डिनेटर डॉ. गंगवार ने बताया कि सेक्टर- 4एफ स्थित एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल में 840, बालीडीह रेलवे कॉलोनी स्थित होली क्रॉस स्कूल में 720, सेक्टर- 5 के गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल में 720, सेक्टर- 6 स्थित क्रिसेंट पब्लिक स्कूल में 480 और सेक्टर- 4 स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस बोकारो) में 124 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचार-मुक्त हो, इसके लिए पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। सभी केंद्राधीक्षकों एवं पर्यवेक्षकों से समन्वय बनाकर परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर पूरी तैयारी की गई है। उन्होंने सभी परीक्षार्थियों से निर्धारित गाइडलाइन का अक्षरशः पालन किए जाने की अपील की है।



## देश के 557 शहरों में होगी परीक्षा

इस बार नीट-यूजी की परीक्षा 13 भाषाओं में पेन-पेपर (ऑफलाइन) मोड में होगी। 5 मई को दोपहर 2 बजे से शाम 5.20 बजे तक देशभर में 557 और भारत के बाहर 14 शहरों में परीक्षा होगी। रजिस्ट्रेशन कराने वाले अभ्यर्थी एनटीए की ऑफिशियल वेबसाइट e&ams.nta.ac.in/NEET/ पर जाकर अपनी सिटी इंटीमेशन स्लिप अपनी जन्मतिथि और एप्लीकेशन नंबर का उपयोग कर डाउनलोड कर सकते हैं। एडमिट कार्ड दो मई से पहले जारी कर दिए जाने की संभावना है।

## प्रत्येक चार विषय में होंगे दो खंड

नीट यूजी 2024 के टेस्ट पैटर्न में चार विषय शामिल हैं। प्रत्येक विषय में दो खंड होंगे। सेक्शन-ए में 35 प्रश्न होंगे। सेक्शन-बी में 15 प्रश्न होंगे। इन 15 प्रश्नों में से उम्मीदवार कोई भी 10 प्रश्न चुन सकते हैं। प्रश्नों की कुल संख्या और समय का उपयोग वही रहेगा।

## परीक्षा केंद्रों पर ले जा सकेंगे बस ये चीजें

नीट यूजी परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पर मेटल डिटेक्टर और अनिवार्य गहन सुरक्षा-जांच से गुजरना होगा। वे केवल अपनी निजी पारदर्शी वाटर बोतल, परीक्षा संबंधी दस्तावेज (फोटो चिपका हुआ एडमिट कार्ड, असली वैध सरकारी पहचान पत्र), अटेंडेंस शीट पर चिपकाने के लिए पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ, पीडब्ल्यूडी सर्टिफिकेट (यदि उपयुक्त हो) सहित उनके एडमिट कार्ड में वर्णित अनुमति वाली चीजें ही ले जा सकेंगे।

## एग्जाम हॉल में इन चीजों को ले जाने की मनाही

परीक्षा हॉल में कोई भी मुद्रित या लिखित पाठ्य सामग्री, कागज का टुकड़ा, ज्योमेट्री या पेंसिल बॉक्स, प्लास्टिक पाउच, कैलकुलेटर, पेन, स्केल, राइटिंग पैड, पेन ड्राइव, इरेजर, लॉग टेबल, ई-पेन, स्कैनर, मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, इयरफोन, माइक्रोफोन, पेजर, हेल्थ बैंड, वॉलेट, गोगल्स, हैंडबैग, बेल्ट, टोपी, एटीएम/क्रेडिट/डेबिट कार्ड, प्लास्टिक आईडी कार्ड, कोई भी रिमोट वाली चाबी, कोई भी घड़ी (स्मार्ट वॉच या एनालॉग), कैमरा, वाइटनर, धातु की कोई भी वस्तु या खाद्य पदार्थ अपने साथ परीक्षार्थी नहीं ले जा सकेंगे। केवल डायबिटीज पीड़ित कैंडिडेट फल, शुगर टैबलेट या कैंडी ही ले जा सकेंगे। पैक किया हुआ या डिब्बे में बंद कोई भी खाद्य वस्तु ले जाने की उन्हें भी मनाही है। एग्जाम हॉल में एनटीए की ओर से एक अभ्यर्थियों को एक पेन दिया जाएगा, जिसे वे परीक्षा के बाद अपने साथ ले जा सकेंगे।

# कार्मल स्कूल के अंग्रेजी माध्यम में अलंकरण समारोह का हुआ आयोजन।



बेरमो। बोकारो थर्मल स्थित कार्मल स्कूल सभागार में अलंकरण समारोह 2024 -25 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभआरंभ दीप प्रज्वलन एवं प्रार्थना नृत्य द्वारा किया गया। वही द्वीप प्रज्वलन विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर एम मालार एसी एवम प्रबंधिका सिस्टर इनेट एसी ने विद्यालय के नव नियुक्त हेड बॉय ऋतुराज विद्यार्थी एवं हेड गर्ल ऋषिका डिसुजा को जिम्मेवारी सौंपी एवम शुभकामनाएं दिए। इसके अलावे विद्यालय के हिमालय हाउस ः कैप्टन मौसम कुमार यादव,कैप्टन मोनिका। नीलगिरि हाउस ःकैप्टन अकमल रजा, कैप्टन श्रेयसी ठाकुर। विंध्याचल हाउस ःकैप्टन मो. कैफ,कैप्टन प्रशंसा। सतपुरा हाउस ःकैप्टन दिपांशु मुर्मू,कैप्टन सौम्या वांडखेड़े को बनाया गया एवम सभी को अनुशानन, खेल प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सूचना, चिकित्सा व स्वास्थ्य, सेनिटेसन, एक्टिविटी मिनीस्टर में छात्र छात्राओं की नियुक्ति सहित स्काउट एवं गाइड, बैंड एवं असिस्टेंट कैप्टन की भी नियुक्ति कार्यक्रम के दौरान किया गया एवम चयनित सभी छात्र छात्राओं को जिम्मेवारी सौंपी गई साथ ही सभी को विद्यालय एवम उनके ग्रुप हाउस का झण्डा देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर एम मालार ने नियुक्त सभी छात्र एवम छात्राओ को बेहतर कार्यकाल की शुभकामनाएं दिए। इस अवसर पर जितेन्द्र कुमार सिंह, प्रतिमा ठाकुर,सोमा बासु आदि शिक्षक शिक्षिकाए व अभिभावक उपस्थित थे।

# भारत विकास परिषद, बोकारो दक्षिण शाखा का दायित्व ग्रहण समारोह सम्पन

**बोकारो।** भारत विकास परिषद्, बोकारो दक्षिण शाखा के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का दायित्व सह शपथ ग्रहण समारोह रविवार को कोआपरेटिव कॉलोनी स्तिथ एल.ए.के. प्रसाद मेमोरियल सभागार में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम मुख्य अथिति एवं नवनिर्वाचित पदाधिकारीयों का पुष्पगुच्छ दे कर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का आरम्भ मुख्य अतिथि एवं शाखा के नव निर्वाचित पदाधिकारियों द्वारा पारंपरिक दीप प्रज्वलन और भारत माता एवं परिषद के आदर्श स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर माल्यार्पण कर के हुआ। तदोपरांत %वन्दे मातरम% गायन हुआ। दायित्व एवं शपथ ग्रहण के पूर्व नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय सिंह, सचिव ललित वर्मा एवं कोषाध्यक्ष अनुप कुमार का परिचय कराया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि, भारत विकास परिषद के उत्तर झारखंड प्रान्त के प्रांतीय अध्यक्ष राम प्रवेश पांडेय ने दायित्व ग्रहण की शपथ दिलाई। अपने उद्बोधन में प्रांतीय अध्यक्ष ने बोकारो दक्षिण शाखा के उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की एवं कहा कि, हम सभी को भारत की सांस्कृतिक विरासत को सहेज इसके विकास के प्रति हमेशा सजग रहना है। कार्यक्रम का मंच संचालन शाखा के संगठन सचिव प्रदीप नारायण ने किया। धन्यवाद ज्ञापन नव निर्वाचित सचिव ललित वर्मा द्वारा दिया गया। नव निर्वाचित अध्यक्ष संजय सिंह एवं %विकास रत्न% बी.बी. दास द्वारा मुख्य अतिथि को एक स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। भारत विकास परिषद के विविध सामाजिक सहयोग एवं सेवा भाव से युक्त क्रियाकलापों से प्रेरित हो कार्यक्रम के दौरान डाक्टर श्याम सुंदर प्रसाद एवं अमन मालिक ने परिषद की सदस्यता ग्रहण की तथा रात्रि भोज के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में रमन सिन्हा, मधुशंकर पांडे, अनुपम गर्ग, राजेश कुमार, बी. एस. जायवाल, नवल किशोर सिंह, सुखनंदन सिंह %सदय%, डॉ बी.एन. महतो, एल.एन. दीक्षित, एन. के. सिंह %मुन्ना%, वाय. के. वर्णवाल, संजय चौरसिया, अशोक सिंह, कुंजला नारायण, अनिता सिन्हा, रचना वर्मा, महिमा सिंह, अनिता सिन्हा, शीला जायसवाल, तनूजा प्रिया, माधुरी सिंह, प्रगति गर्ग, रूबी, शशिकला महतो, संध्या दास, वीणा पांडेय, आदि अनेकों गणमान्यों की उपस्थिति रही।





# लोकसभा चुनाव के लिए 18 लोगों ने खरीदे नामांकन पत्र

- लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद आज 18 लोगों ने नामांकन पत्र खरीदे।



धनबाद। इस संबंध में अपर नगर आयुक्त प्रकाश कुमार ने बताया कि सामान्य वर्ग के लिए प्रति नामांकन पत्र का मूल्य 25 हजार रुपए तथा अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के लिए 12500 रुपए निर्धारित है। आज सामान्य वर्ग में 14, अनुसूचित जाति में 3 तथा अनुसूचित जनजाति में 1 व्यक्ति ने नामांकन पत्र खरीदा।नामांकन पत्रों की बिक्री कार्यालय अवधि के दौरान कलेक्ट्रेट में की जा रही है। बिक्री काउंटर पर जिला पंचायती राज विभाग के प्रधान सहायक रमेश कुमार तिवारी, शंभु महतो, नंदलाल चौहान मौजूद थे।

# झारखंड रत्न सम्मान से सम्मानित हुए सुकुमार, अनेक संस्थाओं ने दी बधाई।



बेरमो। नावाडीह प्रखंड के भेंडरा लौह नगरी निवासी एवं खोरठा भाषा संस्कृति के जाने-माने साहित्यकार और आकाशवाणी तथा दूरदर्शन के बी हाई ग्रेड लोकगीत गायक कलाकार सुरेश कुमार विश्वकर्मा उर्फ सुकुमार को रविवार को रांची क्लब में रिल इवेंट्स संस्था द्वारा झारखंड रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। उनके इस उपलब्धि के लिए देवी महतो स्मारक इंटर महाविद्यालय नावाडीह के प्राचार्य दिनेश प्रसाद, डिग्री कालेज नावाडीह के प्रभारी प्राचार्य चंद्रिका प्रसाद, आकाशवाणी व दूरदर्शन कलाकार बासु बिहारी, आकाशवाणी कलाकार विशेश्वर प्रसाद,डोमन कानू, भेंडरा पंचायत के मुखिया नरेश कुमार विश्वकर्मा, राजेन्द्र यादव, मुरली धर सिंह आदि ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

# डीएमएफटी फण्ड की बर्बादी पर जिम्मेदार जनप्रतिनिधि मौन क्यों

## आमसभा में 17 लोगों की उपस्थिति पर उठ रहे कई सवाल, विभाग खामोश

**कतरास।** डीएमएफटी फण्ड से जिले में होने वाले कार्य अक्सर चर्चा में रहते हैं. इसके पीछे का सबसे बड़ा कारण यह है कि डीएमएफटी फण्ड का उपयोग वैसे स्थानों में किया जा रहा है जहां उसका आवश्यकता ही नही है. क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी इस बात पर ज्यादा दिमाग लगाना उचित नही समझते है कि जिस स्थान पर डीएमएफटी फण्ड के उपयोग किया जा रहा है वो वहां के स्थानीय ग्रामीणों के लिए उपयोगी साबित होगा या नही.

धनबाद जिले के बाघमारा प्रखण्ड अंतर्गत जमुआटाँड़ पंचायत के खमारगोड़ा बस्ती में कतरी नदी पर बन रहे करोड़ों के पुल की कहानी भी यही है. स्थानीय मुखिया निरंजन गोप ने भूमाफियाओं को लाभ पहुंचाने के नियत से 5 हजार की आबादी वाले पंचायत में महज 17 लोगों को लेकर आमसभा में पुल को पास को पास कर दिया. वहीं ग्रामीणों ने बिना जानकारी दिए पुल को आमसभा में पास करने तथा शिलान्यास में भी जानकारी नही देने की बात कही. बाद में पंचायत के 35-40 लोगों ने पुल को अनुपयोगी बताते हुए और पुल बनाकर भूमाफियाओं को लाभ पहुंचाने का आरोप लगाते हुए उपायुक्त को पत्र लिखकर पुल निर्माण कार्य पर रोक लगाने की मांग की. पुल निर्माण स्थल पर एक बड़ा सा शिलान्यास बोर्ड लगा है जिसमे शिलान्यास करने वाले नेताओं और जनप्रतिनिधियों के नाम तो लिखा है लेकिन उसमें पुल बनाने की प्राक्कलित राशि लिखने की जगह नही है. दूसरे अर्थों में हम कह सकते हैं कि प्राक्कलित राशि को छुपाया गया है. प्रैक्टिकली देखें तो आजकल किसी भी योजना में प्राक्कलित राशि को नही लिखने का दौर चल रहा है जबकि पहले ऐसा नही होता था. हालांकि आरटीआई से प्राप्त दस्तावेजों से पता चला है कि पुल बनाने की प्राक्कलित राशि 3 करोड़ 31 लाख 41 हजार 2 सौ 57 रुपये है तथा पुल को 18 महीना में बनाकर कंप्लीट कर देना है. वहीं शिलापट्ट में पुल का शिलान्यास करने वाले गिरिडीह लोकसभा सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी, बाघमारा विधायक ढुलु महतो, जिप अध्यक्षा शारदा सिंह, जिप उपाध्यक्षा सरिता देवी, जिप सदस्य-16 मो इसराफिल उर्फ लाला तथा मुखिया जमुआटाँड़ पंचायत निरंजन गोप का नाम अंकित है. सवाल ये उठता है कि जब आम सभा में 5 प्रतिशत लोग भी उपस्थित नही हुए तो दोबारा आमसभा क्यों नही बुलाया गया? ऐसी क्या मजबूरी थी कि पंचायत के अन्य जनप्रतिनिधियों को सूचना दिए बगैर आनन फानन में मात्र 17 लोगों के द्वारा



आमसभा कर निर्णय ले लिया गया. सवाल यहाँ भी उठता है कि आम सभा मे महज 17 लोगों द्वारा योजना को पास किया गया तो क्षेत्र के सांसद, विधायक एवं जिला परिषद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्य ने इस मामले में मंथन करना जरूरी क्यों नही समझा. यदि उस वक्त क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने विषय की गंभीरता को समझा होता और ग्रामीणों से पुल की उपयोगिता को लेकर चर्चा की होती तो शायद आज डीएमएफटी फण्ड का सही उपयोग होता. ग्रामीणों का कहना है कि पुल बनवाकर नदी पार के सरकारी जमीन को हड़पने की योजना है जो कि लगभग 13 एकड़ रकवा में फैला हुआ है. भूमाफियाओं को कुछ स्थानीय जमीन दलालों का संरक्षण प्राप्त है. जिसके सहारे वे नदी किनारे की सरकारी ज़मीनों को लूटने की मंशा पाल रखें है।

TATA
## टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

पंजीकृत पताः 11वीं मंजिल, टॉवर ए, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, गणपतराव कदम मार्ग, लोअर परेल, मुंबई - 400013
शाखा का पताः टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, पहली मंजिल। गायत्री एन्क्लेव। के - रोड बिस्टुपुर।जमशेदपुर।झारखंड-831001

### अचल संपत्ति की बिक्री हेतु सूचना

(सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 9(1) के साथ पठित नियम 8(6) के तहत) वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित के प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी सूचना पढ़ें सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) और नियम 9(1) के साथ आम जनता को और विशेष रूप से नीचे दिए गए उधारकर्ता और/सह-उधारकर्ता, या उनके कानूनी उत्तराधिकारियों/प्रतिनिधियों को नोटिस दिया जाता है। (उधारकर्ता) विशेष रूप से कि टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (टीसीएचएफएल) को गिरवी रखी गई नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जिसका कब्ज़ा टीसीएचएफएल के अधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, को 17-05-2024 को "जैसा है" पर बेचा जाएगा। नीचे उल्लिखित उधारकर्ता और सह-उधारकर्ताओं से बकाया राशि की वसूली के लिए "जहां है" और "जो कुछ है" और बिना किसी सहारा आधार के इसके द्वारा दिया गया है कि, बिक्री के किसी भी स्थगन/बंद होने की अनुपस्थिति में, उक्त सुरक्षित परिसंपत्ति/संपत्ति को ई-नीलामी द्वारा अपराह्न 2.00 बजे बेचा जाएगा। दिनांक 17-05-2024 को। ई-नीलामी में भाग लेने के लिए ईएमडी के डिमांड ड्राफ्ट वाला सीलबंद लिफाफा टीसीएचएफएल के अधिकृत अधिकारी को 16-05-2024 को शाम 5.00 बजे तक शाखा के पते टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, पहली मंजिल। गायत्री एन्क्लेव। के-रोड बिस्टुपुर जमशेदपुर झारखंड-831001
सुरक्षित संपत्ति/अचल संपत्ति की बिक्री नीचे वर्णित संक्षिप्त विवरण के अनुसार "जहाँ है जैसी है" के आधार पर होगी;

| क्र मं. | ऋण खाता संख्या और शाखा | उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता(ओं) का नाम, कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि/गारंटर(ओं) | डिमांड नोटिस के अनुसार राशि | आरक्षित मूल्य | अग्रिम धन | कब्जे के प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 10486928 | श्री अरुण कुमार विजय<br>श्रीमती दीपिका विजय<br>श्री अमन विजय | रु. 44,37,335/- (चवालीस लाख सैंतीस हजार तीन सौ पैंतीस रुपये मात्र)<br>15-02-2023 | रु. 42,00,000/- (बयालीस लाख रूपये मात्र) | रु. 4,20,000/- (चार लाख बीस हजार रुपये मात्र) | भौतिक |

**अचल संपत्ति का विवरणः** अचल संपत्ति के सभी टुकड़े और पार्सल, तीसरी मंजिल पर एक फ्लैट नंबर-ए-3, 1427 वर्ग फीट के क्षेत्र को मापने वाला सुपर निर्मित क्षेत्र) या अधिक रांची नगर निगम के पुराने वार्ड नंबर-7, नए वार्ड नंबर-19 के नगर निगम होल्डिंग नंबर-1447/ए-1 के निर्माण वाले "बासुकीनाथ भवन" की भूमि के अविभाजित आनुपातिक हिस्से सहित भूतल में एक कार पार्किंग की जगह कम है।, नगरपालिका सर्वेक्षण प्लॉट संख्या-2211 पर स्थित, ग्राम कोनका, मुहल्ला थरपखना, उधव बाबू स्ट्रीट, रांची, पुलिस स्टेशन-लालपुर, थाना-198, जिला रांची, राज्य झारखंड

**अचल संपत्ति का विवरणः** अचल संपत्ति के सभी टुकड़े और पार्सल, तीसरी मंजिल पर एक फ्लैट नंबर-ए-3, 1427 वर्ग फीट के क्षेत्र को मापने वाला सुपर निर्मित क्षेत्र) या अधिक रांची नगर निगम के पुराने वार्ड नंबर-7, नए वार्ड नंबर-19 के नगर निगम होल्डिंग नंबर-1447/ए-1 के निर्माण वाले "बासुकीनाथ भवन" की भूमि के अविभाजित आनुपातिक हिस्से सहित भूतल में एक कार पार्किंग की जगह कम है।, नगरपालिका सर्वेक्षण प्लॉट संख्या-2211 पर स्थित, ग्राम कोनका, मुहल्ला थरपखना, उधव बाबू स्ट्रीट, रांची, पुलिस स्टेशन-लालपुर, थाना-198, जिला रांची, राज्य झारखंड

नीलामी में, आम तौर पर जनता को व्यक्तिगत रूप से अपनी बोली जमा करने के लिए आमंत्रित किया जाता है। उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता को इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 15 दिनों के भीतर अतिरिक्त ब्याज के साथ कुल बकाया का भुगतान करने का अंतिम मौका दिया जाता है, अन्यथा अचल संपत्ति अनुसूची के अनुसार बेची जाएगी। ई-नीलामी रोक दी जाएगी यदि उपरोक्त देय राशि, ब्याज और लागत (बिक्री की लागत सहित) के साथ प्राधिकृत अधिकारी को प्रस्तुत की जाती है या उसकी संतुष्टि के लिए सबूत दिया जाता है कि ऐसे सुरक्षित ऋण, ब्याज और लागत की राशि है नीलामी की तारीख से पहले भुगतान किया गया।

हालाँकि, कोई भी अधिकारी या अन्य व्यक्ति, जिसका इस बिक्री के संबंध में कोई कर्तव्य है, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से बेची गई अचल संपत्ति में किसी भी हित के लिए बोली नहीं लगाएगा, अधिग्रहण नहीं करेगा या प्राप्त करने का प्रयास नहीं करेगा। बिक्री सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 में निर्धारित शर्तों और निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगीः-ई-नीलामी 17-05-2024 को दोपहर 2.00 बजे से 3.00 बजे के बीच 10 मिनट के सीमित विस्तार के साथ पोर्टल https://www.bankeauctions.com के माध्यम से होगी।

**नियम और शर्तें-** 1. नीचे दी गई अनुसूची में निर्दिष्ट विवरण अधोहस्ताक्षरी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार बताए गए हैं, लेकिन अधोहस्ताक्षरी इस उद्घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत विवरण या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा। बोली की राशि या बोली लगाने वाले के संबंध में कोई विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में, अचल संपत्ति को प्राधिकृत अधिकारी के विवेक के अधीन एक बार फिर से नीलामी के लिए रखा जाएगा। 2. अचल संपत्ति आरक्षित मूल्य से कम पर नहीं बेची जाएगी। 3. बोली वृद्धि राशि होगीः-रु. 10,000/- (केवल दस हजार रुपये)। 4. संपत्ति की खरीद के लिए प्रस्तुत सभी बोलियों के साथ ऊपर बताए अनुसार बयाना राशि "टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड" के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के रूप में संलग्न की जाएगी। शाखा के पते पर देय. नीलामी के बाद असफल बोलीदाताओं को डिमांड ड्राफ्ट वापस कर दिए जाएंगे। एनईएफटी/आरटीजीएस/आईएमपीएस के माध्यम से ईएमडी के भुगतान के लिए कृपया प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क करें।5. उच्चतम बोली लगाने वाले को सफल बोली लगाने वाला घोषित किया जाएगा, बशर्ते कि वह बोली लगाने के लिए कानूनी रूप से योग्य हो और शर्त यह है कि बोली राशि आरक्षित मूल्य से कम न हो। यह प्राधिकृत अधिकारी के विवेक पर निर्भर करेगा कि वह उच्चतम बोली को स्वीकार करने से इंकार कर दे, जब प्रस्तावित कीमत इतनी स्पष्ट रूप से अपर्याप्त प्रतीत हो कि ऐसा करना अनुचित हो जाए। 6. दर्ज किए गए कारणों से, बिक्री को स्थगित/बंद करना प्राधिकृत अधिकारी के विवेक पर होगा। 7. अचल संपत्ति का निरीक्षण 09-05-2024 को सुबह 11 बजे से शाम 5.00 बजे के बीच पूर्व अपॉइंटमेंट लेकर किया जा सकता है। 8. सफल बोलीदाता के रूप में घोषित व्यक्ति, ऐसी घोषणा के तुरंत बाद, खरीद राशि/बोली की राशि का पच्चीस प्रतिशत, जिसमें ईएमडी राशि भी शामिल होगी, प्राधिकृत अधिकारी को 24 घंटे के भीतर जमा कर देगा और ऐसी जमा राशि के डिफ़ॉल्ट होने पर, संपत्ति जमा कर दी जाएगी। निजी संधि द्वारा तुरंत नई नीलामी/बिक्री के लिए रखा जाएगा। 9. यदि प्रारंभिक जमा ऊपर बताए अनुसार किया जाता है, तो देय खरीद राशि की शेष राशि क्रेता द्वारा प्राधिकृत अधिकारी को संपत्ति की बिक्री की पुष्टि की तारीख से 15 वें दिन या उससे पहले भुगतान की जाएगी, सिवाय इसके कि ऐसा दिन, या यदि 15वां दिन रविवार या अन्य अवकाश हो, तो 15वें दिन के बाद पहला कार्यालय दिवस। 10. ऊपर उल्लिखित अवधि के भीतर किसी भी भुगतान में चूक की स्थिति में, संपत्ति को निजी संधि द्वारा नई नीलामी/बिक्री में रखा जाएगा। ईएमडी सहित जमा राशि टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा जब्त कर ली जाएगी और दोषी खरीदार संपत्ति पर सभी दावे खो देगा। 11. टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड को ज्ञात किसी भी बाधा का विवरण, जिसके लिए संपत्ति उत्तरदायी हैः-उपरोक्त तालिका के अनुसार। दावे, यदि कोई हों, जो संपत्ति के लिए प्रस्तुत किए गए हों और इसकी प्रकृति और मूल्य से संबंधित कोई अन्य ज्ञात विवरणः-उपरोक्त तालिका के अनुसार। इच्छुक बोली लगाने वाले को सलाह दी जाती है कि वे संपत्ति कर, बिजली आदि की वैधानिक देनदारियों सहित संपत्ति पर भार के संबंध में अपनी स्वतंत्र पूछताछ करें। 12, किसी भी अन्य विवरण के लिए या ई-नीलामी पर प्रक्रिया ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए संभावित बोलीदाता सेवा प्रदाता से संपर्क कर सकते हैं।, सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, पताः- सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड। तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर 68 सेक्टर-44, गुड़गांव, हरियाणा-122003 मोबाइलः- 8866682937 और फोनः- 7291981124 /1125 /1126 ईमेल आईडीः gujrat@cvindia.com / support@bankeauctions.com या मनीष बंसल, ईमेल आईडी मनीष। बंसल@tatacapital.com प्राधिकृत अधिकारी मोबाइल नंबर 8588983696। कृपया अपना प्रश्न व्हाट्सएप नंबर 9999078669 पर भेजें। 13. उच्चतम घोषित बोली राशि पर 1त्न का टीडीएस लागू होगा और उच्चतम बोली लगाने वाले द्वारा देय होगा। भुगतान को उच्चतम बोली लगाने वाले को मालिक/उधारकर्ता के पैन में जमा करना होगा और चालान की प्रति हमारी कंपनी को जमा करनी होगी। 14. उपरोक्त विवरण के लिए कृपया सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट http://surl.li/svpnn पर दिए गए नीचे दिए गए लिंक को देखें। 15. कृपया इस लिंक पर भी जाएँः- https://www.tatacapital.com/property-disposal.html।

**कृपया ध्यान दें** - टीसीएचएफएल ने इस संपत्ति की बिक्री/नीलामी के लिए उल्लिखित नीलामी भागीदार के अलावा किसी दलाल/एजेंट को नियुक्त नहीं किया है। इच्छुक पार्टियों को इस मामले में सभी प्रश्नों और पूछताछ के लिए केवल अधोहस्ताक्षरी या अधिकृत अधिकारी से संपर्क करना चाहिए।

दिनांकः- 30/04/2024
स्थानः झारखंड

एसडी/- टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
प्राधिकृत अधिकारी

# धनबाद जिला के सीमा क्षेत्र तेलमोच्चो चेकपोस्ट मे चौकसी बढ़ी

**महुदा।** लोकसभा चुनाव को स्वस्थ और शांतिपुर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन ने सीमा क्षेत्रो के मुख्य सड़क मार्गों पर चौकसी बढ़ा दी है! प्रशासन ने इस दिशा मे धनबाद- बोकारो मध्य दामोदर नदी पूल( तेलमोंच्चो) समीप बेरियर लगाकर गुजरने बाले तमाम वाहनो की सघन जाँच कर रही है! महुदा थाना क्षेत्र मे पड़ने बाले जिला के इस सिमांत चेक पोस्ट मे चौबीसो घंटे दंडाधिकारी की मौजूदगी मे थाना प्रभारी धीरज कुमार पुलिस बलों के साथ लगातार मॉनिटरिंग करते नजर आ रहे है। इस क्रम में सोमवार को थाना प्रभारी के नेतृत्व मे गुजरने बाले दर्जनो छोटे- बड़े वाहनो की सघन जाँच करते उन्हे आवश्यक निर्देश दिये! बताते है कि चुनाव के मद्देनजर चलाये जा रहे स्थानीय क्षेत्र का जांच अभियान दो जिलों के बोर्डर क्षेत्र को लेकर अति महत्वपूर्ण बताया जा रहा है। जॉच के क्रम मे पुलिस पर तैना वाहन में रखे सामान, बैग, डिक्की और व्यक्ति की गहनता से तलाशी ले भी लेते नजर आ रहे है। बताया जाता है कि पुलिस जॉच की ऐसी सख्ती से असमाजिक तत्वो मे दहशत व्याप्त है, आम लोग पुलिस प्रशासन को भरपूर सहयोग प्रदान कर रहे है!



## संक्षिप्त समाचार

### बठिंडा से निर्दलीय ही लोकसभा चुनाव लड़ेंगे मूसेवाला के पिता?

**बठिंडा, एजेंसी।** दिवंगत गायक शुभदीप सिंह सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह के बठिंडा से निर्दलीय के तौर पर लोकसभा चुनाव लड़ने की अटकलें हैं। इस लेकर, खासतौर से कांग्रेस के भीतर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा और कांग्रेस के बठिंडा उम्मीदवार जीत मोहिंदर सिंह सिद्धू आज बलकौर सिंह से मुलाकात करने वाला हैं। ये दोनों उनसे गांव में मानसा स्थित आवास पर मिल सकते है। ऐसी भी संभावना है कि कांग्रेस बलकौर को बठिंडा से टिकट दे सकती है। बलकौर सिंह हाल ही में आईवीएफ के जरिए दूसरे बेटे के पिता बने हैं। बीते दिनों उन्होंने अपने आवास पर स्थानीय लोगों के साथ बातचीत में राजनीति में उतरने और लोकसभा चुनाव लड़ने का संकेत दिया था। डॉ. मंजीत सिंह रंधावा मूसेवाला परिवार के करीबी है। उन्होंने दावा किया था कि वे बलकौर सिंह को स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए मनाने में सफल रहे। उन्होंने कहा कि शनिवार को पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक से पहले विधायक परगट सिंह से संपर्क किया गया। इसके बाद परिवार ने स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने के उनके फैसले के बारे में कांग्रेस आलाकमान को सूचित कर दिया। बता दें कि मूसेवाला दिसंबर, 2021 में कांग्रेस में शामिल हुए थे। उन्होंने 2022 के पंजाब विधानसभा चुनाव में मनसा से चुनाव लड़े मगर आप के डॉ. विजय सिंगला से 63,323 वोटों के अंतर से हार गए। गायक की पिछले साल 29 मई को पंजाब के मनसा के जवाहर के गांव में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। गौरतलब है कि आईवीएफ प्रक्रिया से बलकौर की पत्नी के दूसरे बच्चे को जन्म देने के मामले में काफी विवाद हुआ था। स्वास्थ्य विभाग के मुख्य सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। राज्य सरकार ने इसे गंभीर चूक करार दिया। उन्होंने स्वास्थ्य सचिव अजॉय शर्मा से दो सप्ताह के भीतर कारण बताने के लिए कहा था।



### चुनाव प्रक्रिया दूषित करते हैं अपराधी छवि वाले नेता : इलाहाबाद हाईकोर्ट

**इलाहाबाद, एजेंसी।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आपराधिक छवि वाले उम्मीदवारों के चुनाव लड़ने पर अहम टिप्पणी की है। अदालत का कहना है कि अगर आपराधिक छवि वाले लोग चुने जाते हैं, तो इससे लोकतांत्रिक व्यवस्था को खतरा हो सकता है। उच्च न्यायालय ने पूर्व सांसद धनंजय सिंह को अपहरण और जबरन वसूली मामले में जमानत देते हुए यह बात कही है। जस्टिस संजय कुमार सिंह ने सिंह के सजा निलंबित करने की अर्जी खारिज कर दी थी। साथ ही उच्च न्यायालय ने कहा, आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोग चुनाव प्रक्रिया को प्रदूषित करते हैं क्योंकि चुनाव जीतने के लिए अपराध में लिप्त होने को लेकर उन्हें कोई आपत्ति नहीं होती। जब लंबे आपराधिक इतिहास वाले व्यक्ति निर्वाचित प्रतिनिधि और कानून निर्माता बन जाते हैं, तो वे लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए एक गंभीर खतरा पैदा करते हैं। उच्च न्यायालय ने कहा, जब ऐसे अपराधी नेता का भेष धारण करते हुए पूरी व्यवस्था का मजाक बनाते हैं तो हमारे लोकतंत्र का भविष्य संकट में पड़ जाता है। राजनीति का बढ़ता अपराधीकरण खतरनाक है और यह भ्रष्टाचार बढ़ाने के साथ ही हमारी लोकतांत्रिक राजनीति को खोखला करता रहा है। न्यायमूर्ति सिंह ने कहा, इस मामले के इन तथ्यों पर विचार करते हुए कि गवाहों के मुकरने के कारण 28 आपराधिक मामलों में अपीलकर्ता धनंजय सिंह बरी हो गया और उसके खिलाफ अभी 10 आपराधिक मामले लंबित हैं, मुझे ऐसा कोई अच्छा आधार या विशेष कारण नहीं दिखाई पड़ता कि निचली अदालत के सजा के निर्णय पर रोक लगाई जाए। पूर्व सांसद धनंजय सिंह और उनके साथी संतोष विक्रम सिंह ने जौनपुर की अदालत के फैसले को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। याचिका पर सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति सिंह ने 24 अप्रैल को निर्णय सुरक्षित रख लिया था।



### रेलवे ने दी दी बड़ी राहत, अब मोबाइल से अनारक्षित टिकट बुक करना हुआ और आसान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अनारक्षित टिकट पर सफर करने वाले रेल यात्रियों को बड़ी राहत मिलने जा रही है। खबर है कि अब यात्री अ्स यानी अनरिजर्व्ड टिकट सिस्टम के जरिए कहीं से भी किसी भी स्टेशन से अनारक्षित टिकट बुक कर सकते हैं। हालांकि, यह सुविधा सिर्फ स्टेशन परिसर के बाहर मिल सकेगी। रेलवे ने जियो फेंसिंग की आंतरिक सीमा को बरकरार रखा है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, रेलवे अधिकारी सौरभ कटारिया का कहना है कि अब रेल यात्री घर बैठकर किसी भी स्टेशन से अनारक्षित और प्लेटफॉर्म टिकट बुक कर सकते हैं। खास बात है कि जियो फेंसिंग की आंतरिक सीमा जारी रहेगी। इसका मतलब है कि नई सुविधा स्टेशन परिसर के बाहर ही मिल पाएगी। रेलवे ने जियो फेंसिंग की आउटर लिमिट को खत्म करने का फैसला किया है। खास बात है कि पहले जियो फेंसिंग की बाहरी सीमा 50 किमी थी। इसके तहत कोई भी यात्री 50 किमी के दायरे में स्टेशन से अनारक्षित या प्लेटफॉर्म टिकट खरीद सकता था।

# अप्रैल में भीषण गर्मी ने तोड़े सारे रिकॉर्ड, 43 डिग्री तक पहुंचा पारा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इस साल अप्रैल महीने में ही गर्मी ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। देश के विभिन्न हिस्सों में रविवार का दिन सबसे गर्म रहा। 1921 के बाद अप्रैल महीने में इतनी गर्मी महसूस हुई है। चिलचिलाती धूप और लू के थपेड़े अभी से इस कदर परेशान कर रहे हैं, मानो अप्रैल नहीं जून का महीना चल रहा हो। इतनी गर्मी इसलिए भी चौंकाने वाली है क्योंकि इसने केरल, ऊटी, माथेरान और बेंगलुरु के उन हिस्सों को झुलसाया, जहां आमतौर पर सालभर मौसम खुशनुमा रहता है। कई स्थानों पर पारा 43 तक पहुंचा। मौसम विभाग ने अब मई महीने को लेकर भी भविष्यवाणी की है।



अप्रैल महीने में पड़ी गर्मी ने देश के कई स्थानों में ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाए हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने 1921-2024 के दौरान अप्रैल महीने में पड़ी गर्मी को लेकर डेटा जारी किया है। जिसके मुताबिक, रविवार शाम को अत्यधिक तापमान दर्ज किया गया। आईएमडी की मानें तो यह देश के कई हिस्सों के लिए यह अब तक का सबसे गर्म महीना हो सकता है।

मामले की जानकारी रखने वालों का कहना है कि भीषण गर्मी ने लोकसभा चुनाव के मतदान पर भी काफी असर डाला है। पहले दो चरणों में मतदान प्रतिशत 60 से 62 प्रतिशत के आसपास रहा है। अगले चरण के लिए होने वाले मतदान से पहले मौसम विभाग ने भविष्यवाणी की है कि अगले पांच दिन और भी ज्यादा गर्मी पड़ने वाली है।

**लू के थपेड़ों को रहे तैयार :** सोमवार को आईएमडी ने जानकारी दी कि पूर्वी और दक्षिणी प्रायद्वीपीय भारत में भीषण लू तक का असर देखने को मिल रहा है और अगले पांच दिनों के दौरान यह जारी रहेगा। चेतावनी जारी कि भीषण गर्मी का असर उन स्थानों पर सर्वाधिक रहेगा, जहां अगले दो चरणों में मतदान होना है। आईएमडी की भविष्यवाणी है कि अगले दो चरणों में मतदान के दौरान 191 सीटों में से 186 पर भीषण गर्मी देखने को मिल सकती है। इन स्थानों पर अगले पांच दिन तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है। पश्चिम बंगाल, ओडिशा, बिहार और झारखंड के कुछ हिस्सों में अगले पांच दिन गंभीर हीटवेव की संभावना है। इसके अलावा रायलसीमा, आंतरिक कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के कुछ हिस्सों में भी लोगों को भीषण गर्मी झेलनी पड़ सकती है। आईएमडी द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक, गर्मी इतनी प्रचंड है कि हीटवेव इंडेक्स 40 से 50 डिग्री सेल्सियस तक महसूस किया जा रहा है। यहां तक ??कि केरल सहित पूर्वी तट और प्रायद्वीपीय क्षेत्र के कई हिस्सों में अलग-अलग क्षेत्रों में हीटवेव इंडेक्स 50 से 60 डिग्री सेल्सियस तक फील हुआ। कहां-कहां पड़ी भीषण गर्मी रविवार को केरल के अलप्पुझा में 38.0 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। लक्षद्वीप के अमीनिदिवि में 36.6 डिग्री सेल्सियस, आरोग्यवरम में 41.0 डिग्री सेल्सियस, पश्चिम बंगाल के बालुरघाट में इस महीने 41.0 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। बेंगलुरु में 38.5 डिग्री सेल्सियस, बंगाल के कैनिंग शहर में 42.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कटक में 43.7 डिग्री सेल्सियस, तमिलनाडु के धर्मपुरी में 41.2 डिग्री सेल्सियस, बंगाल के एक शहर डायमंड हार्बर में 41.3 डिग्री सेल्सियस, हल्दिया में 39.4 डिग्री सेल्सियस, कन्याकुमारी में 36.6 डिग्री सेल्सियस, कोच्चि में 37.3 डिग्री सेल्सियस, कोट्टायम में 38.5 डिग्री सेल्सियस, आंध्र प्रदेश के कुरनूल में 45.2 डिग्री सेल्सियस, महाराष्ट्र के माथेरान में 39.0 डिग्री सेल्सियस, आंध्र प्रदेश के नांदयाल में 45.6 डिग्री सेल्सियस, पलक्कड़ में 41.6 डिग्री सेल्सियस, बिहार के सुपौल में 41.4 डिग्री सेल्सियस, तिरुवनंतपुरम में 36.9 डिग्री सेल्सियस, त्रिशूर में 39.4 डिग्री सेल्सियस और विशाखापत्तनम में 35.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।

## कोटा में फिर एक स्टूडेंट ने दी जान, नहीं थम रहीं छात्र आत्महत्या की घटनाएं, इस साल 9 मौतें

**कोटा, एजेंसी।** कोटा में एक बार फिर एक कोचिंग छात्र ने जान दे दी। आत्महत्या करने वाला छात्र सुमित हरियाणा के रोहतक का निवासी था, जो कोटा में रहकर नेट की तैयारी कर रहा था। घटना की जानकारी मिलने के बाद कुन्हाड़ी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। साथ ही मृतक छात्र के परिजनों को घटना के बारे में सूचना दी। पुलिस छात्र के परिजनों के कोटा पहुंचने का इंतजार कर रही है।



**शाम से ही छात्र नहीं खोल रहा था गेट :** पुलिस ने बताया कि मृतक छात्र सुमित कुन्हाड़ी लैंडमार्क सिटी में उत्तम रेजिडेंसी नामक हॉस्टल में रह रहा था। छात्र शाम से ही अपने कमरे से बाहर नहीं निकला था। घरवाले भी उसे लगातार कॉल कर रहे थे। वह कोई जवाब नहीं दे रहा था। इसके बाद हॉस्टल वार्डन को इसकी जानकारी दी गई। वार्डन ने भी उसके कमरे का दरवाजा खटखटाया लेकिन कोई जवाब नहीं आया। इसके बाद पुलिस को इसकी सूचना दी गई।

**कमरे में नहीं थी हैंगिंग डिवाइस :** पुलिस ने मौके पर पहुंच कर दरवाजा तोड़कर देखा तो छात्र फंदे पर लटका मिला। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच में पाया गया है कि जिस कमरे में छात्र ने फांसी लगाई थी, उसमें कोई हैंगिंग डिवाइस नहीं लगी हुई थी। अन्य कमरों को भी चेक किया गया तो उनमें भी हैंगिंग डिवाइस नहीं दिखी। इस मामले में हॉस्टल संचालक की लापरवाही सामने आई है।

**अब तक 9 कोचिंग छात्रों ने दी अपनी जान :** पहले भी कोचिंग छात्रों के सुसाइड मामलों में कमरों में हैंगिंग डिवाइस नहीं पाई गई है। ऐसे हॉस्टल के संचालकों के खिलाफ कार्रवाई कर हॉस्टल भी सीज किए गए हैं। कोटा में इस साल अब तक कुल 9 छात्रों ने सुसाइड किया है। इन छात्रों में बीटेक का स्टूडेंट भी शामिल है। नीट और जेईई की तैयारी करने वाले छात्रों के सुसाइड के पीछे मानसिक तनाव सामने आए हैं। प्रशासन की गाइडलाइंस भी छात्र आत्महत्याओं को नहीं रोक पा रही है।

## राघव चड्ढा की तुलना विजय माल्या से करने पर पंजाब में यूट्यूब चैनल के खिलाफ एफआईआर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आप सांसद राघव चड्ढा की भगोड़े कारोबारी विजय माल्या से कथित तौर पर तुलना करने वाले एक YouTube चैनल के खिलाफ पंजाब पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने लुधियाना लोकसभा सीट से आम आदमी पार्टी उम्मीदवार अशोक पप्पी पाराशर के बेटे विकास पाराशर की शिकायत पर स्नद्धक्रदर्ज की है। यूट्यूब चैनल पर दिल्ली शराब घोटाले को लेकर भ्रामक जानकारी फैलाने जैसे आरोप लगाए गए हैं। कैपिटल टीवी नाम के चैनल के खिलाफ लुधियाना के शिमलापुरी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई है। इंडियन एक्सप्रेस के अनुसार, डीसीपी जसकिरनजीत सिंह तेजा का कहना है, शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है। जांच भी शुरू की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, स्नद्धक्रमें कहा गया है कि यूट्यूब चैनल पर कुछ आपत्तिजनक वीडियो चलाए जा रहे हैं, जिनमें दावा किया जा रहा है कि विजय माल्या जनता का रुपया लेकर ब्रिटेन भाग गया और उसी तरह राज्यसभा सदस्य पंजाब के युवाओं को चित्ता की लत में झोंककर आंखों के इलाज के नाम पर इंग्लैंड भाग गए। आप ने उम्मीदवारों से रुपया लेने के बाद सांसद के टिकट बांटे हैं। आगे कहा गया, आप के राज्यसभा सदस्य प्रीत गिल से मिलते हैं।

# चुनाव में फिर गूंजने लगा मुस्लिम आरक्षण का मुद्दा, कर्नाटक में भाजपा भी नहीं हटा पाई थी

**बेंगलुरु, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के दौरान एक बार फिर मुस्लिम आरक्षण का मुद्दा गूंजने लगा है। कर्नाटक में ओबीसी कोटे के अंतरगत ही मुस्लिम आरक्षण का मुद्दा नया नहीं है। लंबे समय से इस मामले पर बहस चल रही है। वहीं हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मुस्लिम आरक्षण को लेकर कांग्रेस पर हमला बोला और कहा कि कांग्रेस चाहती है कि लोगों की संपत्ति लेकर उन लोगों में बांट दी जाए जो ज्यादा बच्चे पैदा करते हैं। आइए जानते हैं कि आखिर कर्नाटक में मुस्लिम आरक्षण का मुद्दा कितना पुराना है और इसपर किस तरह से राजनीति होती आई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक जनसभा के दौरान कहा था कि कांग्रेस चाहती है एस, एसटी और ओबीसी का कोटा मुस्लिमों को दे दिया जाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चाहती है कि पूरे देश के पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर पहले कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में 5 प्रतिशत मुस्लिम आरक्षण लागू किया जाए। उन्होने कहा कि



कर्नाटक में कांग्रेस सरकार ने ही ओबीसी की सूची में मुसलमानों को भी शामिल किया था। ऐसे में कांग्रेस की सरकार धर्म के आधार पर आरक्षण देना चाहती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक नेशनल कमीशन फॉर बैकवर्ड क्लासेज का डेटा कहता है कि कर्नाटक में 12.9 फीसदी मुस्लिम आबादी है। ओबीसी को मिले 32 फीसदी आरक्षण में ही चार फीसदी मुस्लिमों को दिया जाता है। एनसीबीसी के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर ने कहा था कि इस मामले में वह कर्नाटक के चीफ सेक्रेटरी को समन करेंगे और उनसे पूछेंगे कि आखिर ओबीसी कोटा में इस तरह का वर्गीकरण क्यों किया गया। इतिहास पर नजर डालें तो राज्य के पिछड़ा वर्ग आयोग के चेयरमैन रहे एलजी हावनूर ने 1975 में ही तत्कालीन सरकार के सामने एक रिपोर्ट पेश की थी। इसमें कहा गया था कि ओबीसी आरक्षण के तहत मुसलमान भी आरक्षण के योग्य हैं। इसके बाद 1977 में मुस्लिमों के आरक्षण के लिए निर्देश जारी कर दिए गए। इसके बाद रेड्डी कमीशन ने मुस्लिों को ओबीसी की लिस्ट में कैटिगरी 3 के तहत आरक्षण देने का प्रस्ताव रखा। राज्य में कांग्रेस की वीरप्पा मोइली की सरकार ने ओबीसी में 2बी कैटिगरी के तहत मुसलमानों, बौद्धों और क्रिश्चियन बने दलितों को 6 फीसदी का आरक्षण दिया गया। इसमें से दो फीसदी बौद्धौं और ईसाइयों को और चार फीसदी मुसलमानों को दिया गया। हालांकि मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया और कोर्ट ने कहा कि कुल आरक्षण 50 फीसदी के पार नहीं जा सकता।

# छत्तीसगढ़ में फिर गरमाया धर्मांतरण का मुद्दा, हिंदू संगठन ने खोला मोर्चा, जमकर धक्का मुक्की

**राजनांदगांव, एजेंसी।** वर्तमान समय में धर्मांतरण एक बड़ा मुद्दा बन चुका है एक तरफ धर्मांतरण करने का कुछ अल्पसंख्यक धर्म प्रयास कर रहे हैं तो दूसरी तरफ बहुसंख्यक समाज के सामाजिक कार्यकर्ता धर्मांतरण को रोकने का प्रयास कर रहे हैं। राजनांदगांव रिद्धि सिद्धि स्थित कॉलोनी केरला समाज भवन में धर्मांतरण का मामला सामने आया है। केरल समाज के भवन में बहुत दिनों से धर्म परिवर्तन संबंधी कुछ संदिग्ध गतिविधियां चल रही थी। जिसकी बाद कॉलोनी वालों की शिकायत के बाद बजरंग दल और वार्ड नंबर 45 के पार्षद और अन्य हिंदू संगठन नेता केरल समाज भवन पहुंचकर धर्मांतरण संबंधी गतिविधियों को बंद कराया और पुलिस को शिकायत की गई है। इस मामले को लेकर वार्ड नंबर 45 रिद्धि सिद्धि स्थित केरला के पार्षद गगन ने बताया कि बहुत दिनों से शिकायत मिल रही थी। वहां एक भगवान विशेष का जोर-जोर से पूजा की जाती थी जिससे कॉलोनी निवासी और बच्चे घबराए थे। यहां जमकर कर शोर होता था। जिसमें अन्य धर्म के भी लोग शामिल थे। पार्षद ने




मामले में धर्म परिवर्तन के लिए गरीबों को पैसे का प्रलोभन देने का आरोप लगाया है। वहीं विश्व हिंदू परिषद के अरुण गुप्ता ने आरोप लगाते हुए कहा कि भूत प्रेत बाधा के नाम से एक हिन्दू धर्म के भोले भाले लोगो को केरला भवन में लाया जाता था। जिसमें केरल से भी आये कई व्यक्ति शामिल होते है। साथ ही आरोप लगाया कि केरला भवन में भोले भाले व्यक्ति के साथ मारपीट कर बाइबल भी पढ़ाई जाती है और उनको एक ईसाई धर्म को अपनाने के लिए छल कपट के माध्यम से प्रयास किया जाता है। धर्म परिवर्तन के लिए प्रलोभन दिया जाता है। अरुण गुप्ता ने आरोप लगाया है यह विदेशी ताकत है जिसमें राजनांदगांव से लड़ने वाले एक पार्टी के सांसद प्रत्याशी भी शामिल है। इसके साथ ही मोहल्ले वासी गायत्री साहू ने बताया उनके घर के बाजू में केरला भवन है जहां रोज खूब हल्ला गुल्ला होता है और यीशु मसीह की प्रार्थना होती है। यहां भोले भाले लोगों को बुलाया जाता है और उनका धर्म परिवर्तित कराया जाता है। वहीं इस मामले को लेकर धर्म परिवर्तन का आरोप प्रभा पर लगा है।

## मेहंदी छूटने से पहले उठी अर्थी! शादी के 8वें दिन हत्या, बाइक न मिलने से नाराज थे ससुराल वाले

**उन्नाव, एजेंसी।** उन्नाव के शुक्लागंज में गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के अखलॉक नगर में दहेज की मांग न पूरी होने पर ससुरालियों ने नवविवाहिता की गला दबाकर हत्या कर दी। अभी आठ दिन पहले ही शादी हुई थी। ससुराल वाले बाइक न मिलने से नाराज थे। पुलिस ने मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में विधिक कार्रवाई। युवती के भाई की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत पांच के खिलाफ मुकदमा दर्जकर पति को गिरफ्तार कर लिया है। पोस्टमार्टम में मुंह दबाकर हत्या की पुष्टि हुई है। जाजमऊ आंबेडकर नगर नई बस्ती नूरी रोड निवासी जुम्मन की 21 वर्षीय बेटी चांदनी की शादी 21 अप्रैल 2024 को अखलाक नगर निवासी नदीम पुत्र रफीक के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही पति नदीम, ससुर रफीक, सास आमना, ननद उजाला और देवर नईम चांदनी को प्रताड़ित करने लगे और मायके से बाइक लाने का दबाव बनाने लगे। चांदनी के भाई मंसूर ने बताया कि बाइक की मांग पूरी न होने पर ससुरालयों ने बहन की गला दबाकर हत्या कर दी। पास में खून से सनी तकिया रखी थी। उसने बताया कि रविवार सुबह उसे फोन कर बताया गया कि चांदनी की मौत हो गई है। आकर शव ले जाओ। वह परिवार के साथ पहुंचा तो चांदनी के नाक और मुंह से खून निकल रहा था। यह देख मायके वालों ने हंगामा काटना शुरू कर दिया। जानकारी पर गंगाघाट इंस्पेक्टर रामफल प्रजापति पहुंचे। उन्होंने मायके पक्ष के लोगों को शांत कराया। आलाधिकारियों को जानकारी दी



तो मजिस्ट्रेट यशवंत सिंह पहुंचे। उनकी देखरेख में शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। भाई मंसूर की तहरीर पर पुलिस ने पति, सास, ससुर, ननद व देवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पति को पकड़ भी लिया गया है। इंस्पेक्टर ने बताया कि दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। क्षेत्राधिकारी नगर मामले की जांच करेंगी। बहन साइना ने बताया कि दो दिन पहले नदीम ने अपनी मां पर चाकू से हमला किया था। उसकी बहन ने ही बीच बचाव किया था। इधर दहेज की मांग न पूरी होने पर अब उसे ही मौत के घाट उतार दिया। चांदनी की शादी के महज आठ दिन हुए थे। अभी हाथों तक मेहंदी नहीं छूटी थी। रविवार को उसकी अर्थी उठी तो वहां मौजूद हर किसी की आंखें नम हो गई।

# करोड़पति और आपराधिक छवि वाले उम्मीदवार अधिक जीत रहे : एडीआर रिपोर्ट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लोकतंत्र के मंदिर यानी देश की संसद में पहुंचने के लिए होने वाले चुनाव में धन और बाहुबल का बोलबाला है। लोकसभा चुनाव में जो जितना धनवान और बाहुबल यानी आपराधिक छवि वाले उम्मीदवार हैं, उनके जीत की संभावना उतनी ही अधिक प्रबल होती है। इसका खुलासा देश की राजनीति और चुनाव प्रक्रिया पर नजर रखने वाले गैर सरकारी संगठन 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स' की रिपोर्ट से हुआ है। इस रिपोर्ट के विश्लेषण से पता चला है कि लोकसभा के हर चुनाव में करोड़पति और आपराधिक छवि वाले उम्मीदवारों की जीत की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2019 के चुनाव में लोकसभा की कुल 543 में से 454 यानी 88 फीसदी सीटों पर करोड़पति उम्मीदवारों को जीत मिली। जबकि 266 यानी 43 फीसदी सीटों पर आपराधिक छवि वाले उम्मीदवारों को लोगों ने चुनाव में जिताया।

एडीआर की रिपोर्ट को देखने से साफ बता चलता है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भी धन और बाहुबल वाले उम्मीदवारों की जीत की संभावना अधिक है। रिपोर्ट के अनुसार, 2019 में कुल 7,945 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा था। इनमें 29 फीसदी यानी 2301 उम्मीदवार करोड़पति थे, जबकि 19 फीसदी यानी 1503 उम्मीदवार



आपराधिक छवि वाले थे, जिनके खिलाफ एक या इससे अधिक आपराधिक मुकदमा दर्ज थे। 2024 के चुनाव में भी 2019 की तरह करोड़पति और अपराधिक छवि वाले उम्मीदवारों की संख्या में कमी नहीं हुई।

रिपोर्ट के अनुसार, 2024 के लोकसभा चुनाव में राजनीतिक दलों ने करोड़पति और आपराधिक छवि वाले लोगों पर भरोसा जताया है। इस चुनाव के पहले दो चरणों के लिए 189 सीटों के लिए मतदान हुआ है और इन सीटों में चुनाव लड़ने वाले 2,810 उम्मीदवारों में 18 प्रतिशत यानी 501 आपराधिक छवि वाले और 30 फीसदी यानी 840 करोड़पति उम्मीदवार हैं। पहले चरण की तुलना में दूसरे में अधिक करोड़पति इस लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 102 सीटों के लिए 19 अप्रैल को हुए मतदान के लिए 16 फीसदी आपराधिक छवि वाले 28 फीसदी करोड़पति उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे, जबकि दूसरे चरण के लिए 26 अप्रैल को हुए मतदान के लिए 21 फीसदी आपराधिक छवि वाले और 33 फीसदी करोड़पति उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे थे। अभी 2024 के चुनाव का अन्य चरणों के उम्मीदवारों के बारे में रिपोर्ट मिलना बाकी है। रिपोर्ट के मुताबिक 2019 के लोकसभा चुनाव में आपराधिक छवि वाले उम्मीदवार के चुनाव जीतने की संभावना 15.5 फीसदी थी।

# आईपीएल 2024: मुम्बई पर जीत दर्ज कर लय हासिल करने के इरादे से उतरेगी लखनऊ

**लखनऊ (एजेंसी)।** आईपीएल के 48 वें मुकाबले मे मंगलवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स की टीम अपने घरेलू मैदान पर मुम्बई इंडियंस के खिलाफ बड़ी जीत के इरादे से उतरेगी। इस मैच में कप्तान केएल राहुल की लखनऊ टीम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहेगी। अब तक टीम ने अपने पांच मुकाबले जीते हैं ओर वह 10 अंक लेकर पांचवे नंबर पर है।

लखनऊ की टीम को पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स ने सात विकेट से हराया था। ऐसे में वह इस मैच से जीत की लय हासिल करना चाहेगी। टीम की ओर से बल्लेबाजी की कमान कप्तान केएल राहुल के अलावा क्विंटोन डिकॉक, मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन पर रहेगी। इन्हें हालांकि मुम्बई के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह से सावधान रहना होगा। सामने मुंबई का गेंदबाजी आक्रमण है बुमराह के अलावा मुम्बई का कोई गेंदबाज इस सत्र में लय में नहीं दिखा है। इसका लाभ हालांकि लखनऊ को मिलेगा।

गेंदबाजी की बात करें तो लखनऊ के पास रवि बिश्नोई, मोहसिन खान, यश ठाकुर जैसे गेंदबाज हैं। तेज गेंदबाज मयंक यादव अभी तक फिट नहीं हुए हैं। इसलिए वह इस मैच में भी नहीं खेलेंगे। स्पिनर बिश्नोई का प्रदर्शन भी अब तक अच्छा रहा है और उन्हें खेलना मुम्बई के बल्लेबाजों के लिए आसान नहीं रहेगा। राहुल ने अभी तक वह इस सत्र में 144.27 की औसत से 378 रन बनाये हैं। वहीं टी20 विश्वकप के लिए दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पहली पसंद हैं। उनका स्ट्राइक रेट 160.60 रहा है जबकि राजस्थान रॉयल्स के संजू सैमसन का 161.08 रहा है। ऐसे में राहुल की जगह पर सैमसन का दावा दूसरे विकेटकीपर के लिए पक्का नजर आ रहा है। इसी को देखते हुए राहुल के पास इस मैच में बेहतर प्रदर्शन कर अपने को साबित करने का अवसर रहेगा।

दूसरी ओर मुंबई की बात करें तो टीम अंकतालिका में अभी लखनऊ से काफी पीछे है। मुम्बई की टीम नौवें स्थान पर है और अगर वह इस मैच में हारती है तो उसकी प्लेआफ की संभावनाएं समाप्त हो जाएंगी। इस मैच में भी मुम्बई की बल्लेबाजी रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव पर आधारित होगी। मुम्बई के कप्तान हार्दिक पंड्या अब तक इस सत्र में गेंदबाजी और बल्लेबाजी में असफल रहे हैं। ऐसे में टीम को उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। आगामी टी20 विश्वकप को देखते हुए पंड्या इस मैच में बेहतर प्रदर्शन कर अपने को साबित करना चाहेंगे। इस सत्र में उनकी कप्तानी की भी बेहद आलोचना हुई है। इस सत्र में अब तक राहुल का प्रदर्शन ठीक रहा है पर उनका स्ट्राइक भी राहुल अभी तक किसी भी मैच में अभी तक तेजी से रन नहीं बना पाये हैं। ऐसे में उनका लक्ष्य इस मैच में तेजी से रन बनाना रहेगा। ये मैच कुल मिलाकर रामांचक रहेगा।




**टीम**

**लखनऊ सुपर जाइंट्स** - केएल राहुल (कप्तान और विकेटकीपर), क्विंटन डी कॉक, मार्कस स्टोइनिस, निकोलस पूरन, दीपक हुडा, आयुष बदोनी, क्रुणाल पंड्या, मैट हेनरी, रवि बिश्नोई, मोहसिन खान, यश ठाकुर

**मुंबई इंडियंस** - हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, इशान किशन (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, टिम डेविड, मोहम्मद नबी, पीयूष चावला, ल्यूक वुड, जसप्रीत बुमराह, नुवान तुषारा।

# आईपीएल के इस सत्र में 500 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बने विराट



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 70 रनों की पारी खेलने के साथ ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। विराट ने इस पारी के साथ ही अपने 500 रन पूरे किये। वह इस सत्र में इतने रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गये हैं। विराट ने अपनी इस पारी के दौरान और भी कई रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं। विराट इसी के साथ ही आईपीएल इतिहास में सातवीं बार इस आंकड़े तक पहुंची है।

गुजरात ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 200 रन बनाए पर आरसीबी ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 16 ओवर में ही मैच जीत लिया। विराट ने 44 गेंद पर नाबाद 70 रन बनाये। इसी के साथ ही विराट के अब आईपीएल में अब पूरे 500 रन हो गए हैं। उन्होंने 10 पारियों में 71.42 की औसत और 147.49 की स्ट्राइक रेट से ये रन बनाए हैं। कोहली ने इन मैचों में एक शतक और 4 अर्धशतक लगाये हैं।

इस प्रकार वह ऑरेंज कैप की रैस में प्रबल दावेदार हैं क्योंकि कोई अन्य उनके करीब भी नहीं है। ऑरेंज कैप की रेस के दूसरे दावेदार गुजरात टाइटंस के साई सुदर्शन 418 रनों के साथ ही दूसरे नंबर पर है। इस प्रकार विराट और साई सुदर्शन के बीच 82 रन का अंतर है। इस लिस्ट में संजू सैमसन 385 रन बनाकर तीसरे वह केएल राहुल 378 और ऋषभ पंत 371 रन बनाकर चौथे और पांचवें नंबर पर हैं।

# फरवरी-मार्च में हो सकती है चैम्पियंस ट्रॉफी, हाइब्रिड मॉडल पर पीसीबी की सख्त टिप्पणी



**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अगले साल चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए कराची, लाहौर और रावलपिंडी को चुना है। भारत की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए 'हाइब्रिड मॉडल' की अटकलों के बीच पीसीबी ने कहा है कि टूर्नामेंट पाकिस्तान में ही होगा। पिछली बार इंग्लैंड में 2017 में हुई चैम्पियंस ट्रॉफी अगले साल फरवरी-मार्च में हो सकती है।

भारत ने अभी तक अपनी भागीदारी की पुष्टि नहीं की है और ऐसी अटकलें हैं कि आईसीसी हाइब्रिड मॉडल का उपयोग करके भारत के मैच तटस्थ स्थान पर करा सकता है, अगर भारतीय टीम को सरकार से यात्रा की मंजूरी नहीं मिलती है तो। आईसीसी ने साफ तौर पर कहा है कि वह किसी सदस्य देश को उसकी सरकारी नीति का उल्लंघन करने को नहीं कहेगा।

पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा, 'हमने आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के मैचों के लिए शेड्यूल भेज दिया है। आईसीसी के सुरक्षा दल से बैठक अच्छी रही। उन्होने इंतजामात का जायजा लिया और हमने भी उन्हें सारी जानकारी दी।' पिछले साल एशिया कप का आयोजन भी हाइब्रिड मॉडल पर किया गया था। भारत के मैच श्रीलंका में कराए गए थे जबकि टूर्नामेंट का आधिकारिक मेजबान पाकिस्तान था।

# टी20 विश्वकप के लिए दूसरे क्रिकेटकीपर का चयन हुआ मुश्किल

### –सैमसन, राहुल और कार्तिक ने पेश की है दावेदारी




**मुम्बई (एजेंसी)।** आईपीएल में शानदार प्रदर्शन के आधार पर जून में होने वाले टी20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम में विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर ऋषभ पंत का दावा पक्का होने के बाद चयनकर्ताओं को अब दूसरे या बैक अप विकेटीपर का चयन करना है। इसके लिए आईपीएल में बेहतरीन प्रदर्शन कर तीन-तीन विकेटकीपरों संजू सैमसन, केएल राहुल और दिनेश कार्तिक ने अपनी दावेदारी की है। ऐसे में चयनकर्ताओं के साथ ही भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ की भी मुश्किलें बढ़ गयी हैं। सबकी नजर इस बात पर लगी है कि ऋषभ के बतौर विकेटकीपर दावा मजबूत करने के बाद अब बैक अप के तौर पर चयनकर्ता किसे शामिल करते हैं।

आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी कर रहे सैमसन ने चार अर्शशतकीय पारी खेलकर 9 मुकाबले में 385 रन बनाये हैं। वह सबसे अधिक रन बनाने वालों में चौथे नंबर पर चल रहे हैं। वहीं लखनऊ सुपर जायंट्स की कप्तानी कर रहे केएल राहुल के 378 रन हैं जबकि रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के दिनेश कार्तिक ने 10 मैच में 262 रन बनाए हैं। अब देखना होगा कि कप्तान रोहित और कोच द्रविड़ के साथ चयनकर्ता किस खिलाड़ी को अवसर देते हैं।

जून में 1 से 29 तारीख के बीच आईसीसी टी20 विश्व कप का आयोजन अमेरिका और वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड की मेजबानी में खेला जाना है। इसमें भारतीय टीम आईसी खिताब जीतने पूरी ताकत लगाना चाहती है। ऐसे में चयन के समय सभी बातों को ध्यान में रखा जा रहा है। इसका कारण है कि गत वर्ष भारतीय टीम एकदिवसीय विश्वकप में खिताब नहीं जीत पायी थी। साल भारत में खेले गए वनडे वर्ल्ड के फाइनल में टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया ने हराकर उसके खिताब जीतने का सपना तोड़ा था. कप्तान रोहित शर्मा के लिए शायद यह आखिरी आईसीसी टूर्नामेंट होने वाला है। ऐसे में चयनकर्ताओं के साथ जब वह कोच द्रविड़ के साथ सर्वश्रेष्ठ टीम का चयन करना चाहेंगे।

# सैमसन और राहुल ने टी20 विश्वकप के लिए पेश की दावेदारी : स्मिथ

नई दिल्ली । दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ ने कहा है आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन कर विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन और केएल राहुल ने आगामी टी20 विश्वकप के लिए अपनी दावेदारी मजबूत की है। वेस्टइंडीज और अमेरिका में एक जून से होने वाले टी20 विश्वकप के लिए ऋषभ पंत का विकेटकीपर–बल्लेबाज के तौर पर दावा पक्का है। ऋषभ ने आईपीएल में वापसी के बाद से ही शानदार प्रदर्शन किया है। वहीं दूसरे विकल्प के तौर पर राहुल और सैमसन को शामिल किया जा सकता है। स्मिथ ने कहा, 'राहुल और सैमसन को राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपरजायंट्य के बीच हुए मुकाबले में साझेदारी बनाने की जरूरत थी जिससे दोनो ने पूरा किया। इन प्रकार दोनो ने ही विश्व कप में चयन के लिए अपनी दावेदारी पक्की की है।

# थॉमस कप : इंग्लैंड को 5–0 से हराकर भारत क्वार्टर फाइनल में पहुंचा



चेंगडू (चीन)। गत चैम्पियन भारत ने इंग्लैंड को 5–0 से हराकर थॉमस कप बैडमिंटन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। भारत ने पहले मैच में थाईलैंड को 4–1 से हराया था। एच एच प्रणय ने हैरी हुआंग को 21–15, 21–15 से हराकर भारत को बढ़त दिलाई। सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने बेन लेन और सीन वेंडी को युगल मुकाबले में 21–17, 19–21, 21–15 से हराया। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत ने नदीम दलवी को 21–16, 21–11 से हराकर भारत को 3–0 से बढ़त दिला दी। दूसरी युगल टीम एम आर अर्जुन और ध्रुव कपिला ने रोरी ईस्टन और एलेक्स ग्रीन को 21–17, 21–19 से हराया। आखिरी मैच में किरण जॉर्ज ने चोलान कायान को 21–18, 21–12 से मात दी। भारत का सामना आखिरी ग्रुप मैच में 14 बार के चैम्पियन इंडोनेशिया से होगा।

# भारतीय एथलीटों की मानसिकता में आया बदलाव : तजिंदरपाल

नई दिल्ली । शीर्ष गोला फेंक खिलाड़ी तजिंदरपाल सिंह तूर ने कहा है कि नीरज चोपड़ा के ओलंपिक स्वर्ण जीतने के बाद से ही भारतीय एथलीट की मानसिकता में बड़ा बदलाव आया है और खिलाड़ी अब अधिक आत्मविश्वास से भरे हुए हैं। उन्हें लगने लगा है कि वे आगामी पेरिस ओलंपिक में केवल भाग लेने नहीं बल्कि जीत के लिए जा रहे हैं। तूर के अनुसार नीरज की सफलता से अब भारतीय खिलाड़ियों को अपने पर भरोसा होने लगा है और ये एक बड़ी उपलब्धि है। तूर का



मानना है कि टोक्यो ओलंपिक के बाद भारतीय खिलाड़ियों का 'विश्वास बढ़ा' है और वे अपने को किसी भी मामले में विश्व के शीर्ष एथलीटों से कम नहीं मान रहे। एशियाई खेलों में दो बार स्वर्ण पदक विजेता रहे तूर ने कहा, '' टोक्यो ओलंपिक खेलों में नीरज के स्वर्ण पदक के बाद से खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ा है। हम में से हर कोई इसमें केवल भाग लेने के लिए नहीं जा रहा है। हम पदक जीतने के इरादे से वहां जा रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि आज मानसिकता में बड़ा बदलाव आया है। हम अपने आप को उन शीर्ष वैश्विक एथलीटों से कम नहीं समझते जिनके साथ हमें मुकाबला करना है।'' ये खिलाड़ियों में आया एक बड़ा बदलाव है।

# टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड की कप्तानी करेंगे केन विलियम्सन

### –15 सदस्यीय टीम में कॉन्वे सहित दिग्गजों की वापसी




**क्राइस्टचर्च (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड ने जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्वकप के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। इस टीम की कप्तान अनुभवी बल्लेबाज केन विलियमसन को दी गयी है। इसके अलावा चोट से उबर गये डेवोन कॉन्वे की भी टीम में वापसी हुई है। टीम के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा कि अमेरिका और वेस्टइंडीज के अलग-अलग हालातों को देखते हुए ही टीम घोषित की गयी है।

स्टीड ने कहा, मैं चुने गए सभी खिलाड़ियों को बधाई देना चाहता हूं। ये वो खास खिलाड़ी हैं जो विश्व कप टूर्नामेंट में अपने देश का प्रतिनिधित्व करते दिखेंगे। हम उम्मीद करते हैं कि वेस्टइंडीज में हालात काफी अलग और चुनौतीपूर्ण होंगे। हमने उनके अनुसार ही अपनी टीम का चयन किया है। इस टीम में उनकी अनुभवी खिलाड़ियों की भी वापसी हुई है जो आईपीएल के कारण पाकिस्तान दौरे से बाहर रहे हैं। इस टीम में कॉन्वे और एलेन को पारी की शुरुआत की जिम्मेदारी दी जाएगी। वहीं, विलियम्सन तीसरे और रचिन रविन्द्र चौथे नंबर पर उतरेंगे। स्पिन की कमान ब्रेसवेल, सेंटनर और सोढ़ी के पास रहेगी। वहीं तेज गेंदबाजी की जिम्मेदारी अनुभवी साउदी, हेनरी और फर्ग्यूसन के पास रहेगी। डेरिल चौथे तेज गेंदबाज की जिम्मेदारी संभालेंगे। कीवी टीम अपने अभियान की शुरुआत सात जून को अफगानिस्तान के खिलाफ मुकाबले से करेगी।

**न्यूजीलैंड की टी20 विश्व कप टीम**

केन विलियम्सन (कप्तान), फिन एलेन, ट्रेंट बोल्ट, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉन्वे, लोकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, डेरिल मिचेल, जिमी नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिचेल सेंटनर, ईश सोढ़ी, टिम साउदी।

# बिश्नोई और कुलदीप को टी20 विश्व कप के लिए शामिल करें : इरफान पठान

मुंबई । पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान ने कहा कि जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में संयुक्त रुप से होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपनी टीम में पांच विशेषज्ञ गेंदबाजों के साथ ही दो कलाई के स्पिनरों को भी शामिल किया जाना चाहिये। पठान ने कहा कि ऐसे में रवि बिश्नोई और कुलदीप यादव जैसे कलाई के स्पिनरों को टीम में रखा जाना चाहिये। पठान ने कहा, 'विश्वकप के लिए आपको पांच अच्छे गेंदबाजों की जरूरत है। इसके साथ ही आप विकेटकीपिंग विकल्प में किसे रख रहे हैं। ये भी देखना होगा। साथ ही कहा कि जब आप रविंद्र जडेजा को आठवें नंबर और बतौर स्पिन ऑलराउंडर रखते हैं तो दो कलाई के स्पिनरों भी रखा जाना चाहिये। उन्होंने कहा, 'मैं दो कलाई के स्पिनरों को खेलते हुए देखना चाहूंगा जो मेरी अंतिम एकादश में बिश्नोई और कुलदीप होंगे। अगर आप बिश्नोई के आंकड़े देखो तो जब भी वह खेला है उसने अच्छा प्रदर्शन किया है। पठान के अनुनासर युजवेंद्र चहल की विश्व कप टीम में जगह नहीं बनती है हालांकि अभी वह आईपीएल में काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'हां, हम इस समय आईपीएल के प्रदर्शन की वजह से चहल के बारे में बात कर रहे हैं पर उनका क्षेत्ररक्षण बेहद कमजोर है। अगर आपको क्षेत्ररक्षण में संतुलन बनाना है तो आपको देखना होगा कि एक गेंदबाज एक विशेष जगह पर कहां गेंदबाजी कर सकता है। पठान ने कहा कि तेज गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह गेंदबाजी की कमान संभालेंगे पर बुमराह के अलावा आपको कम से कम दो और तेज गेंदबाज चाहिए जो नियमित अंतिम एकादश का हिस्सा बन सके।

# आईपीएल में अब तक केवल राजस्थान रॉयल्स की ही जगह पक्की

### –पांच टीमें बराबर अंकों पर जबकि तीन का बाहर होना तय

मुम्बई । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अब तक केवल राजस्थान रॉयल्स की ही प्लेऑफ लिए जगह पक्की हुई है। पांच टीमें बराबर अंकों पर हैं जबकि तीन का बाहर होना तय नजर आ रहा है। अब तक 46 मुकाबले हुए हैं। इसके बाद जो तस्वीर उभरकर आयी है उसमें संजू सैमसन की टीम राजस्थान रॉयल्स ने 9 मैच में से 8 में जीत हासिल करके 16 अंक हासिल कर प्लेऑफ के लिए अपनी जगह पक्की की है। वह अंक तालिका में नंबर एक पर बनी हुई टीम के पास पहले स्थान पर बने रहते हुए क्वालीफाई करने का अच्छा अवसर है। वहीं दूसरे स्थान के लिए मुकाबला कड़ा है। राजस्थान रॉयल्स को छोड़ दें तो अब तक टूर्नामेंट में सबके लिए उतार चढ़ाव भरा सीजन रहा है क्योंकि कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर), चेन्नई सुपर किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद, लखनऊ सुपर जायंट्स और दिल्ली कैपिटल्स सभी के 5 जीत के साथ ही 10 अंक हैं. इसमें से सिर्फ एक दिल्ली है जिसने 10 मैच खेले हैं जबकि कोलकाता ने 8 ही मैच खेला है। अन्य टीमों ने 9 मुकाबले हैं। ऐसे में श्रेयस अय्यर की केकेआर का टीम दूसरे नंबर की प्रबल दावेदार नजर आती है। वहीं चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स पर बार होने का खतरा है। इन्हें जीत के लिए अपने सभी मुकाबले जीतने होंगे।

# पेरिस ओलंपिक की तैयारियों के लिए बचपन के कोच के साथ समय बिता रहे भांबरी



नई दिल्ली । टेनिस खिलाड़ी युकी भांबरी आजकल पेरिस ओलंपिक की तैयारियों में लगे हैं। भांबरी के अनुसार अगर उन्हें ओलंपिक के लिए अवसर मिलता है तो वह बेहतर प्रदर्शन का प्रयास करेंगे। अपनी तैयारियों को बेहतर बनाने के लिए भांबरी अपने बचपन के कोच आदित्य सचदेवा के साथ जुड़ गये हैं। वहीं विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी रोहन बोपन्ना को शीर्ष 10 में शामिल खिलाड़ी होने के चलते पेरिस ओलंपिक के लिए अपना जोड़ीदार चुनने का अवसर मिलेगा और ऐसे में भांबरी को अवसर मिल सकता है क्योंकि वह एटीपी रैंकिंग में 56वें नंबर के साथ ही दूसरे सर्वश्रेष्ठ भारतीय खिलाड़ी हैं। इसलिये उन्हें अवसर मिलने की संभावनाएं बढ़ गयी हैं। इसी को देखते हुए वह अपनी तैयारियों को पक्का करने का प्रयास कर रहे हैं। भांबरी जब तक सक्रिय एकल खिलाड़ी थे तो वह बैंकॉक में स्टीफन कून से ट्रेनिंग लेते थे। इस खिलाड़ी ने कहा, ''सचदेवा मेरे खेल को अच्छी तरह जानते हैं। मैं जब 11 साल का था, तब उनसे ट्रेनिंग लेता था। इसलिये जब भी संभव हो उनके साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताना चाहता हूं। मैं यहां एक हफ्ते के लिए हूं और सत्र के बाद का समय आदित्य के साथ बिताना चाहता हूं।'' युकी एकल रैंकिंग में शीर्ष 100 में रहे हैं। उन्होंने कहा, ''हर कोई ओलंपिक खेलना चाहता है और मैं भी इससे अलग नहीं हूं। वहीं बोपन्ना के पास विकल्प हैं और ऐसे में अगर वह मुझे जोड़ीदार के तौर पर चुनते हैं तो मैं इसके लिए तैयार रहना चाहता हूं।'' साथ ही कहा, ''इस स्तर पर मुझे बस लय बनाये रखने की जरूरत है। इसके अलावा मुझे बस मामूली तालमेल बनाये रखना होगा।'' वहीं कोच का मानना है कि भांबरी पेरिस ओलंपिक के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, ''उसका खेल अच्छा है और उसे बड़े बदलाव की कोई जरूरत नहीं है। उसे केवल लय को बरकरार रखना होगा। अगर उसे बोपन्ना का जोड़ीदार बनने का अवसर मिलता है तो वह उसके लिए पूरी तरह से तैयार रहेगा।

# तीरंदाजी विश्व कप : भारत ने ओलंपिक चैंपियन कोरिया को हराकर जीता ऐतिहासिक स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शंघाई - भारतीय पुरुष रिकर्व टीम के धीरज बोम्मदेवरा, तरुणदीप राय और प्रवीण जाधव ने मौजूदा ओलंपिक चैम्पियन दक्षिण कोरिया को पछाड़ते हुए यहां 14 साल बाद तीरंदाजी विश्व कप में ऐतिहासिक जीत हासिल की। यह विश्व कप के अंतिम मुकाबले में भारतीय पुरुष रिकर्व टीम की पहली जीत है और इससे आगामी पेरिस ओलंपिक में जगह पक्की करने की उनकी संभावनाओं को बल मिलेगा।

धीरज, तरूणदीप और प्रवीण की तिकड़ी ने शानदार धैर्य दिखाते हुए एक भी सेट गंवाए बिना बेहद मजबूत कोरियाई खिलाड़ियों से बेहतर प्रदर्शन किया। सेना के 40 साल के तरूणदीप अगस्त 2010 में शंघाई विश्व कप के चौथे चरण में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे। तब राहुल बनर्जी, तरूणदीप और जयंत की रिकर्व टीम ने जापान को हराया था। स्पर्धा की शीर्ष दो वरीयता प्राप्त टीमों के मुकाबले में भारत ने 5-1 (57-57, 57-55, 55-53) से जीत हासिल की।

मौजूदा विश्व कप में भारत का यह पांचवां स्वर्ण पदक है। इस शानदार सफलता के बाद अंकिता भकत और धीरज की रिकर्व मिश्रित टीम ने भी कांस्य पदक जीतकर भारतीय दल की खुशी में इजाफा किया। भारतीय जोड़ी ने मेक्सिको की एलेजांद्रा वेलेंशिया और मटियास ग्रांडे की जोड़ी को 6-0 (35-31, 38-35, 39-37) से शिकस्त दी।

मां बनने के बाद खेल से दूर रही अनुभवी दीपिका कुमारी महिला रिकर्व के व्यक्तिगत फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सकी। उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। विश्व रैंकिंग की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ने 30वीं वरीयता प्राप्त होने के बाद प्रतियोगिता में काफी नीचे से शुरुआत की थी। उन्होंने क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल में दो कोरियाई खिलाड़ियों को बाहर का रास्ता दिखाया लेकिन फाइनल में दीपिका हांग्झोउ एशियाई खेलों की चैंपियन लिम सिह्योन से सीधे सेटों में 6-0 (26-27, 27-29, 27-28) से हार गईं।

खिताबी दौर में दीपिका की शुरुआत खराब रही और उनका दूसरा तीर सात-अंक वाले रिंग में लगा। उभरती हुई 20 साल की तीरंदाज लिम ने सिर्फ एक अंक गवां कर दूसरा सेट जीता और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। भारत ने इस वैश्विक आयोजन से आठ पदक (पांच स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य) जीते।

पुरुष टीम के फाइनल में भारत का मुकाबला उस कोरियाई टीम से था जिसके दो खिलाड़ी तोक्यो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता टीम के सदस्य थे। कोरियाई टीम में स्वर्ण पदक विजेता किम वूजिन और किम जे डेओक के अलावा ली वू सियोक तीसरे सदस्य थे। भारतीय तिकड़ी ने धैर्यपूर्ण प्रदर्शन किया और शुरुआती सेट में तीन बार 10 अंक वाले निशाने के साथ के साथ कोरिया की बराबरी की। इसमें से दो एक्स (निशाने के क्रेंद के करीब) के साथ 9 अंक वाले तीन निशाने शामिल थे। इस सेट में दोनों टीमों ने 57-57 अंक बनाए।




भारत के शानदार खेल से कोरियाई टीम दबाव में आ गई और उसके तीरंदाजों ने दो बार आठ अंक वाले निशाने लगाए। इसके उलट भारतीयों ने छह तीरों से तीन एक्स सहित 10 अंक वाले चार निशाने लगाए और दूसरा सेट 57-55 से जीत कर 3-1 की बढ़त ले ली। तीसरे सेट में कोरिया के प्रदर्शन में और गिरावट आई और टीम सिर्फ 53 अंक ही बना सकी। भारतीय तीरंदाजों ने धैर्यपूर्ण खेल के साथ 55 अंक बनाए और 2010 के बाद पहली बार पुरूष वर्ग का टीम खिताब जीता।




## 17 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक कारोबारी गिरफ्तार

हजारीबाग - कोर्रा पुलिस ने 17 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया है। यह जानकारी सदर एसडीपीओ कुमार शिवाशीष ने दी। उन्होंने बताया कि एसपी अरविंद कुमार सिंह को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि चतरा से एक व्यक्ति स्पैलन्डर मोटरसाईकिल संख्या जेएच-13एच-0685 से कोर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत सियारी चौक के समीप ब्राउन शुगर की बिक्री करने के उद्देश्य से आ रहा है। उक्त सूचना के आलोक में एक छापामारी दल का गठन किया गया। फिर उक्त छापेमारी दल उक्त चौक पर गुप्त रुप से निगरानी रखने लगी। निगरानी के क्रम में एक संदिग्ध व्यक्ति को छापेमार दल में शामिल पुलिसकर्मियों ने पकड़ लिया। उक्त व्यक्ति के पास से एक सफेद रंग के प्लास्टिक में नशीली मादक पदार्थ ब्राउन शुगर करीब 17 ग्राम बरामद हुआ। जो छोटी बड़ी पुड़िया एवं प्लास्टिक में भरा हुआ था।पुछने पर उसने अपना नाम चतरा जिला के पत्थलगड्डा थाना नावाडीह निवासी लक्ष्मण कुमार बताया। उसने अपने स्वीकार्यक्ति बयान में कहा है कि वह चतरा के विभिन्न डीलरो से ब्राउन शुगर को खरीद कर हजारीबाग शहर के छात्रों एवं युवाओं को ऊँचे दामों पर बिक्री करते हैं। पुलिस ने बरामद अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर, मोबाइल एवं मोटरसाईकिल को विधिवत जप्त करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत कोर्रा थाना काण्ड संख्या 64/24 दर्ज किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

## अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई दो की मौत

**बालूमाथ ।** बालूमाथ-पाँकी मुख्य पथ पर मेराल ग्राम के पास सोमवार की अहले सुबह एक अनियंत्रित कार पेड़ से जा टकराई ।जिससे उसमें सवार दो लोगो की मौत हो गयी ।घटना के सबंध में मिली जानकारी के अनुसार लवनाथ सिंह 56 वर्ष पिता केदार सिंह ग्राम बरकट्ठा हजारीबाग निवासी एवं ऋतिक कुमार 21 वर्ष बीजेंद्र सिंह ग्राम होलंगगढ़ा ऊटा जिला चतरा निवासी दोनों मध्य प्रदेश में रहकर काम करते है ।जहां से वे लोग कार जेएच02बीएफ3101 से अपने घर जा रहे थे ।इसी दौरान मेराल मोड़ के समीप अनियंत्रित होकर एक पेड़ में टक्कर मार दिया ।घटना के बाद हेरहंज पुलिस की मदद दोनों घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टर धुर्व कुमार ने जांचोपरांत के बाद दोनो को मृत घोषित कर दिया ।जिसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया ।वही घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है ।प्राप्त जानकारी के अनुसार लवनाथ सिंह मध्यप्रदेश के सिंगरौली में रहकर कोलियरी में सीसीएल में काम करते थे ।वही ऋतिक कुमार लवनाथ सिंह के दामाद जो एलाआईसी डेबलपमेंट ऑफ़िसर है उसके साथ काम करता था ।

## पूर्व विधायक जानकी यादव समर्थकों के साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा का थामा दामन

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता कोडरमा** झारखंड मुक्ति मोर्चा अध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय के नेतृत्व में बरकट्ठा के पूर्व विधायक प्रोफेसर जानकी यादव अपने समर्थकों के साथ गिरिडीह में झारखंड के मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री चंपाई सोरेंन एवं पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी सह गांण्डेय विधानसभा उम्मीदवार कल्पना सोरेन, तथा इंडिया गठबंधन के नेताओं की उपस्थिति में झामुमो पार्टी का दामन थामा। इस संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन के विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुआ हूं। साथ ही उन्होंने कहा कि आज लोग भाजपा के शासन से तंग आ गए हैं और पूरे देश में व्याप्त बेरोजगारी चरम सीमा पर है, इसी को देखते हुए आज हमने झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी का दामन थाम लिया है। मुझे विश्वास है कि आने वाले दिन में झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा की नेतृत्व में सरकार बनेगी। मौके पर केंद्रीय समिति सदस्य बैजनाथ मेहता, झामुमो जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, मोहम्मद खलील, इस्लाम अंसारी, संदीप पांडेय, अशोक सिंह, मोहम्मद सद्दाम, रामप्रसाद सिंह, मोहम्मद नौशाद , पूर्व विधायक प्रतिनिधि महावीर यादव, विवेक गुप्ता हजारों के तादाद में लोग मौजूद थे।

# पत्र लेखन कर मतदाता जागरूकता अभियान का हिस्सा बने स्कूल के बच्चे

## पत्र के जरिए माता पिता से कहा खुद भी दें वोट और आस पास के लोगों को करें जागरूक



**हजारीबाग** - मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कटकमदाग प्रखंड के शोभा ज्ञान पब्लिक स्कूल में पोस्काड लेखन कार्यक्रम का आयोजन किया गया.चौथी क्लास से लेकर आठवीं क्लास के बच्चों ने पोस्टकार्ड लिखकर अपने माता पिता एवम परिवारजनों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया. इस दौरान बच्चों ने पत्र लिखकर बताया कि हरेक मत का कीमत क्या है.वोट करके स्वस्थ लोकतंत्र की नींव रखी जा सकती है. इस कारण हरेक व्यक्ति को वोट देना चाहिए. बच्चों ने यह भी बताया कि

ग्रामीण इलाकों में विकास कार्य तभी संपन्न हो सकते हैं जब जनप्रतिनिधि अच्छे हो. जनप्रतिनिधि चुनने का अधिकार मतदाताओं का है. इस कारण अपने क्षेत्र के विकास के लिए सही उम्मीदवार को मत देकर लोक सभा भेजे।

पोस्टकाड लेखन में बच्चों में भी उत्साह देखने को मिला. सभी विद्यार्थियों को विद्यालय की ओर से पोस्ट कार्ड उपलब्ध कराया गया. बच्चों ने अपने मन की बात को पोस्टकार्ड में लिखकर पोस्ट ऑफिस में पोस्ट भी किया. इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक अभिषेक ,शमशेर, अर्पिता सेठी, रिशु, शम्पा, राखी, नीरज पांडेय,का महत्वपूर्ण योगदान रहा। स्कुल की प्राचार्य मीनाक्षी सिन्हा ने बताया कि पूरे देश भर में लोकतंत्र का महापर्व मनाया जा रहा है. यह कोशिश की जा रही है अधिक से अधिक मतदाता मतदान केन्द्र पहुँचे. इसे देखते हुए एक छोटा सा प्रयास सुदूरवर्ती ग्रामीण स्कूल में किया गया है. जहां बच्चों ने पत्र लिखकर अपने माता पिता और परिजनों को मत के अधिकार और कर्तव्य के बारे में बताया है. साथ ही हाल के दिनों में मोबाइल के कारण चिट्ठी लिखने कि परंपरा भी खत्म हो गई थी. एक कोशिश की जा रही है ये बच्चे चिट्ठी लिखना भी सीखे. कुछ इसी उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन या आ गया.जहां दो सौ से अधिक बच्चों ने पोस्ट कार्ड लिखकर मतदाता जागरूकता अभियान का हिस्सा बने हैं।

## अधिसूचना जारी के साथ ही नाम निर्देशन का कार्य हुआ प्रारंभः डीईओ




**बोकारो।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज 29 अप्रैल 2024 को 06 गिरिडीह संसदीय लोकसभा क्षेत्र के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई। अधिसूचना जारी होने के साथ ही नाम निर्देशन का कार्य प्रारंभ हो गया है। उक्त बातें जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) विजया जाधव ने सोमवार को कहीं। वह समाहरणालय सभागार में आहूत संवाददाता सम्मेलन में सभी प्रिंट एवं ईलेक्ट्रानिक मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित कर रही थी। मौके पर पुलिस अधीक्षक पूज्य प्रकाश, निर्वाचन कोषांग के वरीय नोडल पदाधिकारी सह डीडीसी संदीप कुमार, सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह एसी मो. मुमताज अंसारी, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रतिभा कुजूर, मीडिया कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय, प्रभारी पदाधिकारी सह सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, नोडल पदाधिकारी श्री पंकज दूबे समेत अन्य उपस्थित थे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि, नाम निर्देशन करने की अंतिम तिथि 06 मई 2024 है। इस दौरान निर्धारित तिथि को किसी भी अभ्यर्थी द्वारा पूर्वा. 11.00 बजे से अपराह्न 3.00 बजे तक नाम निर्देशन पत्र निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय में दाखिल किया जा सकता है। Public holiday N.I Act 1881 के तहत घोषित तिथि को नाम निर्देशन दाखिल नहीं किया जा सकता है। नाम-निर्देशन का स्थल उपायुक्त, बोकारो का कार्यालय प्रकोष्ट होगा।

## तीन साइबर अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार




**बोकारो ,** पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार नगर पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में एक टीम गठित कर सेक्टर 9 बी,आवास संख्या 678 में कुछ संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा साइबर ठगी का कार्य किया जा रहा था , सूचना के आधार पर उक्त आवास में छापामारी कर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया ,इनके पास से अवैध फर्जी सिम जिससे लोगो से साइबर ठगी का कार्य किया करते थे ,विभिन्न बैंकों का क्रेडिट कार्ड ,सहित मोबाइल फोन बरामद किया गया ,ये लोगो को फर्जी कॉल कर के ओटीपी तथा अन्य डाटा लेते थे ,ओर उनके बैंक खाता से राशि को निकाल लेते थे।गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से चार मोबाइल सिम ,एक बायो मैट्रिक फिंगर स्कैनर ,सात फिनो पेमेंट बैंक खाता , कॉम्बो किट बंद लिफाफा सहित एक रेडमी मोबाइल बरामद किया गया ।गिरफ्तार अभियुक्तों में सागर कुमार ,रोहित कुमार दास ,धनजी शर्मा शामिल थे ,इस छापामारी दल में नगर पुलिस उपाधीक्षक आलोक रंजन,हरला थाना पुलिस निरीक्षक अनिल कच्छप ,हरला थाना पुलिस अवर निरीक्षक संजय कुमार राय ,सुनील कुमार सिंह ,अमरजीत कुमार ,रवि कुमार ,अजय प्रसाद आदि शामिल थे ,उक्त बात की जानकारी हरला थाना में प्रेस वार्ता आयोजित कर नगर पुलिस उपाधीक्षक आलोक रंजन ने दी ।




## उत्पाद विभाग ने बड़ी मात्रा में अवैध स्प्रिट सहित कई अन्य पदार्थ किए गए जब्त






**हज़ारीबाग़** - लोकसभा चुनाव-2024 के मद्देनजर जला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देशानुसार चौपारण थाना क्षेत्र में चौपारण थाना से पुलिस बल लेकर पडरिया, बैरियाटांड में बीरेंद्र यादव के घर पर छापेमारी की गई। बीरेंद्र यादव के घर एवं घर के अंदर बने तहखाना की तलाशी ली गई, तलाशी के क्रम में निम्न अवैध उत्पाद वस्तु बरामद किया।

बरामद पदार्थ

1) अवैध स्प्रिट कुल 27 जार (प्रत्येक जार 35 लीटर क्षमता) में 945 लीटर अवैध स्प्रिट.

2) Sterling B|, Royal Stag, Imperial Blue, McDowells Nov का स्टीकर करीब 3500पीस।

3) Sterling B|, Royal Stag, Imperial Blue, McDowells Nov का ढक्कन करीब 1900 पीस।

4) Sterling B|, Royal Stag, Imperial Blue, McDowells Nov का 110पीस खाली बोतल।

5) अवैध होलोग्राम 3 बंडल और 3लीटर कैरेमल सहित अवैध विदेशी शराब- 2.760 लीटर बरामद किया गया। वीरेन्द्र कुमार यादव एवं अन्य संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध फरार अभियोग दर्ज किया जा रहा है।

सात्विक प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड रांची झारखंड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक निभा रंजन सुमन द्वारा ग्राउण्डड फलोर, कुशवाहा कॉम्पलेक्स, बूटी मोड़, रांची से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राईवेट लिमिटेड कांटीटांड, नियर टेंडर बगीचा, रातु, रांची - 835222 झारखंड से मुद्रित । **संपादकः** निभा रंजन सुमन **रिपोर्टिंग-** 70337 77771 **विज्ञापन-** 7091094434, मनोज कुमार कपरदारः 977117 7585, फोन नंबर 0651 2913184 ईमेल : rexpressadvt@gmail.com, ranchiexpresshindi@ gmail.com(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) सभी प्रकार के विवादों का निपटारा रांची व्यवहार न्यायालय के क्षेत्राधिकार के अधीन किया जाएगा। आर एन आई नं. 4244/ 63